# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, मंगलवार, 14 जनवरी, 2025 | वर्ष 16 | अंक 256 | पृष्ठ 12 | मूल्य 1.50 रु.


# प्रयागराज महाकुंभ-2025 शुरू



## महाकुंभ पर पीएम मोदी का खास संदेश

लखनऊ। पीएम मोदी ने महाकुंभ की शुरुआत को भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वालों के लिए एक बेहद खास दिन करार दिया है। एक्स पर ट्वीट करते हुए कहा पौष पूर्णिमा पर पवित्र स्नान के साथ ही आज से प्रयागराज की पुण्यभूमि पर महाकुंभ का शुभारंभ हो गया है। हमारी आस्था और संस्कृति से जुड़े इस दिव्य अवसर पर मैं सभी श्रद्धालुओं का हृदय से वंदन और अभिनंदन करता हूं। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का यह विराट उत्सव आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे, यही कामना है।

### स्नान करने पहुंचे विदेशी श्रद्धालु-पर्यटक

### ब्राजील, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका एवं अन्य देशों से आईं महिलाएं

### महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलता रहेगा



प्रयागराज। संगम नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ 2025 की शुरुआत हो गई है। ये धार्मिक आयोजन अब तक का सबसे भव्य आयोजन साबित हो सकता है, जिसमें देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। महाकुंभ की शुरुआत पर विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में संगम नगरी प्रयागराज पहुंचे हैं। सोमवार (13 जनवरी) को पौष पूर्णिमा के अवसर पर ब्राजील से आई एक विदेशी महिला श्रद्धालु ने संगम में डुबकी लगाई और यहां के अनुभव को अद्भुत बताया। उन्होंने कहा भारत आध्यात्मिक केंद्र है, गंगा का जल काफी ठंडा है, लेकिन दिल गर्मजोशी से भरा है। वह मोक्ष की तलाश में पहली बार भारत आई हैं और लगातार योग का अभ्यास करती हैं।







## 40 करोड़ श्रद्धालु आएंगे

इस साल के महाकुंभ में 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस आयोजन में भाग लेने के लिए लाखों लोग त्रिवेणी संगम पहुंचे हैं और ये महाकुंभ 26 फरवरी तक जारी रहेगा। इस दौरान पवित्र स्नान के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।



## दुनिया भर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं

स्पेन से आई एक विदेशी श्रद्धालु ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने के बाद इसे भाग्यशाली अनुभव बताया। दक्षिण अफ्रीका से आए एक श्रद्धालु ने कहा कि यहां का माहौल बहुत सुंदर है और लोग खुशहाल और मिलनसार हैं। ये सब यह दिखाता है कि महाकुंभ न केवल भारत का बल्कि पूरी दुनिया का एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। यहां सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम भी काफी अच्छे तरीके से किया गया है। 'आई लव इंडिया' कहकर भारत के प्रति सम्मान जताया और कहा मेरा भारत महान।

## जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन, पीएम नरेन्द्र मोदी बोले..

# 'पर्यटन और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण'



जम्मू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में जेड-मोड़ सुरंग परियोजना का उद्घाटन कर दिया है। इस सुरंग को जम्मू-कश्मीर समेत पूरे भारत के लिए रणनीतिक ग्रुप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सुरंग के उद्घाटन के दौरान पीएम मोदी के साथ में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे। जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन के बाद आम लोगों और भारतीय सेना को भी बड़े स्तर पर फायदा होने जा रहा है




### कहां है यह सुरंग

जेड-मोड़ सुरंग परियोजना मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में गगनगीर और सोनमर्ग के बीच बनाई गई है। ये सुरंग समुद्र तल से 8,650 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। सुरंग को दोनों दिशाओं के यातायात के लिए तैयार किया गया है। ये सुरंग भूस्खलन और हिमस्खलन वाले रास्तों से अलग लेह के रास्ते श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगी।

### क्या है फायदा?

6.5 किलोमीटर लंबी जेड-मोड़ सुरंग की मदद से लोगों के लिए पर्यटक स्थल तक पूरे साल पहुंचना सुलभ हो जाएगा। जेड-मोड़ सुरंग के निर्माण पर 2,717 करोड़ रुपये की लागत आई है। सुरंग की मदद से श्रीनगर और लद्दाख के बीच साल भर निर्बाध यातायात सुनिश्चित होगा। हिमस्खलन-संभावित क्षेत्रों को दरकिनार करते हुए जेड-मोड़ सुरंग यात्रियों के लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराएगी।

## जनता-सेना दोनों का फायदा

जेड-मोड़ सुरंग की मदद से जम्मू-कश्मीर में शीतकालीन और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा तो मिलेगा ही इसके साथ ही स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। सुरंग श्रीनगर से लेह तक स्थानीय कृषि वस्तुओं की निर्बाध आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है। पहले बर्फबारी के सीजन में इस क्षेत्र में सड़कें बंद हो जाती थीं और केवल 6 महीने तक ही पर्यटन हो पाता था। हालांकि, सुरंग बनने से अब सालभर पर्यटक आयेंगे। इसके साथ ही जेड-मोड़ सुरंग जरूरी सैन्य साजों-सामान की भी बिना रुकावट आपूर्ति के लिए अहमियत रखता है। इस सुरंग की मदद से हिमस्खलन के जोखिमों को कम करके जवानों को सुरक्षा भी मिलेगी।



## निवेशकों के 12 लाख करोड़ रुपए स्वाहा

नई दिल्ली। शेयर बाजार में आज फिर भारी गिरावट दिख रही है। बीएसई सेंसेक्स में 1000 अंक से अधिक गिरावट आई जबकि निफ्टी 500 अंक से अधिक गिर गया। अमेरिका में अप्रत्याशित रूप से मजबूत रोजगार रिपोर्ट ने फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में जल्द कटौती की उम्मीदों को कम कर दिया था। इस कारण इनकम में कमी की चिंताओं ने भारतीय बाजार की धारणा को प्रभावित किया। दोपहर बाद 2.30 बजे बीएसई सेंसेक्स 893.55 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,485.36 अंक पर ट्रेड कर रहा था जबकि निफ्टी इंडेक्स 321.10 यानी 1.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,110.40 अंक पर आ गया। बीएसई पर लिस्टेड सभी कंपनियों का मार्केट कैप 11.74 लाख करोड़ रुपए घटकर 418.57 लाख करोड़ रुपए रह गया। सभी प्रमुख सेक्टोरल सूचकांक में गिरावट आई है।

## गुलाबी नगरी में आज मचेगी पतंगबाजी की धूम

### मोदी, शाह, भजनलाल और गहलोत की पतंगें लड़ाएंगी पेंच

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** मकर संक्राति को लेकर जयपुर में पतंगबाजी का अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। इस बार संक्राति पर हवा का रुख पतंगबाजी के लिए अनुकूल रहेगा। हवा की गति 5 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटा रहने का अनुमान है और इसकी दिशा दक्षिण-पूर्व से पश्चिम की ओर रहेगी। हालांकि दिन में चार घंटे पतंगबाजी पर रोक रहेगी और एयरपोर्ट के आसपास एक किलोमीटर के दायरे में पतंग और लालटेन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

### अस्पतालों में विशेष इंतजाम

मकर संक्राति के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जयपुर के प्रमुख अस्पतालों में विशेष इंतजाम किए गए हैं। एसएमएस अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर को पूरी तरह से तैयार रखा गया है। न्यूरोसर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, प्लास्टिक सर्जरी और जनरल सर्जरी विभाग के डॉक्टर 24 घंटे सेवाएं देंगे। जयपुरिया हॉस्पिटल समेत अन्य अस्पतालों में भी डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है।

### राजनीतिक हस्तियों वाली पतंगें

कलाकार अब्दुल गफूर खान अपनी राजनीतिक हस्तियों की तस्वीरों वाली पतंगों के लिए चर्चा में हैं। अटलबिहारी वाजपेयी, नरेंद्र मोदी, भजनलाल, दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, अशोक गहलोत, सचिन पायलट जैसे नेताओं की तस्वीरों वाली पतंगें बनाकर वे इन्हें भेंट करते हैं। गफूर का कहना है कि पतंगें और नेता दोनों ही हवा के रुख के अनुसार दिशा बदलते हैं।

# भारतीय समाज में परिवार एक इकाई : सारस्वत

## मेवाड़ टॉक फेस्ट का दो दिवसीय तीसरा संस्करण राजसमंद में सम्पन्न




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** मेवाड़ टॉक फेस्ट का दो दिवसीय तीसरा संस्करण राजसमंद में सम्पन्न हुआ। इस फेस्ट में भारतीयता की झलक रही। फेस्ट के पहले दिन के पैनल डिस्कशन 'क्रिटिकल थिंकिंग इन डिजिटल एज' में सोशल मीडिया एक्सपर्ट योगेश ने कहा कि वर्तमान समय में समाज की सोचने, समझने व्यवहार करने पर सोशल मीडिया का बहुत प्रभाव है। सोशल मीडिया समाज में डिजिटल विभाजन पैदा हो रहा है, जिसके पीछे डीप स्टेट भी कार्य कर रहा है। अन्य पैनलिस्ट सोशल वर्कर मामराज, सोशल मीडिया एक्सपर्ट योगेश, इंफ्लुएंसर परिधि व स्कॉलर प्रवीण से मॉडरेटर शीतल ने चर्चा की। चर्चा में फेक नैरेटिव, सही कंटेंट को पहचाने की बारीकियों के साथ इकोसिस्टम जैसे विषय आए। मामराज ने बताया सकारात्मक कार्यों और समाज को जोड़ने के लिए भी सोशल मीडिया का अच्छा उपयोग है। इस अवसर पर निदेशक शुभम, बाल कलाकार भूमिका भट्ट व अभिनेत्री परिधि भटनागर अपने अनुभव युवाओं के साथ साझा किए। निर्देशक ने बताया कि अपने जीवन का बलिदान देने वाली 13 वर्षीय बालिका को शिक्षा की ज्योति जलाए रखने एवं अंग्रेजों के विरोध करने का साहस के कारण स्मरण किया जाता है। परिधि ने कहा कि सोशल मीडिया पर कंटेंट समाज निर्माण के उद्देश्य से होना चाहिए।

**क्रिएटिव वर्कशॉप :** समानांतर सत्र में आयोजित कार्यशालाओं में आईआईएमसी की प्रो संगीता प्रणवेन्द्र ने 'क्रिएटिव राइटिंग' पर कार्यशाला ली। उन्होंने कहा की प्रतिभागियों को प्रतिदिन के होने वाली घटनाओं को लिखने का तरीका सीखना चाहिए। पुस्तकों, कविता, कहानी, मूवी, लेख, पत्र-पत्रिकाओं को देखकर, सुनकर, पढ़कर मस्तिष्क में शब्दावली को बढ़ाना चाहिए। दूसरी कार्यशाला में रूचि श्रीमाली ने 'आर्ट ऑफ रीडिंग' में कैसे पढ़ा जाए। पढ़ने में एकाग्रता कैसे लाई जाएं। पुस्तकों का चयन कैसे किया जाए जैसी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। दूसरे पैनल डिस्कशन सत्र 'शक्ति की अभिव्यक्ति' में समाज में महिलाओं की शक्ति को उजागर करने के लिए करणीय कार्यों पर प्रकाश डाला। समाजशास्त्री ऋतु सारस्वत ने कहा कि भारतीय दर्शन में महिलाएं प्रथम सम्मानित रही। विदेशी आक्रमण से भोग व दमन का कुंठित विचार आया। इस सत्र में शिवानी स्वर्णकार और विधि विशेषज्ञ ललित से रूचि ने चर्चा संचालन किया। प्रेरक सत्र में जेएनयू प्रोफेसर राजेश जांगिड़ ने विद्यार्थियों को एकेडमिक एवं एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस को लेकर मार्गदर्शन दिया। विश्व पटल पर भारत में रक्षा विशेषज्ञ अभिनव से वार्ता करते हुए कमलेश शर्मा ने सत्र का समन्वय किया। फेस्ट में विशेष रूप से राज पुस्तक मंडप सजाया गया, जिसमें 3000 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध रही। जिनमें 700 से अधिक टाइटल थे।

**नाटिका में जीवंत हुए स्वामी विवेकानंद :** स्वामी विवेकानंद जयंती की पूर्व संध्या पर स्वामी विवेकानंद पर एक प्रभावी नाटिका का मंचन हुआ। नाटिका में शिकागो की धर्म संसद में दिए स्वामीके भाषण को जीवंत रूप देने के साथ ही स्वामी जी जीवन की प्रमुख घटनाओं का मंचन किया गया।

## मकर संक्रांति पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** मकर संक्रांति को लेकर मंगलवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। पंच मुखी हनुमान नंदी गोशाला में गौमाता ओर नंदी भगवान को भोजन करवाया जाएगा। इस अवसर पर गोभक्त दिलीप पालीवाल के मुखारविंद से गौमाता के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही तुलादान कार्यक्रम होगा। गौमाता ओर नंदी भगवान को घी से बनी 251 किलो लापसी का भोग लगाया जाएगा। गौमाता ओर नंदी भगवान को हरा चारा, जो, रज्का जिमाया जाएगा। सभी गौभक्तओ के भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

# मेधावी छात्राओं को दी स्कूटियां



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** लोहिया महाविद्यालय में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी छात्रवृति योजना काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत जिले में उच्च शिक्षा में नियमित अध्ययनरत मेधावी छात्राओं को विधायक हरलाल सहारण ने स्कूटी वितरित की। कार्यक्रम के तहत सत्र 2023-24 की कुल 455 स्कूटियां जिले की मेधावी छात्राओं को वितरित की जाएगी। जिसमें 435 स्कूटियां काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत एवं 20 स्कूटियां देवनारायण स्कूटी योजना के तहत वितरित की जा रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. मंजु शर्मा ने की। इस अवसर पर उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचन्द राहड़, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि राज्य सरकार छात्राओं के उच्च शिक्षा एवं कैरियर निर्माण के प्रति संवेदनशील है। ये स्कूटियां छात्राओं को इसलिए प्रदान की हैं कि ताकि ये मेधावी छात्राएं इन स्कूटियों का अपनी उच्च शिक्षा पूर्ण करने एवं उच्च शिक्षा में अपना उज्ज्वल भविष्य बनाने में सदुपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि छात्राओं को उच्च शिक्षा में उत्तरोत्तर उन्नति करनी चाहिए ताकि वे अपने माता-पिता एवं महाविद्यालय का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. मंजु शर्मा ने महाविद्यालय में आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के निर्माण के लिए 70.00 लाख रुपये की डीएमएफटी मद से स्वीकृति प्रदान करवाने के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। साथ ही विधायक की ओर से महाविद्यालय में मीठे पानी के लिए कुंड निर्माण एवं महाविद्यालय में पानी की आपूर्ति के लिए नलकूप निर्माण के आश्वासन पर प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. सुमेर सिंह ने किया।

# राज्य स्तरीय पण्डित श्री राम शर्मा आचार्य उत्कृष्ट सेवा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अलवर गायत्री शक्तिपीठ पर उक्त समारोह आयोजित किया गया। जिसमें चूरू जिले से 7शिक्षक गण सम्मानित हुए। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सक्रिय रूप से भाग लेने और मानवता के लिए विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रति वर्ष राज्य स्तर पर प्रत्येक जिले से चयनित शिक्षकों को गायत्री परिवार द्वारा सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष चूरू जिले से विश्व नाथ भाटी प्रधानाचार्य रा उच्च मा वि कोहिना, पूर्णा राम माहिच प्रधानाचार्य रा उच्च मा वि जोड़ी, सीमा शर्मा व्याख्याता श्रीमती भगवान देवी भुवालका राजकीय बालिका उच्च मा वि रतनगढ़, नथु राम सैन व्याख्याता रा उच्च मा वि साडासर, संदीप शर्मा व अ रा उच्च माध्यमिक विद्यालय दूंकर, दिनेश मरोलीया व अ रा उच्च मा वि रतनपुरा और किशन सिंह राठौड़ अध्यापक रा उच्च मा वि परसनेऊ को सम्मानित किया गया। इन्हें शान्तिकुन्ज हरिद्वार से पधारे भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के राष्ट्रीय संयोजक राम यश तिवारी, राजस्थान के प्रभारी रमा कांत आमेटा, जयपुर के प्रभारी उमेश कुमार माथुर व अलवर के गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी एवं परिजनों द्वारा शॉल, प्रतीक चिन्ह, साहित्य एवं प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

# प्रशासनिक अधिकारियों के सानिध्य में शुरू हुआ स्वच्छता अभियान



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** चारभुजा कस्बे में तीन दिवसीय साफ सफाई अभियान की शुरुआत की गई। चारभुजा ग्राम पंचायत के सरपंच धर्मचंद सरगरा ने बताया कि कस्बे में जगह-जगह पर कचरे की ढेर एवं मंदिर के मुख्य मार्ग पर सफाई को लेकर हाल ही में राजसमंद जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा द्वारा क्षेत्र का दौरा कर कुंभलगढ़ विकास अधिकारी मांगीलाल, ग्राम विकास अधिकारी मनोहर मीणा सरपंच धर्मचंद्र सरगरा को निर्देशित किया था। जहां पर सोमवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत सफाई अभियान की शुरुआत चारभुजा के तहसीलदार पर्वतसिंह राठौड़, विकास अधिकारी मांगीलाल, उपखंड अधिकारी गोविंदसिंह द्वारा की गई। चारभुजा तहसीलदार पर्वत सिंह राठौड़ ने बताया कि तीन दिवसीय सफाई अभियान प्रारंभ किया है। जो मोराना चौराहा, बाईपास शुगर फैक्ट्री, बस स्टैंड, सेवंत्री रोड, मंदिर पार्किंग, मंदिर मार्ग एवं मंदिर चौक का तीन दिनों तक साफ-सफाई अभियान शुरू किया है।

# मेहंदी प्रतियोगिता में झलका उत्साह




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन पर माय भारत नेहरू युवा केंद्र संगठन स्वामी विवेकानंद युवा मंडल एवं स्वच्छ केलवा हरित केलवा की ओर से राष्ट्रीय युवा सप्ताह पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन जागनाथ महादेव मंदिर केलवा में किया गया। युवा मंडल अध्यक्ष लालूराम सिंधल ने बताया की युवाओं को विवेकानंद के मार्ग पर चलना चाहिए युवा में वह ताकत है जो राष्ट्र को समृद्ध राष्ट्र बना सकते हैं। छात्रा अध्यक्ष हंसा राठौर ने बताया कि कार्यक्रम में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान एंजल कोठारी, द्वितीय माही सांखला एवं तृतीय रिचिका सुथार रही। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान दिशा पालीवाल, द्वितीय रेखा राठौड़ एवं तृतीय किरण रजक ने प्राप्त किया। मंडल अध्यक्ष लालूराम सिंधल, छात्रा अध्यक्ष हंसा राठौर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना रजक, मंत्री रेखा राठौड़, उप मंत्री प्रीति साहू, सांस्कृतिक मंत्री रीचिका राठौर, स्नेहा माली, पायल माली, बीटू पंवार, किरण रजक, मोनिका प्रजापत, पायल खुशी, माही सांखला, चन्दा कोठारी, एंजल कोठारी, माही पालीवाल, ममता पालीवाल, दिशा पालीवाल, काव्या रजक आदि उपस्थित रहे।

# युवाओं ने पहुंचाया फिट इंडिया का संदेश




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

राजसमंद। नांदौली माय भारत, नेहरू युवा केन्द्र राजसमंद एवं श्रीकृष्णा नवयुवक मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानन्द की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई। घनश्याम पुर्बीया ने बताया कि 12 से 19 जनवरी तक राष्ट्रीय युवा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें मण्डल द्वारा रविवार को एक दिवसीय वालीबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नांदोली के खेल मैदान में कर युवाओं को फिट रहने का संदेश दिया दिया। पहला मैच श्रीकृष्ण नवयुवक मंडल नान्दोली व मेडतिया के बीच खेला गया। पहला सेमीफाइनल भाटोली व मेडतिया के बीच हुआ। जिसमें 2-0 से भाटोली जीत सेमीफाइनल मे पहुंची। दूसरा सेमीफाइनल एमडी व नाकली के बीच हुआ। जिसमें 2-1 से जीत कर एमडी फाइनल मे प्रवेश करा। फाइनल मैच मे एमडी व भाटोली के बीच हुआ। जिसमें एमडी ने 2-1 से जीत कर प्रतियोगिता जीती। इसमें मुख्य अथिति नेहरू युवा केन्द्र के कार्यक्रम सहायक हनुमंतसिंह चौहान, श्रीकृष्ण नवयुवक मंडल संस्थापक लक्ष्मण शर्मा, शारीरिक शिक्षक दिनेश पुर्बीया, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी, रघुनन्दन, मंडल उपाध्यक्ष शिवशंकर सालवी, मंडल खेल मंत्री अविनाश वैष्णव, राष्ट्रीय युवा अवॉर्डी शंकर, गायरी पुर्बीया, देशबंधु, दीपक सुथार, विनय पुर्बीया, भरत पुर्बीया आदि मौजुद थे।

# लाडेसर अभियान के तहत सर्वे, बच्चों को दिए गए पोषण किट



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** कस्बे के बालाजी बाईपास रोड स्थित वार्ड नंबर 19 मे आंगनबाड़ी केंद्र पर लाडेसर अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग सांभर लेक के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित कर सर्वे, बच्चों को पोषण किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास अधिकारी सपना मौर्य ने कि, जबकि कार्यक्रम में तहसीलदार कृष्णा कुमारी, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर बीनू पाठक, विकास अधिकारी भागीरथ मल मीणा मौजूद रहे। इस मौके पर सीडीपीओ सपना मोर्य ने अभियान लाडेसर के संबंध में जानकारी देते बताया कि बच्चों को कुपोषण से दूर रखने और उन्हें शारीरिक रूप से हष्ट पुष्ट बनाने की कामना के साथ जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र सोनी द्वारा शुरू किया गया अभिनव अभियान लाडेसर युद्ध स्तर पर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने अभियान के तहत लाडेसर योजना के माध्यम से शिशु व बाल वर्ग में कुपोषण के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी शिशु, बालकों व किशोरियों का सर्वे कर कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरण किए जा रहे है, तथा लगातार 3 माह तक प्रतिमाह एक किट का वितरण भामाशाह के सहयोग द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया गया है। ताकि कुपोषण श्रेणी से सामान्य श्रेणी में लाया जा सके तथा पोषण का कार्य आंगनबाड़ी स्तर पर विटामिन, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन व वसा आदि खाद्य पदार्थों से किया जाएगा, जिसमें 1 माह के खाद्यान्न किट का सहयोग शामिल है, जो सामाजिक सरोकार की भावना से उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस मौके पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने कहा कि आंगनबाड़ी द्वारा चलाया गया आज के समय की आवश्यकता है। तथा इस कार्यक्रम की सराहना करता हूं। इसी कड़ी में सांभर लेक नवरंगपुरा पंचायत समिति काजीपुरा पंचायत समिति पर भी लाडेसर अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं माता-पिता को अपने उत्तरदायित्व निर्वहन करने तथा बच्चों की पोषण स्थिति पर अधिक ध्यान देने की शपथ दिलवाई गई। तथा बीनू पाठक ने बताया कि अति कुपोषित बच्चों के लिए आशा सहयोगिनियों व कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया गया है।

# छात्राओं को स्वेटर वितरित



**चूरू।** अखिल भारतीय मैत्री मंच व मानवाधिकार सुरक्षा संगठन भारत के संयुक्त तत्वावधान में मंच की ऊर्जावान राष्ट्रीय संयोजिका डॉ शर्मिला सोनी के सानिध्य में स्नेहप्रभा जयकुमार शर्मा के आर्थिक सौजन्य से उनकी पुत्री कुमारी रुचिता शर्मा की पुण्य स्मृति में भूरमल मिश्र राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुजानगढ़ की जरूरत मन्द 51 छात्राओं को स्वेटर वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अजीत सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं प्राचार्या कमला शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच के संरक्षक ओंकार जी पारीक, परीक्षित माली, प्रियांश सोनी एवं विद्यालय के सेवानिवृत्त अध्यापक दीपाराम सांडेला मंचस्थ रहे। विद्यालय स्टाफ में सुमेर सिंह राठौड़, संतोष की सहयोगात्मक भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन भंवरलाल पांडर ने किया।

# न्यूज ब्रीफ

## राम मंदिर की पहली वर्षगांठ मनाई



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** मोही कस्बे के नरसिंह द्वारा आश्रम में बीती रात को भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को रामायण मंडल मोही के तत्वावधान में नर्सिंग द्वारा में 501 दीपक के साथ महा आरती का आयोजन किया गया। पंडित दिनेश खंडेलवाल ने राम दरबार का आकर्षक श्रृंगार कर ठाकुरजी को भोग लगाया गया। रात को मावली से रामा दल एवं भक्तों ने संगीतमय सुंदर काण्ड में सभी भक्तों को नाचने को मजबूर कर दिया। रामायण मंडल द्वारा सभी का बालाजी की छवि भेट कर सम्मान किया गया। दिग्विजयसिंह भाटी, भगवानसिंह चुंडावत, लक्ष्मणसिंह, उत्तम, नीरज, दिलीप, अरुण, पीरू, रमेश, दिनेश, शंकर, सोनू, राजू, रंजित, छोगालाल, अजय, मिथुन, राजू, भेरू, मुरली, सोनू, नरेश आदि राम हनुमान भक्त मौजूद रहे।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धीरासर में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अणुव्रत काव्य धारा व स्वेटर वितरण कार्यक्रम-राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धीरासर चारणान में अणुव्रत समिति के द्वारा विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण का कार्यक्रम रखा गया जिसमें समिति के अध्यक्ष रचना कोठारी व शकुंतला सारण द्वारा विद्यालय में विद्यार्थियों को 60 स्वेटर वितरित किए गये स्वेटर वितरण लक्ष्मीपति कमल, निर्मल, पवन, मनोज बेंगानी परिवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर अणुव्रत समिति चूरू की अध्यक्ष रचना कोठारी ने अणुव्रत का जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीवन में छोटे-छोटे नियमों द्वारा जीवन को कैसे अनुशासित व संस्कारित किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हरिप्रसाद टाक ने अणुव्रत समिति चूरू व स्वेटर वितरण करने वाले परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यार्थी को जीवन में अणुव्रत के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में मंच का संचालन श्री अजय पवार द्वारा किया गया इस अवसर पर भंवर लाल नायक, लीलू राम, गायत्री देवी तथा समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

## रतनगढ़ की बहू ने राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जीते दो स्वर्ण पदक




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से बीकानेर के डॉ. करणीसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में रतनगढ़ की नीलिमा (सुमित्रा) गोस्वामी ने दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक प्राप्त किया है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अविनाश कल्ला एवं सचिव केके शर्मा ने नीलिमा को पदक प्रदान किए। आगामी मार्च में गोवा में होने वाली राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए नीलिमा गोस्वामी पत्नी हेमंत गोस्वामी लगातार तीसरी बार राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी ने अपनी पुत्रवधू की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है।

## सत्यनारायण स्वामी व ओम प्रकाश मेघवाल पचमढ़ी से ए.एल.टी.कोर्स कर लौटने पर स्वागत

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** भारत स्काउट गाइड, राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी पर आयोजित ए.एल.टी. कोर्स में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय



जयपुर के द्वारा जिले के सत्यनारायण स्वामी वरिष्ठ अध्यापक एवं ओमप्रकाश मेघवाल अध्यापक का स्काउट सहायक लीडर ट्रेनर कोर्स के लिए चयन किया गया। यह स्काउट शिविर राष्ट्रीय भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र पंचमढ़ी मध्य प्रदेश में आयोजन हुआ। इस शिविर में श्री सत्यनारायण स्वामी व ओमप्रकाश मेघवाल सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट कोर्स का कर्तव्य निष्ठा जिम्मेदारियां समझकर व विभिन्न स्काउट कला कौशल पायनियरिंग एडवेंचर आदि का प्रशिक्षण लिया सर्दी में वहां आवासीय रहकर इस कोर्स में भाग लिया। दोनों शिक्षक चूरू पहुंचने पर जिले के सीओ स्काउट महिपाल सिंह तंवर ने दोनों का सफलता की अग्रिम हार्दिक बधाई देते हुए स्वागत किया तथा जिले के स्काउटर गोपाल लाल बैरवा मनीराम स्वामी करनी सिंह ओमप्रकाश मेघवाल विमल कुमार विजय सवामी भी हार्दिक अभिवादन किया।

## 'विवेकानन्द के बताए गए आदर्श को अपने जीवन में उतरें'

**सादुलपुर।** श्री एस. जे. डी. अग्रवाल तोला महिला पी. जी. कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया कार्यक्रम अधिकारी नंदिता जांगिड़ ने बताया कि कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर छात्राओं ने विवेकानंद जी से जुड़े रोचक व ज्ञानवर्धक प्रसंग सुनाए। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने विवेकानंद जी की जीवनी के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी।

भामाशाहों का सहयोग बनेगा आधार....स्वस्थ बचपन का सपना होगा साकार

# जयपुर जिले में हुआ लाडेसर अभियान का आगाज

## भामाशाहों के सहयोग से जयपुर जिला प्रशासन ने शुरू किया अभियान

## 5300 कुपोषित एवं 883 अति कुपोषित बच्चों को वितरित किया जाएगा लाडेसर किट




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए लाडेसर अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत स्वस्थ बचपन के सपने को साकार करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न दिशा में प्रयास किये जाएंगे।

महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक अरशदीप बरार ने बताया कि अभियान के तहत आगामी तीन माह तक प्रतिमाह जिले में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों में से चिन्हित 5300 कुपोषित एवं 883 अति कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हेतु भामाशाहों के सहयोग से जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में लाडेसर किट का वितरण करवाया जाएगा। अभियान के तहत कम एवं अति कम वजन वाले बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर निगरानी रखी जाएगी। जिला कलक्टर ने लाडेसर अभियान में अपनी बहुमूल्य भागीदारी निभाने वाले सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया है।

**पोषण से भरपूर है लाडेसर किट:-** लाडेसर किट की सामग्री में प्राकृतिक रूप से प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन्स, वसा, आयरन एवं अन्य पोषक तत्व शामिल किये गए हैं। पोषण किट की एक माह की खुराक के तहत लाडेसर खिचड़ी के लिए 250 ग्राम चनादाल, 250 ग्राम मोठ दाल एवं 1 किलोग्राम चावल तथा लाडेसर नाश्ते के लिए 250 ग्राम गुड़, 250 ग्राम मूंगफली एवं 500 ग्राम भूने हुए चने प्रदान किये जा रहे हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक अरशदीप बरार ने बताया कि लाडेसर किट आगामी तीन माह तक प्रति माह प्रत्येक पात्र लाभार्थी को वितरण की जायेगी, जिसकी मॉनिटरिंग जिला प्रशासन एवं उपनिदेशक स्तर से अधीनस्थ बाल विकास परियोजना अधिकारी के माध्यम से प्रति सप्ताह की जायेगी। लाडेसर किट के उपयोग की सुनिश्चितता हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों के माता-पिता से समझाइश की जाएगी एवं नियमित रूप से बच्चों की प्रति दस दिवस में वजन, ऊंचाई एवं लंबाई दर्ज की जाएगी।

## पशु कल्याण पखवाड़ा आज से

### पखवाड़े के तहत होगा विभिन्न गतिविधियों का संचालन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश में 14 जनवरी से 30 जनवरी 2024 तक पशु कल्याण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इस पखवाड़े के दौरान विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यों के साथ-साथ जीव जन्तुओं के प्रति प्रेम व दया भाव जाग्रत करने की दृष्टि से विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर आमजन को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। पशुपालन मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर पशुपालक गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा, जिसमें पशुपालकों को सामान्य रोगों की जानकारी के साथ पशु क्रूरता निवारण के उपायों, उचित पशु प्रबन्धन एवं पशु कल्याण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जायेगी।

सम्पूर्ण प्रदेश में बांझपन निवारण, पशु शल्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर अधिकाधिक संख्या में पशुओं को लाभान्वित भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पखवाड़े के दौरान पशु चिकित्सकों द्वारा राज्य की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में व्याख्यानों के माध्यम से जीव जन्तुओं के प्रति पशु क्रूरता निवारण पर जानकारी दी जायेगी। साथ ही शिक्षण संस्थाओं के सहयोग से पशु कल्याण विषय पर आधारित चित्रकला एवं वाद विवाद प्रतियोगितायें भी आयोजित की जायेंगी। जोराराम ने बताया कि पशु कल्याण पखवाडे के दौरान आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी सर्वोदय दिवस के अवसर पर राज्य में पशु पक्षियों का वध तथा मांस बिक्री अनिवार्य रूप से प्रतिबन्धित रहेगी।

# अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल: विधानसभा में होगा पेपरलैस कार्य

## विधायकों को आइपेड पर नेवा का प्रशिक्षण बुधवार को

### राजस्थान विधान सभा का प्रत्येक सदस्य करेगा सूचना तकनीक का उपयोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के अथक प्रयासों से सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के तीसरे सत्र के लिए विधायकगण विधान सभा सदन से संबंधित कार्यों में सूचना तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। विधायकगण नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन पद्धति से कार्य सम्पादित करेंगे। ऑनलाइन कार्य सम्पादन में उत्कृष्टता लाने के लिए विधायकगण बुधवार 15 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे से सदन में आइपेड पर भौतिक प्रशिक्षण भी लेंगे।

अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि राजस्थान विधान सभा के सदन को नये कलेवर में तैयार किया गया है। सदन में विधायकगण की सीटों पर आइपेड लगाये गये हैं। अब राजस्थान विधानसभा को पेपरलैस बनाने की दृष्टि से सोलहवीं विधानसभा के तृतीय सत्र से नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) लागू किया जाएगा। विधानसभा का प्रत्येक सदस्य इस एप्लिकेशन के माध्यम से सदन से जुडी सभी जानकारी आईपेड पर देख सकेंगे। देवनानी ने बताया कि विधायकगण मोबाइल से भी नेवा एप्लिकेशन एप द्वारा विधान सभा को ऑनलाइन प्रश्न प्रेषित कर सकते है। राजस्थान विधान सभा का सदन हाइटेक हो रहा है। सदन से संबंधित कार्य ऑनलाइन सम्पादित हो रहे है।

**नेवा के तहत विधान सभा को प्राप्त हुए 800 प्रश्न :-** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) के तहत विधान सभा को तारांकित और अतारांकित प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हो रहे हैं। अभी तक विधान सभा को 800 प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हो गए है। उन्होंने बताया कि गत 9 जनवरी को नेवा पर पहला प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हुआ था। देवनानी ने कहा कि अब राजस्थान के सभी विधायकगण विधानसभा को नेवा पर ऑनलाइन प्रश्न भेज रहे हैं। विधायकगण द्वारा विधान सभा संबंधी कार्यों के सम्पादन में सूचना तकनीक के उपयोग किये जाने पर अध्यक्ष देवनानी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि राजस्थान प्रदेश के लिए यह शुभ संकेत है।

**विधानसभा अध्यक्ष देवनानी की मकर संक्रांति पर शुभकामनाएं:-** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मकर सक्रांति के पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। देवनानी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि भारतीय परम्परा में मकर सक्रांति का विशेष महत्व है। इस दिन सूर्य उत्तरायण में आता है। मकर संक्रांति का पर्व पर जप, तप, दान, स्नान का विशेष महत्व होता है।

**पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ पहाड़िया को 15 जनवरी को विधानसभा में दी जायेगी पुष्पाजंलि:-** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ पहाड़िया को उनकी जयन्ती पर पुष्पाजंलि दी जावेगी। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बुधवार को विधान सभा के प्रथम तल स्थित पूर्वी लॉज में स्व. पहाडिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे।

**नाम परिवर्तन**

मैं अनिल कुमार मेघवाल पुत्र श्री भंवर लाल जाति मेघवाल निवासी वार्ड संख्या 31 नया, नजदीक आर्य पब्लिक स्कूल, ओम कॉलोनी, चूरू तहसील व जिला चूरू का हूं जो कि शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम निक्षित भिंभरिया (NIKSHIT BHIMBHRIYA) है जिसकी जन्म तिथि 15.07.2016 है पिता का नाम अनिल कुमार मेघवाल (ANIL KUMAR MEGHWAL) व माता का नाम संगीता (SANGEETA) है जो सही एवं सत्य है। यह कि मेरा पुत्र कक्षा 2 का छात्र है जिसके स्कूल रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम निक्षित व पिता का नाम अनिल गलती से अंकित हो गया है। अब मैं मेरे पुत्र का नाम व पिता का नाम संशोधन करवाना चाहता हूं। यह कि मेरे पुत्र के स्कूल के रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम निक्षित भिंभरिया (NIKSHIT BHIMBHRIYA) व पिता का नाम अनिल कुमार मेघवाल (ANIL KUMAR MEGHWAL) सही व सत्य दर्ज किया जावे।

## मकर संक्रान्ति पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मकर संक्रान्ति (14 जनवरी) पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल बागडे ने अपने संदेश में कहा है कि मकर संक्रांति जीवन के उजास का प्रतीक पर्व है। सूर्य की आराधना का यह पर्व हमें जीवन में सकारात्मक सोच रखते हुए आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करता है। बागडे ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि संक्रांति पर पतंग उड़ाते समय चाइनीज मांझे का प्रयोग नहीं करें। उन्होंने इस पर्व पर सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य, सौभाग्य और समृद्धि की कामना की है।

पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2025

### बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियाँ और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित

# राज्य सरकार सहकारिता के क्षेत्र में प्रतिबद्धता के साथ कर रही कार्य: गौतम कुमार दक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के प्रभावी नेतृत्व में राज्य सरकार सहकारिता के क्षेत्र में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अपने पहले ही बजट में किसान सम्मान निधि देने का वादा किया था। राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि' योजनान्तर्गत 65 लाख से अधिक कृषकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से कुल 653.40 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए है।



सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री दक एवं राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत की अध्यक्षता में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2025 के तहत सोमवार को सहकार भारती जोधपुर महानगर की ओर से बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋृण सहकारी समितियाँ (पैक्स )और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दक ने कहा कि देश का समग्र आर्थिक विकास सहकारिता के माध्यम से ही सम्भव है। इस दिशा में प्राथमिक कृषि ऋृण सहकारी समितियों (पैक्स) को बहुउद्देशीय पैक्स के रूप में कार्य करने हेतु प्रेरित करने का केंद्र सरकार का यह निर्णय एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

सहकारिता मंत्री दक ने कहा कि सहकारिता आंदोलन जन-जागरण और सामाजिक परिवर्तन का पवित्र और उत्तम साधन बना रहे, यही इसकी मूल भावना है। सहकार भारती सहकार जगत की अखिल भारतीय प्रतिनिधि संस्था के रूप में कार्यरत है। यह समर्पित, ध्येयनिष्ठ, ईमानदार, संस्कारयुक्त, सेवाभावी कार्यकर्त्ताओं का संगठन है। उन्होंने कहा कि सहकार भारती एक अर्थ में केवल संस्था ही नहीं वरन् समाज परिवर्तन की दिशा में प्रयत्नशील एक खुला मंच है।

राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय बना कर उन्हें ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास की धुरी के रूप में सक्षम बनाने हेतु लिए गए नीतिगत निर्णयों तथा सहकारिता क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे अन्य नवाचारों की जानकारी दी। साथ ही, सहकार भारती द्वारा पैक्स के संवर्धन, विकास और सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इस दौरान सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने उत्सव में केंद्रीय पंडाल का अवलोकन किया। साथ ही, उन्होंने प्रदर्शित उत्पादों व मॉडल्स इत्यादि की जानकारी लेकर लोगों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर विधायक सूरसागर देवेंद्र जोशी, पश्चिमी राजस्थान में कार्यरत पैक्स के पदाधिकारियों और सदस्यों, सहकारिता क्षेत्र में रुचि रखने वाले सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल जोबनेर, जिला-जयपुर**

क्रमांक / न.पा.जो. / 2024-25 / 2097 दिनांक 10.01.2025

**निविदा सूचना**

उपयुक्त श्रेणी कि सभी पंजीकृत ठेकेदारों को सुचित किया जाता है कि नगर पालिका जोबनेर द्वारा कुल 2 कार्यो की आमंत्रित निविदा सम्बंधित शर्ते व अन्य विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in and eprocrajasthan से एंव कार्य दिवस में कार्यालय समय में पालिका कार्यालय से देखा व प्राप्त किया जा सकता है। निविदा कार्यो के युबीएन नम्बर निम्न प्रकार है :- 1. DLB2425WSOB14833, 2. DLB2425WSOB14835

राज.संवाद / सी / 24 / 10229 अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगर निगम, जयपुर हैरिटेज**

हवामहल के पीछे, पुराना पुलिस मुख्यालय, बड़ी चौपड़, जयपुर

क्रमांक :- एफ8( )/उपा.गै./जननि/2024-25/491 दिनांक :- 10/01/2025

**ई-निविदा सूचना क्रमांक :- 30-35/2024-25**

नगर निगम जयपुर हैरिटेज के विभिन्न कार्यो हेतु पंजीकृत फर्म्स से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.jaipurmcheritage.org, www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के UBN No. JMC2425WSOB01120 to JMC2425WSOB01125 देखी जा सकती है।

उपायुक्त (गैराज)
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

राज.संवाद/सी/24/10291

**कार्यालय अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग परियोजना खंड-सिरोही**

(Email-eeprojsirohi@gmail.com)

क्रमांक:-खण्ड/सिरोही/निविदा/ /2024-25/1442 दिनांक:-3/1/25

**बिड आमंत्रण सूचना ( NIB ) संख्या 01/2024-25**

**PHE2425A3809**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु लोक निर्माण और वित्तीय नियम के पार्ट-I नियम 334 (ए) (iii) के तहत रू. 150.00 लाख तक की निविदाओं हेतु केवल जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत एवं इससे अधिक लागत की निविदाओं हेतु जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं हेतु नियमानुसार छूट के साथ एवं केन्द्र/राज्य सरकार के अधिकृत विभागों/संगठनों, केन्द्रिय लोकनिर्माण विभाग, रेल, डाक, दूरसंचार विभागों में उपयुक्त समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से पूर्ण धरोहर राशि के साथ ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निम्न ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है:-

| बिड संख्या 01/ | UBIN No. | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (लाख रू.) 2 प्रतिशत | बिड शुल्क (रूपयें) | ई-प्रक्रिया शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024-25 | PHE2425WSOB08049 | 100.00 | 200000/- | 500/- | 500/- | 12 Months |

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन बिड उपलब्ध होने की तिथि | 07/01/2025 |
| ऑनलाईन बिड डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 20/01/2025 को 6.00 पी.एम. |
| ऑनलाईन बिड खोलने की तिथि | 21/01/2025 को 11.00 पी.एम. |

बिड से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org, sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

(प्रमोद कुमार), अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,
परियोजना खण्ड - सिरोही

DIPR/C/416/2025

# मिनरल एक्सप्लोरेशन और वोल्यूमेट्रिक असेसमेंट क्षेत्र के विशेषज्ञ 16 जनवरी को जयपुर में जुटेंगे: टी. रविकान्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** देश व प्रदेश के मिनरल एक्सप्लोरेशन विशेषज्ञ और वाल्यूमेट्रिक आकलन में ड्रोन सर्वे तकनीक विशेषज्ञ 16 जनवरी को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जुटेंगे। प्रमुख शासन सचिव माइंस, भूविज्ञान एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया कि प्रदेश में इस तरह का यह पहला व सकारात्मक प्रयास होगा जिसका सीधा लाभ प्रदेश के माइनिंग सेक्टर के साथ ही इस सेक्टर से जुड़े स्टेक होल्डर्स को भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में केन्द्र व राज्य के सरकारी, सरकारी उपक्रमों के साथ ही निजी क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे विशेषज्ञों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

टी. रविकान्त ने बताया कि कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से राजस्थान के माइनिंग परिदृश्य और वोल्यूमेट्रिक असेसमेंट से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतिकरण दिए जाने के साथ ही खुली चर्चा होगी। पहले एक्सप्लोरेशन पर विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतिकरण दिये जाएंगे वहीं लंच बाद के सेशन में ड्रोन सर्वे से संबंधित प्रस्तुतिकरण व अनुभवों को साझा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वोल्यूमेट्रिक ड्रोन सेशन के नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक माइंस बीएस सोढ़ा को बनाया गया है और एक्सप्लोरेशन सेशन के लिए अतिरिक्त निदेशक भूविज्ञान आलोक प्रकाश जैन को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 16 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की।

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि केन्द्र सरकार के माइंस मंत्रालय के निदेशक द्वारा जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के संजय सिंह द्वारा क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक मिनरल सिनेरियों ऑफ राजस्थान, जीएसआई के उत्तम कुमार प्रधान द्वारा पश्चिमी राजस्थान में पोटाश के भण्डार, हैदराबाद और बैंगलोर के विशेषज्ञों द्वारा मिनरल एक्सप्लोरेशन रणनीति पर मंथन होगा। एनएमईटी के जयंत गुप्ता द्वारा एक्सप्लोरेशन गतिविधियों पर एनएमईटी कोष का उपयोग, आरसीएम आईबीएम के चन्द्रेश कुमार बोहरा, क्यूसीआई एनएबीईटी के डॉ. एके झा द्वारा एक्सप्लोरेशन लाइसेंस संबंधित प्राबधान साझा किये जाएंगे। एमईसीएल, इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस, एटोमिक मिनरल डिपार्टमेंट के साथ ही केन्द्र सरकार की एंपेनल्ड निजी क्षेत्र की एक्सप्लोरेशन संस्थाएं और विभाग के अधिकारियों की भागीदारी तय की जा रही है।

रविकान्त ने बताया कि वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर लीज धारकों से सीधे संवाद में राजस्थान अप्रधान खनिज रियायती नियमों में ड्रोन सर्वे प्रावधान, आइडिया फोर्ज द्वारा खनन में ड्रोन सर्वे का अनुप्रयोग, इंस्टाडिजाइन द्वारा ड्रोन से प्राप्त डेटा का खदान प्रबंधन में विशेषज्ञों द्वारा विश्लेषण, गरुड सर्वे द्वारा ड्रोन सर्वे के माध्यम से खनन में उत्खनन का वोल्यूमेट्रिक आकलन और एपीएसएल साल्यूशन द्वारा उत्खनन में ड्रोन सर्वे तकनीक और स्फेयर द्वारा डीजीसीए द्वारा ड्रोन सर्वे लाइसेंस के दिशा-निर्देश और प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि विशेषज्ञों और स्टेक होल्डर्स को साझा मंच उपलब्ध कराने से प्रदेश के माइनिंग सेक्टर को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि आज प्रदेश का माइनिंग सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है और प्रयास किये जा रहे हैं कि देश दुनिया की नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए लॉस माइनिंग सेक्टर को बढ़ावा दिया जा सके।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**पतंग उड़ाते समय रहे ध्यान**

**रेलवे लाइन पास हुई तो जा सकती है जान**




**कृपया ध्यान दें**

- रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण हो जाने से धातु निर्मित मांझे के तारों के साथ सम्पर्क में आने के कारण करंट लग सकता है।
- रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण होने से दोनों दिशाओं से ट्रेन आ सकती है जिससे दुर्घटना की आशंका हो सकती है।
- बच्चों को रेलवे ट्रैक के बीच में आसपास पतंग ना उड़ाने दें।
- आपकी सावधानी ही आपका बचाव है।

36-AJ/25

रेलवे लाईन (ट्रैक) को निर्धारित स्थान के अलावा पार करना रेलवे अधिनियम की धारा 1989 के तहत दण्डनीय अपराध है। ऐसा करने पर रेलवे अधिनियम की धारा 147 के प्रावधानों के तहत 6 माह का कारावास या 1000 रु. का जुर्माना अथवा दोनों दण्ड का प्रावधान है।

**जागरूक टाइम्स**

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com

# श्री खोले के हनुमान मंदिर में राधाकृष्ण मंदिर का प्रथम पाटोत्सव मनाया





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** श्री खोले के हनुमान मंदिर परिसर में स्थित प्रेमभाया व श्री राधाकृष्ण का प्रथम पाटोत्सव पर सोमवार की प्रात: 8 बजे महाअभिषेक व शोड्षोपचार पूजन, श्रृंगार कर नवीनतम पौशाक धारण कराई एवं फूलबंगला झांकी सजाई गई। श्री न र व र आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि पौष शुक्ल पूर्णिमा पर प्रेमभाया व राधाकृष्ण मंदिर के प्रथम पाटोत्सव पर दोपहर 12 बजे माधुरी अलबेली शरण जी महाराज के सानिध्य में संतमहंतो ने महाआरती की। इस अवसर पर छप्पन्न भोग लगया गया। प्रात: दस से सामूहिक सुंदरकाण्ड का पारायण किया गया। 3 बजे से 6 बजे तक महिला मण्डल द्वारा बधाई गान एवं भजनों का आयोजन किया गया एवं लड्डू व खिलौने आदि की उछाल की गई। भक्तगण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर प्रेमभाया व श्री राधाकृष्ण जी के दर्शनों का लाभ प्राप्त किये।

केन्द्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी दो दिवसीय धौलपुर दौरे पर

# केंद्रीय मंत्री ने मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल समेत कई संस्थानों एवं आदर्श गांव पिपरेट का किया भ्रमण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार राजभूषण चौधरी सोमवार को दिवसीय धौलपुर दौरे पर पहुंचे। यहां पहुंचकर वे स्थानीय प्रशासन से वार्ता के पश्चात राजकीय मैडीकल कॉलेज एवं नवीन जिला चिकित्सालय के निरीक्षण हेतु पहुंचे। जिला अस्पताल में उन्होंने गहन चिकित्सा इकाई में जाकर मरीजों उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने कई मरीजों से उनकी बीमारी एवं चिकित्सकों से दिये जा रहे उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी ली। केंद्रीय राज्य मंत्री स्वयं पेशेवर चिकित्सक रहे हैं, इस दृष्टि से उन्होंने विभिन्न रोगियों के दिए जा रहे उपचार के बारे में सूक्ष्म ढंग से निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धजनों के लिए समर्पित रामाश्रय वार्ड पहुंचकर वरिष्ठ नागरिकों से उनका हाल चाल लेकर मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सभी मरीजों ने जिला अस्पताल में मिल रही चिकित्सा सेवाओं एवं सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने उन्हें केंद्र प्रवर्तित चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई। इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी विजय सिंह साथ रहे। साथ ही उन्होंने मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां फैकल्टी एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी अर्जित की। उन्होंने यहां एक छात्रा से एनाटॉमी विषय पर कुछ प्रश्न किए। इस दौरान प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज दीपक कुमार दुबे मौजूद रहे।

**आंगनबाड़ी खानपुर का निरीक्षण :** अगले क्रम में केंद्रीय मंत्री खानपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने यहां मौजूद बच्चों से मिलने वाले पोषाहार के बारे पूछा। साथ ही उन्होंने बच्चों से लर्निंग मैटेरियल के बारे में जानकारी ली। उपनिदेशक आईसीडीएस भूपेश गर्ग ने पोषाहार समेत अन्य सुविधाओं पर जानकारी दी। यहां उन्होंने नीति आयोग से प्राप्त अवॉर्ड राशि से निर्मित नवीन आंगनवाड़ी परिसर का भी भ्रमण किया।

**छात्रों को समझाये विज्ञान के सूक्ष्म सिद्धांत एवं नियम :** केंद्रीय राज्य मंत्री जब बसेड़ी उपखंड के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल पहुंचे तो छात्रों से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान से संबंधित कुछ प्रश्न पूछे। छात्रों द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिए जाने के पश्चात बोर्ड पर लिखकर विज्ञान के सिद्धांतों, नियमों एवं न्यूमेरिकल समझाया। उन्होंने छात्रों से बड़े लक्ष्य रखकर उन्हें अर्जित करने हेतु परिश्रम करने की सीख दी। उन्होंने उच्च प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों से गणित एवं ज्यामिति के प्रश्न पूछे जिसका बखूब जवाब दिए जाने पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विद्यालय में मौजूद आधुनिक संसाधनों, स्वच्छ एवं विशाल परिसर, छात्रों के अधिगम स्तर, अटल टिंकरिंग लैब, सुसज्जित पुस्तकालय जैसी सुविधाओं की भूरि-भूरि सराहना की। इसके बाद उन्होंने सरमथुरा तहसील के आदर्श गांव पिपरेट पहुंचकर यहां मंजरी फाउंडेशन द्वारा संचालित सहेली अचार उद्योग इकाई का भ्रमण किया। उन्होंने यहां मौजूद महिलाओं द्वारा तैयार किए गए अचार की गुणवत्ता को चखकर परखा और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार से जोड़े जाने हेतु इस प्रकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यहां तैयार किए जा रहे अचार की पैकिंग प्रकिया को भी देखा और महिलाओं द्वारा भेंट किए गए अचार का भुगतान किया। उन्होंने महिलाओं के बीच फर्श पर बैठ अचार उद्योग के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी ली ।केंद्रीय राज्य मंत्री अगले क्रम में उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपरेट में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान हेतु विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य के प्रति कार्य करने और उनके द्वारा चयनित क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने की सीख दी। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, प्रोटोकॉल अधिकारी अल्का श्रीवास्तव एवं केंद्रीय मंत्री के निजी सचिव एवं भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी अर्जुन सिंह साथ रहे।

## 'छात्र-छात्राएं मोबाइल पर ध्यान न देकर कंप्यूटर शिक्षा का ज्ञान अर्जित करें'



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रमाण पत्र एवं किट वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत आई आई सी ई कंप्यूटर सेण्टर की शाखा वर्मा इन्फोटेक राजगढ़ में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्र-छात्राओं को आज सर्टिफिकेट एवं किट प्रदान किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा, मुख्य अतिथि भाजपा से जोगेंद्र झाझडिया राजगढ़ नगर पालिका के पूर्व वरिष्ठ पार्षद ज्ञानीराम प्रजापत, मुख्य अतिथि मदन मोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार के कर कमल से सर्टिफिकेट एवं प्रतीक चिन्ह देकर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री आचार्य ने कहा कि वर्तमान युग कंप्यूटर शिक्षा का युग है छात्र-छात्राएं मोबाइल पर ध्यान नहीं देकर कंप्यूटर शिक्षा का ज्ञान अर्जित करें। महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान के निदेशक ललित पूनिया आई आई सी ई कंप्यूटर सेण्टर एवं वर्मा इन्फोटेक के निदेशक धर्मपाल वर्मा एवं सुमन वर्मा एवं समस्त स्टाफ कुर्बान सिक्का, राम निवास प्रजापत, कुसुम मोहता, सुनील खटक, सुखविंदर, राहुल, संगीता, मंजू तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर राजगढ़ मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा एवं भाजपा नेता जोगेंद्र झाझडिया ने छात्र छात्राओं स्किल के महत्व तथा कंप्यूटर कोर्स एवं करिअर सबंधित ज्ञानवर्धक जानकारी दी।

## हाईवे पर चलता डंपर धरती में समाया, धमाके के साथ 25 फीट गहरा और चौड़ा गड्ढ़ा हुआ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर शहर में चलता डंपर अचानक सड़क धंसने से धरती में समा गया। सड़क धंसते ही 25 फीट चौड़ा और इतना ही गहरा गड्ढा बन गया। गड्ढे में डंपर के आगे का हिस्सा ऊपर और पीछे का पार्ट नीचे की ओर से था। इससे ड्राइवर की जान बच गई। ट्रक नेशनल हाईवे 248 से गुजर रहा था। उसमें मिट्टी भरी हुई थी। हादसा सुबह करीब 8:30 बजे हाईवे की सर्विस लेन पर हुआ। सड़क धंसने और गड्ढे में डंपर गिरने से लंबा जाम लग गया। करीब साढ़े चार घंटे बाद क्रेन के जरिए डंपर को गड्ढे से निकाला गया। डंपर में करीब 20 टन वजन था। बताया जा रहा है कि सीवरेज और पानी की लाइन में लीकेज के कारण सड़क धंस गई। ड्राइवर सहीराम ने बताया कि डंपर में मिट्टी भरकर अलवर के पास बगड़ तिराहा जा रहा था। हनुमान सर्किल से करीब 500 मीटर आगे जेएस फॉर व्हील्स के सामने साइड वाली लेन पर था। अचानक ट्रक नीचे चला गया और मेरी आंखों के सामने अंधेरा छा गया था। इतना भी होश नहीं रहा कि केबिन से बाहर छलांग लगा सकूं। आसपास के लोगों ने बाहर निकाला था। 20 टन क्षमता की क्रेन के जरिए डंपर को निकालने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद 30 टन क्षमता की क्रेन मंगवाई गई। तब जाकर करीब साढ़े चार घंटे बाद डंपर निकाला जा सका। हाईवे के कुछ हिस्से का निर्माण करीब ढाई साल पहले हुआ था। करीब 10 किलोमीटर की रोड को 118 करोड़ रुपए में बनाया गया था। इस पर टोल प्लाजा भी है। हाईवे के नीचे पानी और सीवरेज की लाइन भी है। जानकारों का कहना है कि पानी की लीकेज से जमीन बैठ जाती है। इसे सड़क धंसने का कारण माना जा रहा है।

## छात्राओं को स्वेटर वितरित



**सादुलपुर।** श्री चनानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिधमुख में जीव विज्ञान विषय खुलने व स्वेटर वितरण कार्यक्रम के उपलक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया जहां भामाशाह श्री चनानी परिवार द्वारा कक्षा 1 से 12 तक की सभी छात्राओं को सर्दी के मौसम के लिए स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्था प्रधान ममता वर्मा ने श्री चनानी परिवार का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह परिवार विद्यालय के विकास में हमेशा सहयोग करता आया है इसके अलावा, प्रधानाचार्य ममता वर्मा ने बताया कि विज्ञान वर्ग में गणित विषय के साथ-साथ आगामी सत्र 2025-26 से जीव विज्ञान विषय भी शुरू किया जाएगा, जिससे छात्राओं को अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। कार्यक्रम में सरपंच महावीर जांगिड़, संजय खुडिया, राकेश ढाका, बाबूलाल राजपुरोहित, करतार टांडी, कांग्रेस शहर अध्यक्ष सीताराम प्रजापत, रामकुमार सिहाग, प्रधान ढाका और ग्रामीणों ने श्री चनानी परिवार और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने शीत लहर को देखते हुए नगर परिषद एवं नगर पालिका क्षेत्रों में बनाए गये रैन बसेरों की आमजन की जानकारी के लिये सार्वजनिक स्थलों पर फ्लैक्स लगाना सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि रैन बसेरों में ठहरने वाले व्यक्तियों का चैकअप करें एवं पर्याप्त मात्रा में रैन बसेरों में प्राथमिक उपचार की दवाइयां रखते हुए मेडिकल टीम द्वारा निरीक्षण किया जाये। उन्होंने सभी विभागों के कर्मचारियों को कर्मयोगी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सर्टिफिकेट प्राप्त करने हेतु निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में वर्षा से क्षतिग्रस्त हुए सड़कें, राजकीय भवनों के लिये आपदा प्रबन्धन से जारी की गई राशि से किये जा रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का उपखण्डाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जाना आवश्यक है। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं होने पर संवेदकों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वॉलपेन्टिंग कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश देते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों द्वारा बिजली के अवैध कनेक्शन से विद्युत की आपूर्ति ली जा रही है उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में जहां भी नहरों पर अतिक्रमण हो रहा है उसको चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आगामी समय में रीट एवं राजस्थान प्रशासनिक एवं अधीनस्थ सेवा की परीक्षाओं के लिये चिन्हित केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सेवाओं की उपलब्धता हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने जिले में अनुपयोगी बोरवेल की जानकारी एकत्रित कर उनको बंद कराये जाने हेतु निर्देश दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्रह्मनगर के युवाओं ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** राष्ट्रीय राजमार्ग नेशनल हाईवे 52 पर चूरू से सादुलपुर के मध्य दांई तरफ में सर्विस रोड को सही करने की बात को लेकर ब्रह्मनगर गांव के युवाओं ने कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। गांव के विष्णु शर्मा ने बताया कि ग्राम ब्रहमनगर जो कि दूधवाखारा रेल्वे स्टेशन पर एनएच 52 से लिंक है। एनएच 52 पर चेजेज संख्या 50 250 से 52 300 के मध्य दांयी तरफ लिंक है। जो अपने आप में एफ ब्लैक स्पॉट है, जहां रोज दुर्घटना होनें की संभावना है। पूर्व में भी इस जक्शन पर 2 दुर्घटना हो चुकी हैं। शर्मा ने बताया कि लिंक रोड़ से मिडियन कट की दूरी बांई तरफ 5 किमी. राजगढ की तरफ और विपरित दिशा चूरू की तरफ में 500 मीटर है। वाहनों की अपनी लेन चूरू की तरफ, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, मार्केट आदि में जाने के लिए 500 मीटर विपरित दिशा में चलकर आ रहे वाहनों के सामने जाना पड़ता है। जिससे दुर्घटना होनें की संभावना अत्यधिक रहती है। एनएच 52 से ब्रह्मनगर, राजपुरा व मेघवालों की ढाणी आदि बड़ी आबादी वाले गांवों से जुड़ी सड़क है। इन गांवों की तरफ से रोज आने वाले स्कूल बस, कार, बाईक आदि वाहनों को जान जोखिम में डालकर मजबूरन विपरित दिशा में 500 मीटर जाना पड़ता है। ग्रामवासियों की ओर से गल्फार कन्ट्रक्शन कम्पनी को बार-बार अवगत करवाया जा चुका है। परन्तु इस कम्पनी की ओर से इसे संज्ञान में नहीं लिया जा रहा है। कम्पनी अपनी मनमर्जी व कुछ लोगों से मिलिभगत से कार्य कर रही है। वहां पर ऑथोराईज मिडियन कट अथवा सर्विस रोड 5.5 मीटर एवं प्रोटेक्शन रेलिंग निर्माण करवाया जाए। ग्राम ब्रह्मनगर की तरफ जक्शन की हाईट अधिक होनें से इसके उपर से गुजर रही। 11 केविए. विद्युत लाईन के तार रोड से हाईट मात्र 12 से 13 फीट होनें से बड़े साधन के सम्पर्क में आने से बड़ी दुर्घटना होनें की पूर्ण संभावना है। विद्युत विभाग को इसके समाधान के लिए निर्देशित करें।इस समस्या का समाधान नहीं होनें की स्थिति में ग्रामवासियों की ओर से इस स्थान पर मिडियन तोड़कर अपना अनऑथोराईज कट बनाने के लिये मजबूर हैं व इस दरमियान होनें वाली किसी भी अप्रिय घटना के लिए गल्फार कन्ट्रक्शन कम्पनी तथा एनएचएआई जिम्मेदार होगी। इस अवसर पर सचिन शर्मा, प्रीतम शर्मा, मुकेश शर्मा, पवन शर्मा, सीताराम गुर्जर, प्रवीण जांगिड़, कुलदीप शर्मा, सुभाष जांगिड़, गोकूल शर्मा, रणवीर फोगावाट, नागर शर्मा व पृथ्वी सिंह आदि मौजूद रहे।

## छात्रा-छात्राओं का 14 जनवरी से 18 जनवरी तक अवकाश घोषित

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिले में जारी शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए अलवर जिले में संचालित कक्षा 1 से 5 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रा-छात्राओं का 14 जनवरी से 18 जनवरी 2025 तक अवकाश घोषित किया है एवं शेष कक्षाओं के विद्यार्थियों का समय प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक किया गया है। यह अवकाश केवल छात्रा-छात्राओं हेतु लागू रहेगा। शेष स्टाफ यथावत कार्य करता रहेगा। उन्होंने जिले के समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित किया है कि इन आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। यदि कोई संस्था प्रधान उक्त अवधि के दौरान 1 से 5 तक कक्षाओं का संचालन करता पाये जाने तथा शेष कक्षाओं के विद्यार्थियों का समय प्रातः 10 बजे से सांय 3 बजे तक के अलावा स्कूल संचालित पाये जाने पर उसके विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### आदेश की अवमानना : शिक्षा विभाग ने दिया कारण बताओ नोटिस

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** जिला कलेक्टर द्वारा घोषित अवकाश के दौरान महाराजा शिक्षण संस्थान मे कक्षा संचालित करने पर स्कूल संचालक को कुचामन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश राय ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। महाराजा शिक्षण संस्थान जिला कलेक्टर द्वारा अवकाश के बावजूद स्कूल का संचालन करने पर शिक्षा विभाग की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आपको जानकारी के लिए बता दें कि भगतसिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष परसाराम बुगालिया ने कस्बे के निजी विद्यालयों कि पड़ताल की तो इस दौरान महाराजा शिक्षण संस्थान स्कूल संचालित हो रही थी। गौरतलब है कि जिला कलेक्टर डीडवाना कुचामन ने शीतलहर और बढ़ती ठंड को देते हुए जिले मे कक्षा 1 से 5 तक समस्त सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दिनांक 13 जनवरी 2025 तक अवकाश घोषित किया था लेकिन कुचामन में महाराजा शिक्षण संस्थान कलेक्टर के आदेश के बावजूद भी संचालित हो रही थी जबकि इस समय क्षेत्र में कड़ाके की ठंड भी पड़ रही है और ठंड को देखते हुए ही जिला कलेक्टर की ओर से छुट्टियों की तारीख निर्धारित की गई थी लेकिन कलेक्टर के आदेशों को धत्ता बताकर शिक्षण संस्थाएं मनमर्जी से स्कूलों में कक्षाएं संचालित कर रहे हैं ऐसे में कड़ाके की ठंड में भी छोटे छोटे बच्चों को स्कूलों में जाना पड़ रहा है। मामले को लेकर भगतसिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष परसाराम बुगालिया चतुर्भुज शर्मा, मनोज भारद्वाज, मनीष कुमार भिडा, ने कुचामन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश राय से बात की और आदेशो की अवहेलना करने पर कार्रवाई करने की गुजारिश की।

### वाहन चालकों को नियम पालना की शपथ दिलाई



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिला कलक्टर के निर्देशन में मनाएं जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा सागर पाड़ा पर वाहन चालकों के मध्य की जा रही समझाइश के अंतर्गत वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना की शपथ दिलाई गई। परिवहन निरीक्षक सूरज भान ने वाहन चालकों को नियमों के बारे में जानकारी दी और शपथ ग्रहण कराई कि वे सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करेंगे व पैदल चलने वाले राहगीर का सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल को तत्काल प्रभाव से नजदीकी चिकित्सालय में पहुंच कर हम एक अच्छे मददगार की भूमिका अदा कर सकते हैं, जिसके लिए राजस्थान सरकार द्वारा अच्छे मददगार करने वाले नागरिक को सम्मानित किए जाने का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि जब तक वाहन चालक ना चाहे पुलिस आपका बयान नहीं लेगी और वाहन चालक पुलिस की कार्रवाई से भी बच सकते हैं। इसलिये सड़क दुर्घटना में पीड़ित को नजदीकी चिकित्सालय पहुंचाएं और उसका जीवन बचाएं। इस अवसर पर उनके द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाए गए और वाहन चालकों के वाहन संबंधित दस्तावेजों का भी अवलोकन किया गया।

### सफाई, व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, एवं आटो टीपर की बिगडी गंभीर अव्यवस्था को जल्द सुधारे : न्यागंली



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** क्षेत्रीय विधायक मनोज न्यांगली ने सोमवार को राजगढ़ शहर में काफी लम्बे अर्से से बिगडी सफाई, स्ट्रीट लाईट अव्यवस्था और घर घर कचरा संग्रहण की हालात सुधारने एवं लम्बे समय से सफाई कार्मिकों के भुगतान स्ट्रीट लाईट मरम्मत का भुगतान, आटो टीपर के श्रमिको के भुगतान एव डीजल के बकाया भुगतान को लेकर नगर पालिका कार्यालय राजगढ़ एसडीएम मीनू वर्मा प्रशासक एवं अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिंह सांखला सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेश कुमार धायल के साथ वार्तालाप की। इस मौके पर कुछ कार्मिको में विद्यायक मनोज न्यागली के नगर पालिका आफिस में आगमन की सूचना पर आनन-फानन में व्हाट्सएप पर अपनी छुट्टी की एप्लीकेशन भेज कर छुट्टी स्वीकृत करवाली जिस पर विद्यायक न्यागंली ने नाराजगी जाहिर की सब अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक नही होकर कर्तव्य विमुख होने पर अधिशाषी अधिकारी ने छुट्टी लिये कार्मिकों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी कर जबाव पेश करने को कहा। विधायक मनोज न्यांगली ने कहा कि आज पूरा राजगढ़ शहर में चारों और गन्दगी का आलम है गलिया कूडों के ढेर में बदली पड़ी है। रातों में गलियों ने अन्धेरा रहता है जिससे शहर ने लगातार चोरिया बढती जा रही है। घर घर कचरा संग्रहण के आटो टीपर खराब पड़े है। जिसके महिलाए बड़ी परेशान हो यदि व्यव्स्था में सुधार नहीं हुआ तो धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। इस मौके पर मदन मोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार श्याम जैन, विनोद गौतम, सुनील यादव युवा पत्रकार आनन्द आचार्य एवं निर्वतमान पार्षदगण एव शहर के काफी गणमान्य जन आमजन नगर पालिका कार्यालय में उपस्थित रहे। वहीं वार्ड न 26 के भी काफी लोगो ने अपने वार्ड में नरकीय जीवन से मुक्ति दिलवाने की मांग विधायक मनोज न्यागंली से की जिस पर विधायक न्यागली ने बताया कि 2 दिन बाद वार्ड 26 की इस बड़ी गभीर समस्या का समाधान हो जाएगा। विधायक मनोज न्यांगली ने अपने समर्थकों एक कार्यकर्ताओं को इस भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ आन्दोलनात्मक उदम उठाकर राजगढ़ शहर में बिगड़ी समस्या को सुधारने के लिए निर्देशित किया।

### पशु-पक्षियों के त्वरित उपचार के लिए शिविर आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** पशु कल्याण पखवाड़े के अंतर्गत मकर संक्रांति के अवसर पर पतंगबाजी के दौरान घायल परिंदों एवं पशु-पक्षियों के त्वरित उपचार के लिए प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय छापर में सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदीप सोनी, पशु चिकित्सा सहायक सुरज्ञान मीणा एवं पशुधन सहायक सुधीर कुमार दूत सेवाएं देंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### संकटमोचन द्वारकाधीश मंदिर में ठाकुर जी को लगाया गरमा गरम हलवे और पकौड़ी का भोग

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** कस्बे के न्यू सुलतानिया गेस्ट हाउस के सामने स्थित श्री संकटमोचन द्वारकाधीश मंदिर में पौष मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि सोमवार को पौष बड़े का आयोजन किया गया। श्री संकटमोचन द्वारकाधीश मंदिर में पौष बड़े के अवसर पर ठाकुर जी को गरमागरम हलवे और पकौड़ियों का भोग लगाया गया। मंदिर के महंत राधेश्याम शर्मा सुखाड़िया ने भगवान को भोग लगाया। उसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रसाद वितरण व्यवस्था में कमलकांत पुजारी, अशोक पुजारी, गोरव शर्मा, होशियार सिंह सैनी, ललिता सोनी, सांवरमल सैनी, राजकुमार जिसपाल, बबिता जिसपाल, मूलचंद शर्मा, उमाशंकर शर्मा, लीलाधर सोनी, नवल सैनी, गोपीराम गुप्ता, निवास वर्मा, प्रवीण वर्मा, रामचंद्र जलिंद्रा, पवन पांडे, पवन चेतीवाल, मुकेश शर्मा, मुकेश टेलर, चहीत टेलर, जयसिंह, प्रताप सिंह सहित काफी भक्तों ने सहयोग किया।

### विवेकानंद जयंती पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** कस्बे में चिड़ावा मित्र परिषद के तत्वावधान में अरड़ावतिया के मोहल्ले में स्थित अग्रसेन भवन में विवेकानंद जयंती के अवसर पर कार्यक्रम हुए। इस मौके पर स्वामी विवेकानंद के विचारों, राष्ट्रीय भक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। परिषद सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। संयोजिका डॉ. अनिता मोदी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि युग दृष्टा स्वामी विवेकानंद ने युवाओं के विकास महिलाओं के सशक्तिकरण आध्यात्मिक विकास तथा देशभक्त की दिशा में अनेक ऐसे कार्य किया। जो कि हमारे लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम में ममता जसरापुरिया व बबिता ककरानिया ने स्वामी विवेकानंद पर ओजस्वी कविता सुनकर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। डॉ. कुसुमलता एलके शर्मा, तारा रामगोपाल मिश्रा, श्याम गुप्ता, पूजा गोयल, रजनी मालानी व अन्य महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्वामीजी के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। रश्मि, गिरधर, ऋतु सूरजगढ़िया व रश्मि मालानी ने अनेक गेम्स आयोजित करके कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। दीपा मोदी व स्वाति गुप्ता ने भी विवेकानंदजी की जीवनी से संबंधित विविध बातें बताई। मंच का संचालन मीनू लाठ द्वारा किया गया।

### महंत अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में यात्रा रवाना

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**खिरोड़।** लोहार्गल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज ने प्रयागराज महाकुंभ एवं अयोध्या के लिए यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीकर गोपीनाथ गौ सेवा समिति के तत्वावधान में प्रयागराज महाकुंभ और अयोध्या के लिए यात्रा का प्रस्थान हुआ। समिति के अध्यक्ष शैलेश जैन ने बताया कि यात्रा को हरि झंडी लोहार्गल धाम से सूर्य मठ के पीठाधीश्वर महंत अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में एवं अजीत सिंह नाथावत व अन्नपूर्णा माता के सानिध्य में यात्रा का प्रस्थान हुआ। यात्रा में सीकर से भी तीन गाड़ियां रवाना होकर प्रयागराज महाकुंभ पहुंचेगी। इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष पूनम शर्मा, विपुल अग्रवाल, सुमित कुमावत, गोविंद सिंघानिया, शिवलाल कुमावत, अंकित कुमावत, शुभम सैनी, दीनदयाल दोदराजका, दिलीप अग्रवाल, मधु शर्मा, कांता शर्मा, नीतू शर्मा, राजा सैनी, कंचन शर्मा, सुनीता देवी, प्रकाश कुमावत, कमल शर्मा, प्रभात जैन, सुनील सोनी, अनिल सोनी, किरण कुमावत, सहित 60 यात्री यात्रा के लिए रवाना हुए।

### कृषि की उन्नत तकनीकों व ऋण उपलब्धता पर व्याख्यान का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय में राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 के अंतर्गत उद्यानिकी, रेशम उत्पादन, ड्रिप सिंचाई, मछलीपालन, कृषि के लिए ऋण उपलब्धता आदि विषयों पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक आचार्य कंचन शर्मा ने रेशम कीट पालन से लेकर रेशम प्राप्त करने की संपूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि खेत में सेरीकल्चर आधारित पेड़ लगाने व ड्रिप सिंचाई जैसी पद्धति अपनाकर कोकून की अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है। सहायक आचार्य डॉ. संगीता मील ने छात्राओं को बागवानी का महत्व समझाया। साथ ही उन्होंने कहा कि जैविक खेती पर्यावरण संरक्षण व स्वास्थ्य के एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में सामने आ रही है। प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सिंह न्यौला ने कृषि के लिए उपलब्ध ऋण योजनाओं का लाभ लेने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक मीनू ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय संकाय सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रही।

### आज मनाया जाएगा वेटरन्स डे, शहीद वीरांगनाओं और शौर्य पदक धारकों का होगा सम्मान

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** नौवां सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस (वेटरन्स डे) मंगलवार को सूचना केंद्र सभागार में सुबह 10 बजे से मनाया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल कुमार पूनियां ने बताया कि इस अवसर पर जिले की शहीद वीरांगनाओं और शौर्य पदक धारकों को सम्मानित किया जाएगा। यह दिवस भारतीय सेना के पहले कमांडर इन चीफ फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा के अद्वितीय योगदान और सेवाओं के सम्मान में मनाया जाता है। कर्नल पूनियां ने कहा कि यह दिन उन सभी पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को समर्पित है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने जीवन का अमूल्य समय दिया। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं और उनके परिवारों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया, ताकि इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान सेना के प्रति समर्पण और बलिदान की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों के साथ ही पूर्व सैनिकों के परिवार भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

### अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसायटी के चुनाव सम्पन्न, दिलीप मंगल अध्यक्ष, सागर बंसल सचिव मनोनीत

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** रक्तदान के क्षेत्र में धौलपुर जिले की अग्रणी संस्था अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसाइटी बाड़ी की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव कन्हैया पैलेस में संपन्न हुआ । जिसमें चुनाव अधिकारी रामनिवास गर्ग अग्रवंशी को मनोनीत किया गया। चुनाव अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया द्वारा विभिन्न पदों के लिए निर्वाचन किया गया। जिसमें दिलीप मंगल अध्यापक को अध्यक्ष तथा सागर बंसल को सचिव मनोनीत किया गया तथा योगेश गोयल अध्यापक को उपाध्यक्ष,राजेंद्र गर्ग उर्फ पप्पू कांकरई को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संरक्षक रामनिवास गर्ग और सोमेंद्र मंगल निरीक्षक,बंटू गर्ग मंत्री,निरंजन मंगल सूचना मंत्री,मोहित मंगल मीडिया प्रभारी,विपिन कंसल एवं अभय गर्ग सहित पदाधिकारी निर्वाचित किए गए। वहीं नवीन अध्यक्ष दिलीप मंगल ने बताया कि सदस्यों ने जो दायित्व दिया है,उसे वह पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ सभी के सहयोग से पूरा करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि रक्तदान और हेल्थ चेकअप से संबंधित कैंप आयोजित किए जाएंगे।

# रोहित गोदारा के गुर्गों का चिड़ावा बाजार में निकाला जुलूस

### गोली चलाने वाला पहलवान लकड़ी के सहारे चलता आया, साथियों के साथ पैरों में गिरकर मांगी माफी

जागरुक टाइम्स संवाददाता



**चिड़ावा।** राजस्थान पुलिस का स्लोगन आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय अब अपराधियों पर दिखने लगा है। जी हां, अपराधी न केवल अपना गुनाह कबूल कर रहे हैं। बल्कि हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए दिख रहे हैं। पढने में अटपटा जरूर है। लेकिन झुंझुनूं पुलिस का यह बदलाव अब बदमाशों पर दिखने लगा है। झुंझुनूं के चिड़ावा कस्बे में पंचायत समिति के सामने स्थित पेड़ा व्यापारी की दुकान पर एक करोड़ की रंगदारी को लेकर फायरिंग के मामले में गिरफ्तार किए गए। रोहित गोदारा के तीन गुर्गे सोमवार को बाजार में व्यापारियों से हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए नजर आए। चिड़ावा कस्बे में गिरफ्तार तीनों बदमाशों का जुलूस निकालते हुए घटनास्थल का मौका तस्दीक करवाया गया। इस दौरान बदमाश व्यापारियों से अपराध को लेकर माफी मांगते हुए नजर आए। दुकान पर फायरिंग करने वाला बापर्दा गिरफ्तार प्रदीप पहलवान निवासी सुलताना अहीरान दुकान तक लकड़ी के सहारे चलते चलते पहुंचा तो उसके दो साथी दीपेंद्र सिंह उर्फ दीपू चौराड़ी तथा प्रतीक सिंह प्रिंस डीडवाना भी पुलिसकर्मियों के सहारे—सहारे चलते हुए घटना स्थल पर पहुंचे। बदमाशों ने दुकान मालिक सुभाष राव के पैरों में गिरकर माफी भी मांगी। कहा कि भविष्य में ऐसी हरकत नहीं करेंगे, कसम खाते हैं। व्यापारियों द्वारा पुलिस की इस पहल की सराहना की गई। बाजार में व्यापारियों द्वारा पुलिस का सम्मान करते हुए झुंझुनूं पुलिस जिंदाबाद के नारे लगाए। आपको बता दें कि पकड़े गए बदमाश प्रिंस और दीपू चौराड़ी स्टेट टॉप टेन वांटेड बदमाशों की सूची में शामिल है। पुलिस की नौ टीमों ने करीब छह हजार किलोमीटर तक आरोपियों का पीछा कर मध्यप्रदेश के सागर जिले के एक गांव से चिड़ावा थाना इलाके के चौराड़ी अगुणी निवासी वांटेड बदमाश दीपेंद्र सिर्फ उर्फ दीपू चौराड़ी से गिरफ्तार किया। वहीं बुहाना थाना इलाके के सुलताना अहीरान निवासी प्रदीप उर्फ पहलवान यादव तथा डीडवाना निवासी प्रतीक सिंह राठौड़ उर्फ राजशाह उर्फ प्रिंस राजपूत को जयपुर से गिरफ्तार किया गया था।

**प्रदीप पहलवान ने की थी फायरिंग, प्रिंस था बाइक पर :** अब तक की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पेड़े की दुकान पर फायरिंग प्रदीप पहलवान ने की थी। जबकि बाइक पर प्रिंस डीडवाना बैठा हुआ था। इससे कुछ दूरी पर ही दीपेंद्र उर्फ दीपू रैकी कर रहा था। फायरिंग के बाद तीनों बदमाश एक साथ चिड़ावा से भागे। बाद में अलग—अलग हो गए। यही नहीं जिस विदेशी संपर्क की बात डीआईजी ने प्रेस वार्ता में कही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो लॉरेंस विश्नोई के गुर्गे नितिन बॉक्सर से क्षत्रीय गैंग की जानकारी हुई। इसके बाद बदमाशों ने रोहित गोदारा और अन्य गैंगेस्टरों से संपर्क कर उनके लिए भी काम करना शुरू कर दिया। हालांकि इन सब तथ्यों की पुष्टि में पुलिस लगी हुई है।

**प्रिंस और दीपू स्टेट टॉप टेन वांटेड में शामिल थे :** पकड़े गए तीन बदमाशों में से प्रिंस और दीपू चौराड़ी स्टेट टॉप टेन वांटेड बदमाशों की सूची में शामिल है। जिन पर पुलिस एक—एक लाख रूपए का ईनाम घोषित करने वाली थी। उससे पहले ही ये पकड़े गए। वहीं तीनों का कनेक्शन महपालवास हत्याकांड से भी होना बताया जा रहा है। पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर और पूछताछ भी करेगी। प्रिंस और दीपू जयपुर के करधनी थाना इलाके में हुए हत्याकांड में भी वांटेड है।

# सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध पर कार्यशाला का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय स्थित एसीआई सीसै स्कूल में सड़क सुरक्षा माह परवाह के तहत यातायात प्रभारी हरफूलसिंह मीणा के मुख्य आतिथ्य व संस्था निदेशक विकास शर्मा की अध्यक्षता में समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक विकास शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के वर्ष 2023 के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं की वजह से 1.55 लाख से अधिक की मृत्यु हुई। जो कोरोना काल में हुई मौतों से ज्यादा है। सड़क पर लगभग 90 प्रतिशत मौते तेज गति, ओवरटेकिंग और खतरनाक ड्राइविंग के कारण हुई है। अगर प्रत्येक व्यक्ति कानून के अनुसार नियमों का पालन करें एवं सुरक्षा संबंधी महत्व को समझे तो इन घटनाओं मे कमी आ सकती है। परिवार के एक व्यक्ति के चले जाने के बाद उस परिवार की दयनीय स्थिति कितनी भयावह हो जाती है। इस अवसर पर छात्र द्विज इंदौरिया ने उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्कूल बस चालकों को सड़क सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलवाई। वहीं छात्रा रचना सैनी ने खतरा है मौत वाला सर पर ना हेलमेट डाला खतरे से हो जा सावधान गायन के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को आत्म मंथन पर विवश कर दिया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी हरफूलसिंह मीणा, विजयपाल, राकेश व राजपाल ने यातायात संबंधी नियमों एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों और विद्यालय बस चालकों के सवालों का जवाब दिया। अंत में संस्था निदेशक मनोज शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर फाउंडेशन हैड विजय सैनी, सुनिल कुमार, दिनेश वर्मा, अशोक जांगिड़, राधेश्याम शर्मा, धर्मेंद्र नागर, जयप्रकाश शर्मा, दिनेश आचार्य, संदीप झाझड़िया, दिवेंक शर्मा, नरेश कुमार, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, सरोज, निशा शर्मा, सुमन चौहान, वैशाली, ऐश्वर्या स्वामी, सरिता कुमारी, दिव्या रोहिला, पूनम शर्मा, राकेश, हेमंत जांगिड़, शिवकुमार पालीवाल, रमेश मील उपस्थित थे।

### निशुल्क भोजन करवाया

**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में सोमवार को लॉयनवाद के जनक लायन मेल्विन जोन्स के जन्म दिवस पर लॉयन शिवकुमार जांगिड़ के आर्थिक सौजन्य से अन्नपूर्णा रसोई नगर परिषद में 100 प्रभुजनों को निशुल्क भोजन करवाया गया एवं लॉयन मेल्विन जोन्स की प्रतिमा पर पुष्पमाला पहना कर जन्मदिवस मनाया गया।

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने स्वर्गीय नीतीश कुमार यादव को दी श्रद्धांजलि

जागरुक टाइम्स संवाददाता



**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव सोमवार को बहरोड़ क्षेत्र के दिवाली गांव पहुंचे और जम्मिक जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा जिले में दिवंगत हुए नीतीश कुमार यादव को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भूपेंद्र यादव ने स्व. नीतीश कुमार के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और परिजनों से बातचीत कर उन्हें सांत्वना देते हुये हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला प्रमुख बलवीर सिंह, प्रधान बस्तीराम यादव, मंडल अध्यक्ष कमल यादव, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव खैरथल-किशनगढ़ पूर्व विधायक रामहेत यादव, पूर्व डेयरी चेयरमैन बन्नाराम मीणा,इंदर सिंह यादव,अंजली यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार दोपहर सेना का ट्रक खाई में गिर गया। इस हादसे में 4 जवान शहीद हो गए। दो जवान गंभीर घायल हुए हैं। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहीद हुए जवानों में रिवाली गांव के रहने वाले नितीश कुमार पुत्र सुरेंद्र यादव श्रीनगर के बांदीपोरा जिले में 13 आरआर बटालियन में तैनात थे।

# नौ सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्थान पटवार संघ का विरोध-प्रदर्शन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** राजस्थान पटवार संघ के आह्वान पर सोमवार से तहसील कार्यालय पर पटवार संघ द्वारा अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। जिससे तहसील में राजस्व काम प्रभावित हुआ है। धरने पर बैठे पटवारियों का आरोप है,कि-राजस्थान सरकार पिछली 9 सूत्रीय मांगों पर तो कोई ध्यान दे नहीं रही,वहीं किसान भाइयों से जुड़ा सारा काम ऑनलाइन कर दिया है। जिसमें कोई संसाधन नहीं दिया गया, ऐसे में जब तक उनकी मांगों पर सरकार कोई विचार नहीं करती है यह विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा। राजस्थान पटवार संघ बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष नरेश मीणा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से 9 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए गए साथ ही आंदोलन भी किए गए। जिसमें सरकार द्वारा टेबल पर बैठकर बात हुई और समझौता हुआ कि जल्द से जल्द आपकी मांगों पर विचार होगा और समाधान किया जाएगा,लेकिन अभी तक किसी भी मांग पर कोई विचार नहीं किया गया। स्थिति यह है कि अब जो किसानों से जुड़े हुए काम हैं, उनको भी ऑनलाइन कर दिया है। जिसमें ना तो कोई संसाधन दिया है और ना ही उनकी परेशानी को ध्यान में रखा गया है। इसीलिए पटवारियों में आक्रोश है और प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

**पटवार संघ की यह है मांगें :** गिरदावरी एप में संशोधन किया जाए,पटवार मंडल एवं भानोत कमेटी में वित्तीय स्वीकृति से शेष पटवार मंडल और भूअभिलेख निरीक्षक की वित्तीय की स्वीकृति जारी की जाए। लंबित डीपीसी को पूरा किया जाए तथा 752 नव सृजित भूअभिलेख निरीक्षकों के पदों के निर्धारण संबंधित पत्रावली जो 1 वर्ष से लंबित है,उसे जारी किया जाए। संसाधन और कार्यालय फर्नीचर आदि की व्यवस्था की जाए। जिसमें डेस्कटॉप,प्रिंटर,लैपटॉप और टैबलेट आदि होने चाहिए। नायब तहसीलदार से तहसीलदार में पदोन्नति में कोटा बढ़ाया जाए। तहसीलदार पद पर मंत्रालयिक संवर्ग के कोटे का निर्धारण किया जाए। भू-प्रबंधन आयुक्त द्वारा जारी वरिष्ठता सूची को निरस्त करते हुए कंबाइन कदर की वरिष्ठता सूची जारी की जाए।

# नानी बाई रो मायरो कथा में सुनाया भक्त नरसी से जुड़ा प्रसंग

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**गुढ़ागौड़जी।** क्षेत्र के नंदीशाला एवं श्री कृष्ण गौशाला चंवरा हीरवाना में बामलास धाम के महंत लक्ष्मण दास महाराज के सानिध्य में चल रही नानी बाई रो मायरो कथा में दूसरे दिन कथावाचक राजेंद्र प्रसाद शर्मा बजावा वाले ने बताया कि भगवान पर भरोसा करना ही सबसे बड़ा आत्मविश्वास है। भगवान पर भरोसा करके ही नरसी भक्त ने अपने 56 करोड़ की माया का दान कर दिया। इसी विश्वास से उनके हर कार्य पूर्ण हुए। माया लुटाने के बाद में नरसी के पास देने के लिए कुछ भी नहीं बचा था। भाई बंधु कुटुंब कबीला किसी ने भी भक्त नरसी का साथ नहीं दिया। उसके बावजूद भी नरसी का आत्मविश्वास नहीं डिगा। भगवान के भरोसे ही नरसी भक्त नानी बाई के मायरा भरने के लिए अनजार नगर रवाना हो गए। कथावाचक ने कहा कि गौ माता की वर्तमान में सबसे ज्यादा दुर्दशा हो रही है। उन्होंने लोगों से गौ माता और प्राणी मात्र की सेवा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गौ माता और प्राणी मात्र की सेवा से परमात्मा प्रसन्न होते हैं और भगवान भक्त की हर संभव मदद करते हैं। क्योंकि गौ माता एक चलता फिरता तीर्थ है। जो व्यक्ति तीर्थ आदि नहीं कर सकता है वह गौ माता की सेवा करके भी पुण्य प्राप्त कर सकता है। कथावाचक ने उपस्थित श्रद्धालुओं से अपील कर कहा कि मकर संक्रांति पर गौशाला में बढ़-चढ़कर दान पुण्य कर मायरा भरे। जिससे आप सभी का कल्याण होगा।

# खुले एवं परित्यक्त बोरवेल व ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली घातक दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु निर्देश जारी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिले में खुले या परित्यक्त बोरवेल व ट्यूबवेल या कूंओं में बच्चों के गिरने की संभावना रहती है। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए एहतियात और सुरक्षा उपाय किया जाना आवश्यक है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि खुले या परित्यक्त बोरवेल व ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये निर्देश जारी किये गये हैं।

**बोरवेल व ट्यूबवेल निर्माण के बारे में अग्रिम सूचना देना :** भूमि व परिसर के स्वामी को बोरवेल व ट्यूबवेल निर्माण शुरू करने से पहले कम से कम 15 दिन पहले लिखित में सूचना देनी होगी। सूचना क्षेत्र के संबंधित जिला कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट, ग्राम पंचायत के सरपंच व भूजल विभाग व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम के अधिकारियों को जैसा भी मामला हो उनको प्रस्तुत करना होगा एवं सूचना को राजधरा पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

**ड्रिलिंग एजेंसी का पंजीकरण :** सभी ड्रिलिंग एजेंसियों सरकारी व अर्ध सरकारी, निजी आदि को अनिवार्य रूप से राजधरा पोर्टल पर ड्रिलिंग रिग का पंजीकरण कराना होगा। उन्हें अपने द्वारा ड्रिल किये गये सभी बोरवेल व ट्यूबवेल का विवरण रखना होगा और पोर्टल पर इनकी जानकारी जीपीएस आधारित लोकेशन सहित दर्ज करानी होगी।

**निर्माण के दौरान सुरक्षा उपाय :** निर्माण के समय नलकूप के पास नलकूप के निर्माण व पुनर्वास करने वाली ड्रिलिंग एजेंसी तथा उपयोगकर्ता एजेंसी व मालिक के नाम पते के विवरण का साइन बोर्ड लगाना होगा। निर्माण के दौरान कांटेदार तार की बाड़ लगाना व अन्य कोई अवरोधक दीवार का निर्माण करना एवं कार्य पूरा होने के बाद गड्ढों और चैनलों को मिट्टी की परत से भरना होगा। मिटटी, रेत, पत्थर, कंकड़, ड्रिलिंग कटिंग द्वारा परित्यक्त किये गये बोरवेल को भरना होगा।

**सीमेंट का प्लेटफार्म निर्माण एवं बोरवेल की कैपिंग करना :** नलकूप के चारों तरफ सीमेंट कंक्रीट के प्लेटफॉर्म का निर्माण कराना होगा। स्टील की एक केप लगानी होगी जो नलकूप के ऊपर वेल्ड की जाएगी या नट बोल्ट से फिक्स की जायेगी।

**नए तथा पुराने नलकूपों की सूचनाओं का संधारण :** सभी नए तथा पुराने नलकूप उपयोगकर्ताओं को राजधरा ऑनलाइन पोर्टल पर नलकूप निर्माण की सूचना दर्ज करानी होगी। समस्त अकार्यशील बोरवेल व नलकूप जो चालू नहीं हैं उन्हें नलकूप उपयोगकर्ता व भूमि मालिक द्वारा बंद कर सूचना राजधरा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।

# धनौंरा विद्यालय की मेधावी छात्रा खुशबु शर्मा व पूजा ने विद्यालय का बढ़ाया मान

जागरुक टाइम्स संवाददाता



**बाड़ी।** राज्य सरकार द्वारा धौलपुर जिले के मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट का वितरण किया गया हैं। सोमवार को जिला शिक्षा विभाग द्वारा धौलपुर जिले में 2023-24 सत्र की 8वीं,10वीं,प्रवेशिका,12वीं कला, वाणिज्य व विज्ञान सहित वरिष्ठ उपाध्याय के 537 मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट का वितरण किया गया हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सुक्खो देवी रावत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 2023-24 सत्र की मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट बांटे गए हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने आज सोमवार को 8 वीं के 109,10 वीं के 210,प्रवेशिका के एक,12वीं कला वर्ग के 99,विज्ञान वर्ग के 107,वाणिज्य वर्ग के आठ और वरिष्ठ उपाध्याय के तीन विद्यार्थियों को टैबलेट बांटे हैं। शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय धनौंरा की कक्षा 8वीं और 12वीं की दो छात्राओं खुशबू शर्मा पुत्री राजकुमार शर्मा और पूजा पुत्री राधेश्याम को भी टैबलेट दिए गए हैं। दोनों छात्राओं ने परीक्षा के दौरान 92 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ने बताया कि जिले में कुल 537 मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किए गए हैं। टेबलेट पाने वाले विद्यार्थियों ने परीक्षा में अच्छे अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया था।

# शिविर में 262 रोगी लाभान्वित, 85 का ऑपरेशन के लिए चयन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** शारदा क्रोपकेम लिमिटेड मुंबई के आर्थिक सौजन्य से सामाजिक विकास हेरिटेज एंड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउंडेशन द्वारा जिला अंधता निवारण समिति के आर्थिक सहयोग, डॉ. विमलेश आई केयर मेडिको सोसासटी तथा अलॉयंस क्लब नवलगढ़ लार्ड कृष्णा द्वारा आयोजित 213वां निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर छावसरिया धर्मशाला में आयोजित किया गया। शिविर में 262 रोगी लाभान्वित हुए। जबकि 85 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनका ऑपरेशन जांगिड़ अस्पताल मे डॉ. अविनाश पुरोहित की टीम द्वारा किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र सैनी ने लाभार्थियों की संख्या देखकर प्रसन्नता जताई तथा बताया कि डॉ. दयाशंकर जांगिड़ व उनकी टीम साधुवाद की पात्र है। यह कार्य अद्वितीय, अकल्पनीय व अनुकरणीय है। अलॉयंस क्लब द्वारा नेत्र चिकित्सा के शिविर वरदान सिद्ध हो रहे है। बुजूर्गों को दुबारा नेत्र ज्योति देने का धरती के भगवान चिकित्सकों का पुण्य कार्य है। इस कार्य के लिए आप साधुवाद के पात्र है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बाय सरपंच तारा पूनियां ने कहा कि अलॉयंस क्लब द्वारा किए जाने वाले आंखों के शिविर की पूरी शेखावाटी मे प्रशंसा होती है। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट कमलेश कुमावत व संदीप इंदोरिया ने आयोजकों को साधुवाद दिया। शिविर संयोजक डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने बताया कि शिविर में पिछले शिविर के 90 लोगों को जांच कर सफेद चश्में दिए। सभी को रोशनी प्राप्त हो गई है। शिविर में रोगियों को खाना, नाश्ता, दवा, चश्में निशुल्क प्रदान किए जाते है। शिविर में पूरी शेखावाटी, जयपुर, नागौर, डीडवाना, चूरू, हरियाणा, नीमकाथाना, दिल्ली तक के रोगी लाभ उठाने आते है। ईश्वर की कृपा से शत प्रतिशत लोगों को रोशनी प्राप्त होती है। कुछ लोगों को ब्लड प्रेशर व मधुमेह की बीमारी होती है। उनको ठीक होने के बाद भी ऑपरेशन किया जाता है। शिविर में पूर्व अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष व शिविर संयोजक डॉ. दयाशंकर जांगिड़, डॉ. शंकरलाल सैनी, क्लब अध्यक्ष सुहित पाडिया, रामावतार सबलानिया, मुरलीमनोहर चोबदार, जनार्दन घोड़ेला, इंजीनियर हरिराम सैनी, योगेश सोनी, पंकज शाह, केके डीडवानिया, डॉ. मिनाक्षी जांगिड़, डॉ. मनीष शर्मा आदि ने सहयोग किया।

## सुविचार

हर नया दिन एक नई शुरुआत का अवसर है। अपने लक्ष्य पर विश्वास रखें और अपने प्रयासों को ईमानदारी से जारी रखें, सफलता अवश्य मिलेगी।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### महाकुंभ का महा आगाज

भव्य महाकुंभ 2025 आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक एकता के जबरदस्त प्रदर्शन के साथ शुरू हो गया है। जिसने आज 144 वर्षों में एक बार देखी गई आध्यात्मिक भव्यता की याद ताजा कर दी। यहां देश और दुनिया भर से भक्तों का एक समूह न केवल जप, ध्यान और आध्यात्मिक तृप्ति के लिए एकत्र हुआ, बल्कि महाकुंभ की बेजोड़ सांस्कृतिक विरासत का अनुभव करने के लिए भी एकत्र हुआ। पवित्र नगरी प्रयागराज में संगम नोज समेत स्थायी और अस्थायी घाटों पर भारी भीड़ है। कई भक्तों को दिव्य वातावरण से अभिभूत, नम आंखों के साथ देखा गया। वहीं कई लोग प्रार्थना, अनुष्ठान और एकता की भावना में डूबे रहे। दो दिन पहले ही लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान करना शुरू कर दिया था, जो दर्शाता है कि 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगाए गए भीड़ के अनुमान को पार कर सकता है। शुरुआती दिनों में भारी भीड़ से पता चलता है कि इस साल का समागम पहले से कहीं ज्यादा बड़ा होगा। पौष पूर्णिमा पर अपने गहन आध्यात्मिक अनुशासन के लिए जाने जाने वाले कल्पवासियों ने 'मोक्षदायिनी' संगम में पवित्र डुबकी लगाई और 45 दिनों तक चलने वाले अपने आध्यात्मिक एकांतवास की शुरुआत की। कल्पवासी महाकुंभ अवधि के दौरान ब्रह्मचर्य, साधारण जीवन और नियमित प्रार्थना के सख्त व्रत का पालन करते हैं। उन्होंने न केवल अपने व्यक्तिगत आध्यात्मिक उत्थान के लिए बल्कि मानवता के कल्याण के लिए भी प्रार्थना की। इस वर्ष महादेव की पूजा के लिए शुभ दिन सोमवार को पड़ने वाले पौष पूर्णिमा के संयोग ने इस अवसर को आध्यात्मिक रूप से और भी महत्वपूर्ण बना दिया। संगम नोज समेत सभी प्रमुख घाटों पर डुबकी लगाते समय श्रद्धालु हर-हर महादेव, जय श्री राम और जय बजरंग बली के जयकारे लगाते नजर आए। बिहार, हरियाणा, बंगाल, ओडिशा, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए। महाकुंभ की भव्यता ने न केवल भारतीय श्रद्धालुओं बल्कि दुनिया भर से आए पर्यटकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। संगम घाट पर अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों और आध्यात्मिक साधकों का तांता उत्सव में शामिल हुआ। दक्षिण कोरिया के कई यूट्यूबर इस दिव्य अनुभव को अपने कैमरों में कैद करते नजर आए, जबकि जापान के पर्यटकों ने इस आयोजन के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को समझने की कोशिश की। सोमवार को रूस-अमेरिका समेत यूरोप के विभिन्न देशों से आए श्रद्धालु इस महापर्व के साक्षी बने।

## केरल में ड्रेस कोड को लेकर

# खदबदा रहा एक सियासी बवंडर..!!



डा. अनिता राठौर

केरल के मंदिरों में ड्रेस कोड को लेकर एक सियासी तूफान खदबदा रहा है, जिसे माना जा रहा है कि हवा प्रदेश की वामपंथी सरकार ही सनातन विरोधी शिवगिरी मठ के कंधे पर बंदूक रखकर दे रही है। गौरतलब है कि केरल के कुछ प्राचीन मन्दिरों में पुरुष श्रद्धालुओं को बिना कमीज या कमर के ऊपर कुछ पहने बिना प्रवेश करना पड़ता है। ये सदियों पुरानी परंपरा है लेकिन कुछ लोग चाहते हैं कि यह खत्म हो लेकिन हिंदुओं के कई संगठनों द्वारा इसे सनातन परंपरा में हस्तक्षेप समझा जा रहा है। केरल के गुरुवयूर मंदिर में परम्परा थी कि जो भी उसके भोजन कक्ष में लंगर खाने के लिए आए, उसके शरीर के ऊपरी हिस्से पर कोई कमीज (शर्ट) या कोई अन्य वस्त्र न हो ताकि उसका जनेऊ भोजन परोस रहे सेवादारों को दिखाई देता रहे। साल 1992 की बात है, एक व्यक्ति शर्ट पहनकर उन जनेऊधारी ब्राह्मणों की पंगत में भोजन करने के लिए बैठ गया। जिनके जिस्मों के ऊपरी हिस्से पर कोई वस्त्र नहीं था। ब्राह्मण ऊट्टू (विशेष भोज) में अन्य जातियों का स्वागत नहीं था। इसलिए शर्ट पहने व्यक्ति को जबरन पंगत से निकाल दिया गया। इस परम्परा को चुनौती देने वाला शर्ट पहने व्यक्ति कोई और नहीं बल्कि आध्यात्मिक गुरु व समाज सुधारक श्री नारायण गुरू के शिष्य स्वामी आनंद तीर्थन थे, जो जातिगत भेदभाव के विरुद्ध अपने निरंतर संघर्ष हेतु विख्यात थे। अगले दिन आनंद के साथ हुई अभद्रता की खबर सुर्ख़ियों में थी। मंदिर प्रबंधकों व राज्य सरकार की आलोचना हुई। तत्कालीन मुख्यमंत्री के. करुणाकरण की त्वरित प्रतिक्रिया आई। ऊट्टू प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया गया और उसी भोजन कक्ष में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें करुणाकरण के साथ सभी जातियों के सदस्य शामिल थे। दलित एक्टिविस्ट व लेखक कैलारा सुकुमारन ने इसमें हिस्सा लिया।

कुछ हिंदू संगठनों के मुताबिक़ यह पूरी कहानी जानबूझकर इस तरह गढ़ी गई थी, क्योंकि केरल के जिन मंदिरों में पुरुष श्रद्धालुओं को कमर के ऊपर बिना कपड़ों के प्रवेश करना होता है, उनमें सिर्फ ब्राह्मण नहीं होते बल्कि सभी जाति समुदाय के पुरुष होते हैं। बहरहाल गुरुवायूर मंदिर में इस घटना के बाद भी अनेक मंदिरों में यह प्रथा जारी रही कि पुरुष श्रद्धालु मंदिर में बिना शर्ट के ही प्रवेश करें। इसलिए तीन दशक बाद एक बार फिर इस शर्टलेस प्रथा पर तीखी बहस आरंभ हो गई है। शिवगिरी मठ, जिसे श्री नारायण गुरू ने स्थापित किया था, के प्रमुख सच्चिदानंद स्वामी ने मांग की है कि इस शर्टलेस प्रथा पर रोक लगाई जाए। यह मांग उन्होंने केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन से की है, जो पिछले दिनों वार्षिक शिवगिरी तीर्थ के उद्घाटन सत्र में आए थे। मठ प्रमुख का कहना है कि ड्रेस कोड का धर्मशास्त्रों या आध्यात्मिकता से कोई लेना देना नहीं है और यह केरल की जातिप्रथा का वीभत्स व अपमानजनक अवशेष है। स्वामी के अनुसार "मंदिर और देवता माध्यम हैं, जो श्रद्धालुओं को आकारहीन व नामरहित ईश्वर तक पहुंचने में मदद करते हैं। बाहरी आवरण या श्रद्धलुओं के ड्रेस कोड से इसका कोई संबंध नहीं है। सिर्फ इस बात का महत्व है कि जब श्रद्धालु मंदिर में और देवता के सामने होता है, तब उसके मन में क्या चल रहा होता है।" स्वामी के अनुसार इस प्रकार के ड्रेस कोड उन पुजारियों के अविष्कार थे, जो गैर-ब्राह्मणों को मंदिरों से दूर रखना चाहते थे। सच्चिदानंद स्वामी की इस टिप्पणी के विरुद्ध श्री नारायण धर्म परिपालन (एसएनडीपी) के महासचिव वेल्लापल्ली नतेशान ने इस मामले पर जोर देते हुए कहा है कि इस तरह के मुद्दों से हिंदू समुदाय को विभाजित करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उनके मुताबिक "हिंदुओं के बीच विभिन्न रीति-रिवाजों और प्रथाओं का पालन करने वाले कई वर्ग हैं। इस तरह के मुद्दों के जरिए उनके बीच विभाजन की कोशिश नहीं करनी चाहिए।' उन्होंने अलग-अलग प्रथाओं के बावजूद हिंदुओं के बीच एकता की बात कही है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले विजयन ने भी श्री नारायण गुरू को सनातन धर्म से अलग साबित करने का प्रयास किया था। लेकिन अब उन्होंने स्वामी की मांग पर सावधानीपूर्वक सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि ड्रेस कोड पर विराम मंदिर स्टेकहोल्डर्स में आम सहमति बनने के बाद ही लगाई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री की संतुलित प्रतिक्रिया संभवतः इस कारण से थी क्योंकि सबरीमाला मंदिर में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू करने पर उन्हें कड़वा अनुभव हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर में सभी आयु की महिलाओं को प्रवेश करने की अनुमति दे दी थी। इसका जबरदस्त विरोध हुआ था। अब यह मुद्दा फिर से सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। ट्रावनकोर देवस्थानम बोर्ड के अध्यक्ष पी. एस. प्रसंथ ने मुख्यमंत्री के सुर में सुर मिलाते हुए कहा है, "स्वामी का सुझाव सकारात्मक है। लेकिन इस सिलसिले में बोर्ड अकेले फैसला नहीं कर सकता। सहमति बनाना आवश्यक है।" इतिहासकारों का अनुमान है कि ड्रेस कोड का उदय शायद इस कारण से हुआ होगा कि लोग लापरवाही से मंदिर में प्रवेश न करें या मंदिरों को पर्यटन स्थल न बना लें। लेकिन यह भी तथ्य है कि इस प्रकार की पाबंदियां केवल केरल में या कुछ मंदिरों जैसे कर्नाटक के श्री मूकाम्बिका मंदिर में ही हैं, मलयाली ब्राह्मणों की साझा परम्पराओं की वजह से।



भारत के अधिकतर मंदिरों में श्रद्धालुओं को बिना ड्रेस कोड के पाबंदियों के गर्भगृह तक में जाने की अनुमति है। गौरतलब है कि केरल सरकार ने 1970 के दशक में भी ड्रेस कोड को हटाने का असफल प्रयास किया था। बहरहाल, स्वामी के प्रस्ताव पर विजयन के समर्थन ने विवादित रूप उस समय ले लिया, जब नायर सर्विस सोसाइटी (एनएसएस) के महासचिव जी. सुकुमारन नायर ने कहा कि मंदिर की परम्पराओं को सरकार सहित कोई भी नहीं बदल सकता। उनके अनुसार स्वामी को मंदिर प्रथाएं बदलने का कोई अधिकार नहीं है। हर मंदिर की अपनी प्रथा व परम्परा है और ड्रेस कोड उसका आवश्यक हिस्सा है। दूसरी ओर एनएसएस का विरोध करने वाले भी कम नहीं हैं। श्री नारायण धर्म परिपालन (एसएनडीपी), योगम के महासचिव वी. नतेसन का कहना है कि ऐसे मुद्दों से हिंदू समुदाय को विभाजित न किया जाए। अनावश्यक पाबंदियों और खराब प्रथाओं को खत्म कर देना चाहिए। लेकिन परिवर्तन विस्तृत वार्ता व सहमति के बाद ही आना चाहिए।

- इमेज

## पंचांग

14 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| • विक्रम संवत् | - | 2081 |
| • शक संवत् | - | 1946 |
| • ऋतु | - | शिशिर |
| • माह | - | माघ |
| • पक्ष | - | कृष्ण |
| • तिथि | - | प्रतिपदा 27.22 तक |
| • वार | - | मंगलवार |
| • नक्षत्र | - | पुनर्वसु 10.17 तक |
| • योग | - | विष्कुंभ 26.59 तक |
| • करण | - | बालव 15.36 तक |
| • सूर्योदय | - | 07.16 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - | 06.19 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - | 07.28 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - | 06.11 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - | कर्क |
| • अभिजित् मुहूर्त | - | 12.25 से 13.09 |
| • राहु काल | - | 15.33 से 16.57 |
| • व्रत, त्यौहार | - | सूर्य मकर में 08.56, मकर संक्रांति पुण्यकाल 08.56 से सूर्यास्त, पोंगल (दक्षिण भारत) |
| • दिशा शूल | - | उत्तर |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### महाकुंभ में सबसे पहले साधु-संत ही क्यों करते शाही स्नान?

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की शुरुआत सोमवार से हो चुकी है। ये धार्मिक समागम 45 दिनों तक चलेगा। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का अंतिम शाही स्नान होगा, जिसके बाद इस धार्मिक समागम का समापन हो जाएगा। महाकुंभ में छह शाही स्नान होंगे। सोमवार को पौष पूर्णिमा का पहला शाही स्नान हुआ। साधु-संतों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी से ये महाकुंभ बहुत ही भव्य नजर आ रहा है।

#### महाकुंभ के समय नदियों का जल अमृत

मान्यता है कि महाकुंभ के समय नदियों का जल अमृत हो जाता है। महाकुंभ में स्नान से पुण्य की प्राप्ति हो जाती है। साथ ही महाकुंभ में स्नान के बाद मोक्ष मिल जाता है। व्यक्ति के सारे पाप धुल जाया करते हैं। इस वजह से ही महाकुंभ में स्नान बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन महाकुंभ के शाही स्नान में सबसे पहले साधु संत ही डुबकी क्यों लगाते हैं। आइए जानते हैं इसके पीछे क्या कारण है।

#### साधु संत पहले क्यों करते शाही स्नान

दरअसल महाकुंभ में शाही स्नान को बहुत ही विशेष माना गया है। शाही स्नान का समय ज्योतिष गणना से तय किया जाता है। साधु-संत हिमालय में रहते हैं। वो सांसारिक मोह माया का त्याग कर चुके होते हैं। मोह माया का त्याग कर चुके साधु-संतों को सबसे पहले नदियों में डुबकी लगवाई जाती है। साधु-संतों के स्नान के समय मंत्रोच्चारण होता है, शंख ध्वनि बजती है और धूप-दीप से वातावरण आध्यात्मिक और भक्तिमय हो जाता है। जैसे आत्मा परमात्मा से मिल रही हो। लंबे बाल और जटाओं वाले साधु-संत सबसे पहले हर-हर गंगे के जयकारे के साथ शाही स्नान करते हैं। साधु-संत हर परिस्थिति में भगवान की भक्ति में लीन रहते हैं। साधु-संतों पर मौसम का भी असर नजर नहीं आता। साधु-संतों के स्नान के बाद ही आम लोग मोक्ष की चाह में स्नान करते हैं।

## तारीख विशेष

### महाश्वेता देवी



महाश्वेता देवी (1926-2016) भारत की प्रतिष्ठित लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता थीं। उनका जन्म 14 जनवरी 1926 को ढाका (अब बांग्लादेश) में हुआ था। उनकी रचनाएं न केवल साहित्यिक उत्कृष्टता का उदाहरण हैं, बल्कि समाज के हाशिए पर रहने वाले लोगों के जीवन और संघर्षों का सजीव चित्रण भी करती हैं। उन्होंने अपने लेखन में आदिवासी समुदायों, मजदूरों और वंचित वर्गों की पीड़ा और संघर्ष को मुख्यधारा में लाने का काम किया। उनकी प्रसिद्ध रचनाओं में हजार चौरासी की मां, अरण्येर अधिकार और रुदाली शामिल हैं। इन कृतियों में उन्होंने न केवल सामाजिक असमानता को उजागर किया, बल्कि सत्ता और शोषण के खिलाफ आवाज भी उठाई। महाश्वेता देवी सामाजिक आंदोलनों से भी सक्रिय रूप से जुड़ी रहीं। उन्होंने आदिवासी अधिकारों, जल-जंगल-जमीन के संरक्षण और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संघर्ष किया। उनके योगदान के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार, पद्मश्री, पद्मविभूषण और रमन मैग्सेसे पुरस्कार जैसे प्रतिष्ठित सम्मान मिले। उनकी लेखनी और समाजसेवा ने उन्हें भारतीय साहित्य और समाज सुधार के क्षेत्र में अमर बना दिया। उनका जीवन सच्चाई और न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उनकी रचनाएं आदिवासी समुदायों, मजदूरों और वंचित वर्गों के संघर्ष को मुख्यधारा में लाने का माध्यम बनीं। हजार चौरासी की मां, अरण्येर अधिकार, और रुदाली जैसी कृतियां उनकी साहित्यिक प्रतिभा का उदाहरण हैं। साहित्य के साथ-साथ वह सामाजिक आंदोलनों में भी सक्रिय रहीं और आदिवासी अधिकारों के लिए काम किया। उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार, पद्मश्री, पद्मविभूषण और रमन मैग्सेसे पुरस्कार जैसे सम्मान मिले। महाश्वेता देवी का जीवन साहित्य और समाजसेवा का प्रतीक है।

## एक्स्ट्रा रीडिंग

# अमरीकियों-यूरोपियों को भी पुनर्जन्म पर यकीन करना पड़ा

एन. के. अरोड़ा

जेम्स लेनिंजर एक 5 साल का मासूम बच्चा था, लेकिन वह बातें करता था खुद के लड़ाकू विमान का पायलट होने की। शुरू में तो लोग इस बच्चे की बातों को गप्प समझते रहे। लेकिन जब कई महीनों तक वह बार-बार यह किस्सा बिना फेरबदल सुनाता रहा कि वह एक लड़ाकू विमान का पायलट है, सेकंड वर्ल्ड वार के समय उसका विमान जापान के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जहां वो मारा गया। तब यह खबर अमरीका के सैनिक विभाग तक पहुंची और फिर उन दावों की जांच हुई जिनका जिक्र लेनिंजर बार बार कर रहा था और हैरानी की बात यह थी वो सब सही पाई गईं।

- इमेज



वास्तव में जिस जगह पांच वर्षीय लेनिंजर विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की जगह बता रहा था, पाया गया कि उस जगह अमरीका का एक लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसके चालक जेम्स हस्टन थे, जिसकी कहानी हूबहू वैसी ही पाई गई, जैसे जेम्स लेनिंजर ने बताई थी। उससे भी ज्यादा हैरान करने वाली अमेरिका के ही एक और बच्चे की पुनर्जन्म की कहानी थी। इसका नाम था गस टेलर, जब करीब 5 साल का हुआ तो उसने गंभीरता से कहना शुरु कर दिया कि वह अपने दादा का पुनर्जन्म है। जब घर के लोगों ने कहा अगर ऐसा है तो दादा से जुड़ी वह कुछ ऐसी बात बताएं जिसका जिक्र नहीं होता। इस पर गस ने एक दो नहीं दर्जनों ऐसी बातें बताईं और सबको अपने दांतों तले अंगुलियां दबाकर मानना पड़ा कि वो सब सही है। यहां तक कि इस बच्चे ने अपनी पत्नी यानी दादी से जुड़ी भी कई ऐसी बातें बताईं, जो सिर्फ उस महिला को ही याद थीं। भारत में तो अगर एकत्र की जाएं तो ऐसी लाखों कहानियां होंगी, जो हैरान करने की हद तक हूबहू पुनर्जन्म की कहानी दोहराती हैं। साल 1930 में अंग्रेजों को भारतीयों द्वारा सुनाई जाने वाली पुनर्जन्म की कहानी सिर्फ कपोल कल्पना ही लगती थी। उन्हीं दिनों दिल्ली की एक लड़की शांति देवी ने दावा किया कि वह पिछले जन्म की मथुरा की लुगदी देवी है। जिसके पास अपने पति, उसके घर और मृत्यु से जुड़ी कहानी का पल-पल का ब्योरा था। कहते हैं एक अंग्रेज अफसर को इस दकियानूसी कहानी पर गुस्सा आ गया और वह इस मामले को कोर्ट तक ले गया, जहां कोर्ट ने कुछ लोगों को भेजकर यह जांचने की कोशिश की कि आखिर यह बात कितनी सही है। ये लोग शांति देवी को लेकर दिल्ली से मथुरा गए। वहां पहुंचते ही उसने तेजी से आगे आगे जाकर अपने घर को पहचान लिया। अपने घर के बाकी लोगों को पहचान लिया और कई ऐसी बातें बताईं, जो हैरान करने वाली थीं। उसने घर के अंदर की एक दीवार में दरवाजे के पीछे एक छोटे से बंद आले का जिक्र किया, जिसमें छुपाकर कीमती चीजें रखी गई थीं। यह आला दरवाजे के पीछे मिट्टी से बंद कर दिया गया था। लेकिन जब शांति देवी के कहने पर उस जगह को खोदा गया तो एक छोटा सा आला निकला और उस आले में रखे कई खानदानी पुराने जेवर मिले, जिनका पता तब तक शांति देवी के घर वाले भूल चुके थे। लेकिन भारत में पुनर्जन्म की सबसे हैरान करने वाली कहानी ग्वालियर की है और यह गोपीनाथ तिवारी के पुनर्जन्म की कहानी के रूप में बहुत मशहूर है। इस कहानी में अदालती हस्तक्षेप हुआ था और काफी हद तक यह सही पायी गई थी। दरअसल कानपुर जिले के एक छोटे से गांव में रह रहा 6 साल का बच्चा जिसका नाम गोपीनाथ था, उसने बताया कि वह पिछले जन्म में ग्वालियर में रहता था और उसकी हत्या उसके भाई ने ही कर दी थी। लोगों को लगा यह कपोल कल्पित कहानी होगी, लेकिन जब गोपीनाथ तिवारी को ग्वालियर ले जाया गया, तो उसने न केवल अपना घर ढूंढ़ लिया। घर की एक एक जगह का सटीक विवरण दिया, यहां तक कि पुलिस को वह जगह भी दिखाई, जहां उसका सालों पहले कत्ल कर दिया गया था और गांव के लोगों ने इन सब बातों को सही बताया। लेकिन उसी समय एक ही नाम के कई लोग सक्रिय थे, इसलिए अदालत ने अंततः इस मामले को सुनवाई के लिए नहीं स्वीकार किया। मगर जिस तरह से एक 6 साल के लड़के ने पिछले जन्म की अपनी कहानी सुनाई थी और लोगों ने इसे सच पाया था। लेकिन अदालती कार्यवाई की अपनी कुछ सीमाएं थीं, इस कारण इस कहानी को भी नहीं स्वीकार किया गया। पर जितने लोग इन कहानियों के दावों को जांचने की प्रक्रिया में लगे थे, उन सबने अपने अपने स्तर पर इन सभी कहानियों को सच पाया। पुनर्जन्म की कहानियों के आधार पर कई लोगों की गिरफ्तारियां भी हो चुकी हैं और कई कहानियों को सच पाए जाने पर अदालती कार्यवाईयों में भी ट्विस्टिंग हुई है। लेकिन व्यापक रूप से न तो दुनिया उन लोगों को मुतमईन कर सकी है, जो मानते हैं कि दुनिया में पुनर्जन्म नाम की कोई चीज नहीं होती और न ही पूरी तरह से ये पुनर्जन्म की कहानियां हकीकत मानी जा सकीं है, क्योंकि कुछ न कुछ सारी कहानियों में झोल भी मौजूद रहता है। मगर कैलिफोर्निया के एक बादाम के बगीचे के किसान ने तो एक महिला को अपनी पत्नी बताया था और यहां तक दावा किया कि उसके सिर के पिछले हिस्से पर बालों के नीचे एक जख्म का निशान है और वह निशान सही पाया गया। इस कहानी को हैरान करने वाली मगर इसके पीछे वजह को न समझ में आने वाली घटना ही माना।



## गीता सार

**श्रीभगवानुवाच**

**काम एष क्रोध एष रजोगुणसमुद्भवः ।**
**महाशनो महापाप्मा विद्धयेनमिह वैरिणम् ॥ (३७)**

**भावार्थ :** श्री भगवान ने कहा-इसका कारण रजोगुण से उत्पन्न होने वाले काम (विषय-वासना) और क्रोध बड़े पापी है, तू इन्हें ही इस संसार में अग्नि के समान कभी न तृप्त होने वाले महान-शत्रु समझ। (३७)

## बोले तो...



हम चाहते हैं कि कश्मीर और भी सुंदर और समृद्ध हो। यहां के लोग अपने सपनों को हकीकत में बदलने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। हम जब काम शुरू करते हैं तो उसे पूरा भी करते हैं। हर काम का एक सही समय होता है और हम हमेशा उस समय में सही काम करते हैं।

- नरेंद्र मोदी

दिल्ली सरकार द्वारा कैग रिपोर्ट को सदन में रखने में आनाकानी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब यह और भी स्पष्ट हो गया है कि स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है, केवल विकास कार्यों, पर्यावरण और जलभराव वाली सड़कों के मामले में ही नहीं, बल्कि संवैधानिक मामलों में भी।



- डा. सुधांशु त्रिवेदी



पूर्वी लद्दाख में एलएसी की स्थिति संवेदनशील है लेकिन स्थिर है। पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त शुरू हो गई है। पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम जारी है। हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।

- उपेंद्र द्विवेदी

## कुछ अलग | अजब गजब

# इस देश में कंपनियां अपने कर्मचारियों के लिए रख रहीं जासूस, हो रहे चौंकाने वाले खुलासे

किसी भी कंपनी में काम करने के अपने कायदे-कानून होते हैं। जिसके तहत कर्मचारी को चलना होता है। हालांकि कई बार ऐसा देखा जाता है कि कंपनियां अपने यहां कर्मचारियों को लेकर कुछ ऐसा करते हैं कि मामला चर्चा का विषय बन जाता है। ऐसा ही एक किस्सा इन दिनों जर्मनी से सामने आया है। यहां कंपनियां अपने कर्मचारियों पर नजर रख रही है। जिसका कारण जानने के बाद यकीन मानिए आप भी हैरान रह जाएंगे। जर्मनी में जॉब मार्केट में एक चौंकाने वाला ट्रेंड देखने को मिल रहा है, यहां कंपनियों ने कुछ जासूस हायर किए है। जिनका काम है उन कर्मचारियों पर नजर रखना, जो लंबे समय से बीमारी का बहाना बनाकर छुट्टी पर चल रहे हैं। ये जासूस रखने का मकसद सिर्फ इतना है कि क्या ये सभी छुट्टियां वाकई में जरूरी थीं या सिर्फ बहाना। इस बात का खुलासा फ्रैंकफर्ट में स्थित लेंट्ज़ ग्रुप नाम की एक प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसी ने किया है। एजेंसी ने दावा किया है कि हर साल उनकी कंपनी को



ऐसे 1200 मामलों के टेंडर मिलते हैं। जहां ये हमें इसकी जांच करनी होती है।

**क्यों कर रही कंपनी ऐसा?**

हैरानी की बात तो ये है कि हर साल ऐसे में मामलों में हम लोगों को बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि 2021 में औसतन हर कर्मचारी ने 11.1 दिन की बीमारी की छुट्टी ली थी, जो 2023 में बढ़कर 15.1 दिन हो गई। इस छुट्टियों के कारण श की जीडीपी में 0.8% की गिरावट आई। जिससे लोगों को अब आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ रहा है और ऐसा ही नुकसान कंपनी को भी देखने को मिल रहा है। डिटेक्टिव्स को रखने से कंपनियों को फायदा भी मिला क्योंकि कई जासूसों ने पाया कि कंपनी में जो लोग बीमार बोलकर छुट्टी पर चले जाते थे, वो अपना ही काम निपटा रहे होते थे। जैसे एक जासूस ने पाया कि एक शख्स कंपनी से बीमारी का बहाना बनाकर पने घर की मरम्मत करा रहा है। आपको बता दें कि जर्मनी में एक कानून है, जिसके तहत अगर कोई कर्मचारी बीमार हो गया है तो उसे 6 हफ्तों तक पूरी सैलरी मिलती है और इसके बाद का सारा खर्च इंशोरेंस कंपनियां उठाती है। ऐसे में कर्मचारी इसका फायदा उठाकर छुट्टी पर चले जाते हैं। हालांकि इस मामले के सामने आने के बाद काफी बवाल मचता नजर आ रहा है।

## पाठक पाती

### विघटन की कगार पर गठबंधन

ईडी गठबंधन के विघटन की संभावना ने भारतीय राजनीति में एक नए दौर की शुरुआत की है। यह गठबंधन विभिन्न पार्टियों के बीच बना था, जिन्होंने एक साझा मंच पर आकर सरकार बनाने का फैसला किया था। लेकिन अब यह गठबंधन टूटने के कगार पर है। गठबंधन की राजनीति में विभिन्न पार्टियों के बीच समझौता और सहयोग होता है। लेकिन जब यह समझौता टूट जाता है तो गठबंधन का विघटन हो जाता है। हिंदी गठबंधन के विघटन के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनमें से एक यह है कि विभिन्न पार्टियों के बीच मतभेद बढ़ गए हैं। सभी सहयोगी दल अपनी अपनी डफली अपना अपना राग बजा रहे हैं। ईडी गठबंधन के विघटन से भारतीय राजनीति में एक नए दौर की शुरुआत होगी। यह गठबंधन टूटने से विभिन्न पार्टियों को अपने राजनीतिक भविष्य के बारे में सोचना होगा। उन्हें अपने राजनीतिक एजेंडे को फिर से परिभाषित करना होगा और अपने समर्थकों को आकर्षित करने के लिए नए तरीके ढूंढने होंगे। इस प्रकार ईडी गठबंधन के विघटन से भारतीय राजनीति में एक नए दौर की शुरुआत होगी। यह गठबंधन टूटने से विभिन्न पार्टियों को अपने राजनीतिक भविष्य के बारे में सोचना होगा। उन्हें अपने राजनीतिक एजेंडे को फिर से परिभाषित करना होगा और अपने समर्थकों को आकर्षित करने के लिए नए तरीके ढूंढने होंगे।

-सुभाष बुड़ावन वाला

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**

ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# अन्नदाताओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकार : यादव





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** किसान कांग्रेस के तत्वावधान में किसान जाग्रति यात्रा कार्य' म के प्रदेश प्रभारी सत्यवीर यादव, प्रदेशाध्यक्ष शिवभगवान नागा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द व प्रदेश कांग्रेस महासचिव शिशुपालसिंह निम्बाड़ा के सान्निध्य में आयोजित किया गया। किसान कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी यादव ने कहा कि भाजपा सरकार अन्नदाताओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। देश में किसानों को फसलों के उचित दाम दिलाने व किसानों के कर्ज माफ करवाने की पुरजोर मांग करते हुए केंद्र सरकार से धरने पर बैठे किसानों की मांगों पर तत्काल सहानुभूति पूर्वक विचार कर लागू करवाने की माग की।

### इनकी रही उपस्थिति

*मदनसिंह जागरवाल, महबूबभाई, गोरधन देवसी, भंवर राव, प्रकाश सांखला, जोगाराम सोलंकी, गणेश चौधरी, सोहनसिंह गुरलाई, सूकाराम दमामी, मंगूसिंह दूदावत, वजीर खान, पुष्प सोनी, ललित परिहार, राजूसिंह सोनाई, दिलीपसिंह रावलवास, सज्जन दमामी, जीवराज चौहान, अमीन अली, चंद्रपालसिंह, गुलाब सोढ़ा, भीमसिंह, गजेंद्रसिंह, अनिलसिंह राजपुरोहित, ऋषि खेड़ा, धनाराम माली, मांगीलाल माली, भंवरलाल गहलोत, हीराराम सथार, हीराराम दोलपुरा, डायाराम मीणा, मांगीलाल बाबा गांव, कपूराराम मेघवाल, लसाराम मेघवाल, शंकरलाल मीणा, सकाराम मीणा, भीकाराम मेघवाल, जीवाराम मीणा, नेकाराम मीणा, भटाराम वजाराम देवासी, भूराराम दुजाना, भूराराम देवासी खिवांदी, दानाराम भील, भीमाराम मेघवाल भी मौजूद थे।*

प्रदेशाध्यक्ष नागा ने प्रदेश के किसानों की मांगों व समस्याओं के समाधान नहीं होने पर शीघ्र ही आंदोलन करने की सरकार को चेतावनी देते हुए कार्यकर्ताओं से किसानों के हित में संघर्ष में तैयार रहने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष दर्द व प्रदेश महासचिव निम्बाड़ा ने जिले में किसानों की फसलों के खराब होने पर मुआवजा नहीं मिलने व फसल बीमा का भुगतान नहीं होने से किसानों की परेशानी से अवगत कराया। इस अवसर पर महावीरसिंह, करणसिंह मेड़तिया, धर्मेंद्र काला, मोहन हटेला, नीलम बिड़ला, जीवराज बोराणा ने भी संबोधित किया। यात्रा के संयोजक मोहनसिंह हेमावास ने सभी का स्वागत करते हुए जिला संयोजक शंकरलाल गहलोत के साथ अतिथियों का साफा माला पहना कर स्वागत किया। किसान प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं के बारे में बात रखी। शंकरलाल गहलोत ने आभार जताया।

# कार्य का बहिष्कार कर पटवारी बैठे हड़ताल पर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

सांडेराव। राजस्थान पटवार संघ के आह्वान पर विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशभर में जारी पटवारियों की हड़ताल के तहत क्षेत्र के पटवारी भी सोमवार को कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर उतर गए है। पटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से लोगों को नामांतरण खुलवाने, गिरदावरी करवाने सहित पटवार कार्यालय से संबंधित कई कामों को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ेगा। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र कविया के अनुसार 9 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवार संघ राजस्थान लंबे समय से आंदोलन की राह पर है। पूर्व में सरकार से मिले आश्वासन के बाद राज्य भर के पटवारी काम पर लौटे थे। लेकिन सरकार की ओर से समय रहते मांगों को पूरा नहीं किया गया। जिसके चलते पटवारी वापस आंदोलन करने को मजबूर है। जिलाध्यक्ष युद्धवीर सिंह के अनुसार 9 सूत्री मांगों में सबसे प्रमुख मांग गिरदावरी एप में संशोधन कराना शामिल है। गिरदावरी के लिए सरकार ने जो एप बनाया है, जिसमें सर्वेयर के जरिए गिरदावरी करवाई जा रही है। ऐसे में गिरदावरी के लिए एप में संशोधन कराने और सर्वेयर की नियुक्ति नहीं करने की मांग की गई है। इस दौरान उपाध्यक्ष कालूराम मीणा, दिनेशकुमार, सुरेश ओझा, राम लखन, जीतेन्द्रसिंह, मनीष मीणा, करणसिंह, कैलाश पुनिया, नटवरसिंह, जमकाबाई आदि पटवारी मौजूद थे।

### ये है प्रमुख मांगें

*-पटवारी से भू-अभिलेख निरीक्षक पद की डीपीसी और भू-अभिलेख निरीक्षक पद से नायब तहसीलदार पद की डीपीसी का लंबित कार्य जल्द करवाया जाए।*

*-752 भू-अभिलेख निरीक्षक के नए पदों के सृजन के लिए पत्रवाली एक साल से पेंडिंग पड़ी है, जिसे सरकार से जल्द क्लियर करवाने के साथ नए पद सृजित करवाए जाएं।*

*-पटवार भवनों में फर्नीचर, लैपटॉप, कम्प्यूटर, प्रिंटर समेत अन्य सुविधाएं देने के साथ पटवार मंडलों की संख्या बढ़ाई जाए।*

*-नायब तहसीलदार से तहसीलदार के पद पर की जाने वाली पदोन्नति में कोटा बढ़ाया जाए।*

*-हार्ड ड्यूटी भत्ता 2500 से बढ़ाकर 5000 रुपए करने और स्टेशनरी भत्ते को 400 से बढ़ाकर 1000 रुपए कराया जाए।*

# सरकारी अस्पताल में महिला चिकित्सक नियुक्त करवाने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** वरिष्ठ नागरिक समिति के तत्वावधान में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन भेजकर कस्बे के देवीबाई रंगराज सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक की नियुक्ति करवाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि चिकित्सालय मे लम्बे समय से महिला चिकित्सक का पद रिक्त है। जबकि नाडोल गांव व आस-पास के लगभग 20 से 25 गांवों से प्रसुताएं व अन्य महिला मरीज इस चिकित्साय में आते है। महिला चिकित्सक का अभाव होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। चिकित्सालय जोधपुर वाया उदयपुर गोमती मेघा हाइवे पर आया हुआ। यहां पर दुघर्टनाएं होती रहती है। ऐसे में महिलाओं को रानी, फालना, सादड़ी, पाली, पालनपुर व गुजरात के अन्य स्थानों पर रेफर करना पड़ता है। समिति पदाधिकारियों ने मंत्री से स्थाई नियुक्ति नहीं होने तक प्रतिनियुक्ति पर महिला चिकित्सक नियुक्त करवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि यहां सात डाक्टरों के स्वीकृत पदों के विपरित मात्र दो चिकित्सक ही कार्यरत है, ऐसे में शेष पांच पदों पर भी नियुक्ति करवाई जाए।

# जूणा गांव को पंचायत का दर्जा दिलवाने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** मोरखा पंचायत के जूणा गांव के लोगों ने अधिवक्ता श्रीपाल मेघवाल के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप पंचायत के अधीन जूणा गांव को पंचायत का दर्जा दिलवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि जूणा गांव पंचायत मुख्यालय मोरखा से 11 किलोमीटर दूर है। विभिन्न कार्यों के लिए ग्रामीणों को मोरखा जाने के लिए सादड़ी व मुंडारा होते हुए पहुंचना पड़ता है। जूणा के ग्रामीणों की ओर से गांव को पंचायत का दर्जा दिलवाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। जूणा गांव में वर्तमान में छह वार्ड है जिनमें कुल मतदाता 2526 है। जनसंख्या 3046 रही है जो अब बढ़कर चार हजार से पार कर गई है। गांव में 846 राशनकार्ड धारक है। एक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दो राजकीय प्राथमिक विद्यालय, दो आंगनवाड़ी केंद्र, एक स्वास्थ्य उपकेन्द्र मय आवास, एक पशु चिकित्सा उपकेन्द्र, एक उचित मूल्य की दुकान, एक दूध संकलन केंद्र मौजूद है। राज्य राजमार्ग से करीब है। इसके साथ पेयजल के लिए जवाई परियोजना के तहत गांव में पेयजल उपलब्ध है एवं अन्य जलस्त्रोत के साथ सिंचाई के लिए जूणा मालारी (मोडिया) बांध से नहर से जुड़ा है। गांव पंचायत का दर्जा हासिल करने की दक्षता रखता है। इस दौरान रामलाल, मांगीलाल, भैराराम चौधरी, सुरेश कुमार, मगाराम, अशोककुमार, सुरेश मीणा, नवाराम, तेजाराम चौधरी, वजाराम चौधरी, मोहनलाल, दुदाराम, बाबूलाल, पकाराम, गंगाराम, पुखराज घांची, विरमाराम, घेवरचंद सुथार, रूपाराम चौधरी, गंगाराम प्रजापत, मगाराम हीरागर, वालाराम मेघवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



# स्थानांतरण पर विकास अधिकारी को दी विदाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** पंचायत समिति के विकास अधिकारी वि' मसिंह राजपुरोहित का बिलाड़ा स्थानांतरण होने पर अधिकारियों व कार्मिकों की ओर से उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। समिति सभागार में उपखंड अधिकारी विवेक व्यास, समाजसेवी अमरसिंह राजपुरोहित, ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष अचलसिंह सोलंकी, पस सदस्य वि' मसिंह इंदा, विजराजसिंह राजपुरोहित, भाजपा जिला मंत्री व सरपंच घीसूलाल मेघवाल, एइएन कुम्भसिंह भाटी, राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित की मौजूदगी में स्थानांतरित राजपुरोहित को साफा व माला पहनाकर अभिनंदन करते हएु विदाई दी गई। उपखंड अधिकारी व्यास ने कहा कि देसूरी पंचायत समिति के बेहतरीन विकास के लिए विकास अधिकारी राजपुरोहित की सेवाएं याद रखी जाएगी। इस दौरान समस्त सरपंचों, ग्राम विकास अधिकारियों, कनिष्ठ सहायकों समेत जनप्रतिनिधियों ने राजपुरोहित का साफा व माला पहनाकर उन्हें विदाई दी। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी ढलाराम चौहान, रूपसिंह चारण, उम्मेदसिंह राणावत, गणेशराम, गलाराम मेघवाल, राकेशकुमार, हरिश्चन्द्र, अशोककुमार, कालूराम मेघवाल, प्रवीण सोनल, जगमोहन, सरपंच शेखर मीणा, दौलत राईका, जयदेवसिंह, सोहनलाल जांगिड़, सुखलाल मेघवाल, लकमराम चौधरी, प्रहलादसिंह सोलंकी, असलमखान मुगल, धर्मेंद्रसिंह, जेटीए मांगीलाल, जयप्रकाश दादलिया, अशोक कुमावत, राजकुमार, भरतसिंह, भावेश वैष्णव, जितेंद्र मेघवाल हरीशकुमार, प्रकाश सैन समेत कई कार्मिक मौजूद रहे।



## टंकण परीक्षा 18 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली जिले के मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रित व अनुकम्पात्मक नियुक्ति प्राप्त राजकीय कार्मिकों की जनवरी 2025 की टंकण परीक्षा 18 जनवरी को कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जनसुनवाई केंद्र कलेक्ट्रेट परिसर पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा पांच अलग-अलग पारियों में आयोजित की जाएगी।

## ज्वैलर्स की दुकान में नकबजनी की वारदात का खुलासा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना/बाली।** फालना पुलिस ने ज्वैलर्स की दुकान में नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी विक्रमसिंह सांदू के अनुसार 8 जनवरी की रात्रि में एक ज्वेलर्स की दुकान के ताले तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात चुरा ले गए। प्रकरण में पुलिस की ओर से हर एंगल से जांच की गई। इस पर दो युवकों की गतिविधियां संदिग्ध पाई गई। इस पर जालोर जिले के आहोर स्थित सुभाष चौक निवासी नरेशकुमार पुत्र शंकरलाल धोबी एवं आहोर निवासी श्रीपाल जैन पुत्र दिनेश जैन को दस्तियाब कर पूछताछ की गई। इस पर आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। जिस पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।



# प्राण-घातक हमले का आरोपी गिरफ्तार

**अस्पताल में भर्ती घायल युवक अभी भी अचेतावस्था में**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश के चलते लाठी से प्राण घातक हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को उदयपुर से गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी सीआइ परबतसिंह के अनुसार 14 दिसंबर 2024 को जीताराम उर्फ शंकर गरासिया ने पुरानी रंजिश के चलते ताहीर हुसैन पर लाठी से जानलेवा हमला कर दिया। सिर में चोट लगने से ताहीर घायल होकर अचेत हो गया। परिजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए जहां से उसे जोधपुर रेफर कर दिया गया। युवक अभी भी जोधपुर में अचेतावस्था में उपचाराधीन है। पीड़ित के भाई फरदीन खान ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। जिसने पुख्ता सूत्रों से आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर जीताराम उर्फ शंकर गरासिया को उदयपुर के खादरा कुरा सायरा से गिरफ्तार कर लिया।



# क्षतिग्रस्त सड़कों व पुलियों के नवीनीकरण एवं पुनरुद्धार को 7393.36 लाख की स्वीकृति

**कैबिनेट मंत्री कुमावत ने जारी करवाई स्वीकृति**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** जिले के विधानसभा क्षेत्र सुमेरपुर में बिपरजॉय तूफान तथा अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त विभिन्न सड़कों तथा पुलियों के नवीनीकरण एवं पुनरुद्धार के लिए 16 कार्यों के लिए सरकार ने 7393.36 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जन प्रतिनिधियों द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही थी। मंत्री के अथक प्रयासों के फलस्वरूप रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा विधानसभा क्षेत्र सुमेरपुर में बिपरजॉय तूफान तथा अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों तथा पुलियों के नवीनीकरण एवं पुनरुद्धार के लिए 16 कार्यों के लिए 7393.36 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान कर क्षेत्र के लोगों को सौगात प्रदान की गई हैं। स्वीकृति पर पाली प्रधान मोहिनी देवी पुखराज पटेल, सुमेरपुर प्रधान उर्मिलादेवी, गजेंद्रसिंह सहित समस्त जन प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और आमजन ने कुमावत के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल व उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को आभार जताया।



### इन रोड़ व पुलियाओं की मिली स्वीकृति

*विभिन्न कार्यों में रामासिया भांवरी वाया मणिहारी सड़क किमी 5/0 से 24/0 के लिए 28 50.00 लाख, गिरवर चाणोद सड़क किमी 2 में पुल निर्माण कार्य 1000 लाख, फालना सुमेरपुर सड़क किमी 17/0 से 20/0 के लिए 350.00 लाख, सुमेरपुर जवाई बांध सहक 800 लाख, सांडेराव-कोसेलाव-पावा-जव जोड़ चौराहा मोकलसर सड़क के लिए 450 लाख, कोसेलाव से तखतगढ़ सड़क किमी 0 से 11 के लिए 450 लाख, सांडेराव खिमाड़ा किमी 5 में पुल निर्माण के लिए 500 लाख, मिसिंग लिंक सड़क खिन्दारा गांव से बेडल के लिए 418.36 लाख, सुमेरपुर भारुन्द नोवी सड़क के लिए 110 लाख, खेतावास से सोवानिया सड़क किमी 3 में पाइप पुलिया निर्माण के लिए 30 लाख, सम्पर्क सड़क दयालपुरा 3 किमी के लिए 90 लाख, सम्पर्क सड़क खंडावास सड़क 2 किमी के लिए 80 लाख, गुरडाई से नागेश्वर नगर सड़क 1.5 किमी के लिए 45 लाख, सम्पर्क सड़क रावलवास 2 किमी के लिए 60 लाख, निम्बली उर्रा से भांगेसर सड़क किमी 1 में पाइप पुलिया निर्माण के लिए 35 लाख, सुमेरपुर जवाईबांध वाया कोलीवाड़ा सड़क के लिए 125 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई हैं।*

# कांग्रेस पार्षदों सहित कार्यकर्ताओं ने खोला नगर पालिका की कार्यशैली के खिलाफ मोर्चा

**मुख्यमंत्री के नाम 11 मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

**धरना प्रदर्शन कर जताया विरोध**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** कस्बे में पिछले लम्बे समय से विकास को ब्रेक लग गए है। भाजपा बोर्ड बनने के बाद कोई ठोस व आवश्यक विकास कार्य नजर नहीं आ रहा है। हाल ही जारी किए गए एक टेंडर को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने इसे मनमर्जी से बिना बोर्ड बैठक व बोर्ड के प्रस्ताव के बिना स्वीकृत किए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर आक्रोश जताया। पालिका क्षेत्र में विकास कोसों दूर हो गया है एवं अधिकारी तक किसी भी बात को लेकर गंभीर नहीं है। कस्बे में साफ सफाई के अभाव में नालियां कचरे से अटी पड़ी है एवं कई जगह गंदा पानी सड़कों पर जमा होकर लोगों के लिए परेशानियां पैदा कर रहा है। कई नालियों के निर्माण में शिथिलता बरती जा रही है। अधिकतर वार्डों में सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी है तो कई जगह रोड लाइटों का अभाव बना हुआ है। शहरवासियों की माने तो कस्बे का विकास गर्त में जाता दिखाई दे रहा है।

### यह रहे मौजूद

*इस दौरान नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता राकेश मेवाड़ा, पूर्व पालिकाध्यक्ष शंकरलाल भाटी, पार्षद ओमप्रकाश बोहरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष दिनेश मीणा, पार्षद रमेश प्रजापत, वसीम नागौरी, निशा परमार, युवा कांग्रेस नेता राकेश सवंशा, दिलीप मेवाड़ा, ताराचंद हिंगड़ शंकर देवड़ा, गजाराम जाट, हरीश भाटी, महेन्द्र मीणा, नवीन मीणा, कन्हैयालाल मीणा, जवतराज खटीक, दिलदार, जोगाराम नेवाद सहित कई लोग मौजूद थे।*



### कांग्रेस पार्षदों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

कांग्रेस पार्षदों की ओर से पालिका की कार्यशैली को लेकर पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए मांगों को लेकर पालिका भवन के बाहर धरना देकर प्रदर्शन कर रोष जताया गया। कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया कि पालिका क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट में अवैध निर्माण कार्य हो रहे है। जिससे पालिका में राजस्व को भी नुकसान हो रहा है। पालिका में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है एवं प्रशासन पूरी तरह से मौन धारे हुए है। कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया कि उनके वार्डों में विकास को लेकर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। पालिका प्रशासन को उनके वार्डों में विकास कार्य करवाना शायद जरुरी नहीं लगता।

### टेंडर को बताया नियम विरुद्ध, की निरस्त करने की मांग

कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन ने अपनी मनमर्जी से बिना किसी बोर्ड बैठक व बिना बोर्ड की स्वीकृति के आजाद मैदान में सौंदर्यकरण को लेकर 50 लाख का टेंडर जारी किया है जो सरासर नियमों के विरुद्ध है। कांग्रेस पार्षदों ने इस टेंडर को निरस्त करने की मांग की।

### मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

*कांग्रेस पार्षदों ने प्रतिपक्ष नेता राकेश मेवाड़ा के नेतृत्व में पालिका प्रशासन पर मनमानी व भेदभाव सहित भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए 11 मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। शांतिपूर्ण तरीके से मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने पालिका बैठक नहीं बुलाने, बिना बोर्ड स्वीकृति के टेंडर निकालने का आरोप लगाया। अवैध निर्माण पर कार्यवाही करने, पालिका की बोलेरो गाड़ी होने के बाद भी नया टेंडर निकाला उसे निरस्त करवाने सहित 11 मांगे रखी। मौके पर पहुंचे देसूरी तहसीलदार ने पार्षदों से समझाइस की एवं मांगों को पूरा करवाने का भरोसा दिलाते हुए धरना समाप्त करवाया।*

# वार्षिक कैलेंडर का विमोचन, किया सुंदरकांड का पाठ

**भाविप का स्नेह मिलन समारोह**



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर/शिवगंज।** आदर्श विद्या मंदिर शिवगंज के प्रांगण में सुंदरकांड पाठ एवं स्नेह मिलन एवं भारत विकास परिषद शाखा सुमेरपुर शिवगंज के कैलेंडर का विमोचन का कार्य' म संपन्न हुआ। सुंदरकांड सेवा समिति शिवगंज की सुरेश कुमावत, भरत प्रजापति, प्रकाश कुमावत, धनंजय पंडित, डॉ. गंगा विष्णु ने भगवान हनुमान एवं भगवान राम का पूजन कर सुंदरकांड पाठ शुरू किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। विवेकानंद जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिषद में नवाचार करते हुए पहली बार कैलेंडर का प्रकाशन कर विमोचन किया गया। कार्य' म में अतिथि धर्म जागरण मंच के प्रांत संयोजक रामचंद्र रावल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए शताब्दी वर्ष पर अनेक सेवा कार्य करने का लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। राष्ट्रीय स्वयं संघ के पूर्व प्रचारक तरुणकुमार खंडेलवाल, उद्योग संघ अध्यक्ष दिनेश बिंदल, उद्योग संघ संरक्षक जयंतीलाल जैन, बालिका महाविद्यालय प्राचार्य रवि शर्मा, शिवराज भाटिया पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष, महेंद्र गहलोत प्रांतीय महासचिव, प्रमिला गहलोत प्रांतीय महिला संयोजक, डॉ. संदीपसिंह का स्वागत सम्मान किया गया। मंच संचालन विवेकानंद स्कूल सुमेरपुर के प्रिंसीपल शैतानसिंह सांदु ने किया।

# बाड़मेर में 100 कलाकारों ने सात घंटे पेश की लोक-संस्कृति

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**बाड़मेर।** बाड़मेर के शिव में रोहिड़ी म्यूजिक फेस्टिवल में रविवार रात 100 कलाकारों ने सात घंटे तक राजस्थान की लोक संस्कृति के रंग पेश किए। इस दौरान शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा- राजस्थान की यह कला अगर सात समंदर पार जाए तो यहां टूरिज्म बढ़ेगा। युवा दिवस के उपलक्ष में हुए प्रोग्राम में रविवार रात 10 बजे तक पद्मश्री अनवर खान, मोती खान, खेता खान, छोटू खान जैसे दिग्गज कलाकारों समेत से 100 से अधिक कलाकारों ने अपनी सुरमयी प्रस्तुतियां दी।

इन्हें सुन और देखकर श्रोताओं मंत्रमुग्ध दिखे। कार्यक्रम में गोरखनाथ महाराज, गणेश नाथ महाराज, दौलत नाथ, आनंद पूरी महाराज सहित कई संत पहुंचे। विवेकानंद जयंती के अवसर पर रविवार को शिव के विधायक रविंद्र सिंह भाटी की ओर रोहिड़ी म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने इस अवसर पर कहा- प्रोग्राम का उद्देश्य यहां के कलाकारों को प्रमोट करना है। कलाकारों और कला को सात समंदर पार ले जाने और पर्यटन को बढ़ावा देने का यह छोटा प्रयास है। कार्यक्रम में कलाकारों और लोगों ने खूब हिस्सा लिया।

रोहिड़ी गांव में इस कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य रेतीले धोरों को विश्व पटल पर लाना है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह देश का आखिरी नहीं पहला गांव है।

उस गांव को पहला गांव बताने के लिए और शांत बॉर्डर को एक्सप्लोर करने की हमने कोशिश की। भाटी ने कहा- यह कार्यक्रम हमारी कला और संस्कृति का उत्सव नहीं, बल्कि परंपरा, विरासत और पर्यटन को नई ऊंचाई देने का जरिया है। फेस्टिवल ने यह साबित कर दिया कि पश्चिमी राजस्थान के पास न केवल समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि उसे पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत करने की अपार संभावनाएं भी हैं।

### रोहिड़ी में होना था, अनुमति नहीं मिली तो शिव में हुआ

महोत्सव का आयोजन रोहिड़ी में होना था लेकिन प्रशासन ने अनुमति रद्द कर दी। इसके बावजूद दो दिनों के भीतर रविंद्र सिंह भाटी और उनकी टीम ने मेजर ध्यानचंद स्टेडियम (शिव) में आयोजन की। अनुमति लेकर पूरे कार्यक्रम की तैयारियां पूरी की। कार्यक्रम के दौरान 36 फीट लंबी मूंछों के लिए प्रसिद्ध जगमाल सिंह ने विधायक रविंद्र सिंह भाटी का अनोखे अंदाज में अपनी मूंछों से स्वागत किया। यह क्षण दर्शकों के लिए बेहद खास और यादगार बन गया।

# जोधपुर में घर से गायब हो रहीं बेटियां

एक दिन में 3 मामले



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण में नाबालिग के घर से गायब होने के मामले बढ़ रहे हैं। शहर में सोमवार को भी इसको लेकर दो मामले सामने आए हैं जबकि जोधपुर ग्रामीण में एक मामला सामने आया। ये बेटियां मर्जी से कहीं गई या किसी गैंग का शिकार बनी है, इसका पता नहीं चल सका है। बेटियों के गायब होने की वजह से परिजनों का बुरा हाल है। पहला मामला बनाड़ थाने में एक व्यक्ति ने दर्ज करवाया। बताया कि धापी मार्बल के पास उनका मकान है। जहां से 11 नवंबर की रात को सभी घर वाले सोए हुए थे। अगले दिन सुबह उठे तो उनकी नाबालिग बेटी घर पर नहीं मिली। दूसरा मामला वेस्ट जिले के बोरानाडा थाने में दर्ज हुआ। 42 वर्ष के व्यक्ति ने रिपोर्ट देकर बताया कि उनकी बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई आसपास की जगह पड़ोसियों, रिश्तेदारों से जानकारी लेने पर भी नहीं मिली है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। तीसरा मामला बिलाड़ा थाने में एक व्यक्ति ने दर्ज करवाया। बताया कि उनकी 24 वर्षीय बेटी घर से बाजार जाने का बोलकर निकली लेकिन अभी तक वापस नहीं मिली। बेटी कहां गई इसका पता नहीं चल सका है।

# जोधपुर के व्यापारी से क्रिप्टो के बहाने फ्रॉड

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

- झांसा देकर पांच लाख रुपए ठगे
- साइबर पोर्टल पर शिकायत दी



**जोधपुर।** जोधपुर शहर के एक हार्डवेयर कारोबारी को क्रिप्टो करेंसी में ट्रेडिंग से बड़ा मुनाफा कमाने का झांसा दे शातिर साइबर ठगों ने पांच लाख रुपए की ठगी कर डाली। इसका एहसास होने के बाद कारोबारी ने ऑनलाइन साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत की।

### अमेरिका में क्रिप्टो एक्सपर्ट बताया रिश्तेदार

कमला नेहरू नगर के सेक्टर डी में रहने वाले राजेश धूत पुत्र फूलचंद ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उनका हार्डवेयर का कारोबार है। जुलाई 2024 को उनके पास फेसबुक से स्वाति स्नेहा के नाम से एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। इसे एक्सेप्ट करने के बाद कुछ दिनों की बातचीत में स्वाति स्नेहा ने वॉट्सऐप नंबर से धूत के मोबाइल नंबर पर मैसेज किया। इसमें उसने बताया कि उसके अंकल, जो अमेरिका में रहते हैं, उनको क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग में 20 साल का अनुभव है। वो स्वाति स्नेहा को टिप भेजते हैं, जिसमें फायदा होता ही है। स्वाति स्नेहा नामक लड़की ने धूत को भी क्रिप्टो करेंसी ट्रेडिंग में रुपए लगाकर अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा दिया और विश्वास में लेने के लिए धूत को वेबबूल कस्टमर सर्विस में रजिस्ट्रेशन करवाकर लिंक भेजा। इसके बाद स्वाति स्नेहा ने धूत के वॉट्सऐप पर फैडरल बैंक का एक खाता नंबर भेजकर 50 हजार रुपए जमा कराने को कहा।

### अलग-अलग खातों में जमा करवाए रुपए

उसकी बातों पर विश्वास कर धूत ने अपने आईसीआईसीआई बैंक के खोते से सात सितंबर 2024 को 50 हजार रुपए भेज दिए। इसी तरह, 10 सितंबर 2024 को भी स्वाति स्नेहा के बताए बंधन बैंक के एक खाता नंबर में साढ़े चार लाख रुपए भेजे। इसके कई दिनों बाद भी जब धूत को न तो मूल रकम ही वापस मिली और न ही कोई मुनाफा ही मिला। तब उन्हें खुद के साथ हुए फ्रॉड का एहसास हुआ, तो उन्होंने साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। अब प्रताप नगर पुलिस स्वाति स्नेहा नामक लड़की की सोशल मीडिया आईडी, बंधन बैंक और फैडरल बैंक के अकाउंट नंबर्स से शातिरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस मामले की जांच एएसआई श्रीराम को सौंपी गई है।

# उदयपुर : चलती स्कूल वैन से गिरे तीन बच्चे, घायल

▶▶ शराब के नशे में था ड्राइवर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर के सेक्टर-5 स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल की चलती वैन में से सोमवार को तीन बच्चे गिर गए। आस-पास के लोग तुरंत बच्चों को उठाकर अस्पताल लेकर गए। बच्चों की हालत स्थिर है। बताया जा रहा है कि वैन का ड्राइवर शराब के नशे में था और तेज स्पीड से वेन चला रहा था। तभी एक बेरियर पर वैन जंप करते हुए उछली और डिक्की खुलने से बच्चे गिर गए। हादसे का पता लगने पर पेरेंट्स स्कूल पहुंचे और आक्रोश जताया। उन्होंने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्कूल प्रशासन की होती है। उन्हें स्कूल वैन के ड्राइवर की नियुक्ति से पहले अनुभव और बाकी चीजों की जांच करनी चाहिए।



# जैसलमेर के रासला में छह महीने से पेयजल संकट

- टंकी से नहीं मिल रही सप्लाई
- महंगे टैंकर मंगवा रहे ग्रामीण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के देवीकोट इलाके के रासला क्षेत्र में पानी का संकट बना हुआ है। रासला क्षेत्र में बनी के पानी की टंकी में पिछले छह महीने से पेयजल सप्लाई नहीं हो रही है। जिसके कारण लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल के अभाव में ग्रामीणों व मवेशी का हाल बेहाल हो रहा है। टंकी से घरों में पानी की सप्लाई नहीं होने से लोग परेशान है। लोग महंगे दामों में पानी के टैंकर मंगाने को मजबूर हो रहे हैं।

### जलदाय अधिकारी पल्ला झाड़ रहे

ग्रामीण जोगराज सिंह ने बताया कि पानी की टंकी में छह महीने से जलापूर्ति व्यवस्था बिगड़ी हुई है। अनियमित व अपर्याप्त जलापूर्ति व्यवस्था के कारण यहां घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों को 1500 रुपए में पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे है। वहीं जलदाय विभाग के अधिकारी संतोषजनक जवाब भी नहीं दे रहे है। जलदाय विभाग के अधिकारी बिजली की समस्या बताते हुए अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। वहीं वोल्टेज की समस्या बताते हुए पानी की मोटर नहीं चलने का कारण बता रहे हैं।



### ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

रासला इलाके के ग्रामीणों ने प्रशासन व जलदाय विभाग को जल्द ही पानी की समस्या का हल निकालने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही व्यवस्था को सुधारा नहीं गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

# मंदिर की दानपेटी से चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की समदड़ी पुलिस ने मामाजी मंदिर में चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दानपेटी से चुराए रुपए भी बरामद किए हैं। वारदात के लिए इस्तेमाल बाइक को भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। समदड़ी थानाधिकारी देव किशन ने बताया- समदड़ी देवड़ा गांव निवासी पुजारी लालपुरी पुत्र भीख पुरी ने थाने में 11 जनवरी को रिपोर्ट दी थी। इसके मुताबिक नौ जनवरी को शाम के समय आरोपी अर्जुन नाथ पुत्र जबरनाथ निवासी रुसिया जालौर व दिनेश कुमार पुत्र आंबाराम भारती निवासी बालू ने सेवाडा नाडा मामाजी मंदिर देवड़ा मंदिर के मुख्य गेट पर ताला तोड़कर दानपेटी से रुपए चोरी कर लिए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर थाना स्तर पर टीमें बनाई। टीमों ने अलग-अलग जगहों पर दबिशें दी गई। आरोपी अर्जुन नाथ पुत्र जबरनाथ निवासी रुसिया और दिनेश कुमार पुत्र आंबाराम निवासी बालु समदड़ी को डिटेन कर पूछताछ की गई। आरोपियों के जुर्म कबूल करने पर दोनों को गिरफ्तार लिया। वहीं घटना में उपयोग में ली गई बाइक को भी बरामद कर लिया है।

# जोधपुर में ड्रिंक एंड ड्राइव को लेकर अभियान

▶▶ ट्रैफिक पुलिस काट रही चालान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस इन दिनों ड्रिंक एंड ड्राइव को लेकर अभियान चला रही है। इस महीने की बात की जाए तो अभी तक 114 चालान किए जा चुके हैं। अभियान को लेकर ट्रैफिक पुलिस के एडीसीपी दुर्गाराम चौधरी ने खास बातचीत की।




### दुर्घटना को लेकर सजग कर रहे

उन्होंने बताया कि बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस कमिश्नरेट की ओर से ये अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करना है। पिछले साल 2036 चालान ड्रिंक एंड ड्राइव में काटकर वाहन जब्त किए। इस साल सड़क सुरक्षा माह में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के साथ ही बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अभियान जारी है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आप ट्रैफिक नियमों का पालन करें उसमें आपकी सुरक्षा है। किसी प्रकार का हादसा होता है तो पूरा घर बर्बाद हो जाता है। इसलिए वाहन चलाते समय सावधानी रखें। तेज गति से वाहन नहीं चलाएं। जिस प्रकार से आप सुबह के समय कहीं जाने के लिए पूरी तैयारी के साथ घर से निकलते हैं लेकिन जब वाहन चलाते हैं तो पूरी तैयारी नहीं रखते हैं। इसलिए इस पर ध्यान देना चाहिए। वाहन को सावधानीपूर्वक तरीके से चलाएं।

# 64 साल के बुजुर्ग को ब्लैकमेल कर रही लड़की

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मैसेज-एडिटेड वीडियो वायरल करने की धमकी**

**जोधपुर।** शहर के देवनगर थाना इलाके के नरपत नगर क्षेत्र में रहने वाले बुजुर्ग ने मोबाइल पर आए एक कॉल पर परिचित का रेफरेंस सुनकर जरा विश्वास क्या कर लिया, वो लड़की उनके लिए बड़ा सिरदर्द बन गई। एक बार उसके जाल में फंसने के बाद लड़की ने अलग-अलग बहाने करते तीन-चार महीने में करीब 40 हजार रुपए ले लिए और अब मैसेज व एडिटेड वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 50 लाख रुपए की डिमांड कर रही है। लड़की की धमकियों व ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर बुजुर्ग ने अब देवनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। देवनगर पुलिस थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार – पूर्व में आटीओ एजेंट का काम करने वाले नरपत नगर निवासी कमल गुप्ता की ओर से रिपोर्ट दी गई है। इसमें गुप्ता ने बताया कि करीब 3-4 माह पहले उनके मोबाइल पर मोनिकासिंह नामक लड़की का कॉल आया था। उसने बताया कि परवेश बावेजा से आपके नंबर मिले हैं। आपके मिलने वाले राजेश पंवार मेरा फोन नहीं उठा रहे हैं, इसलिए आप कॉन्फ्रेंस पर मेरी बात कराओ। उसके बार-बार दबाव बनाने पर गुप्ता ने राजेश पंवार को कॉन्फ्रेंस पर लेकर मोनिका की बात करवा दी। तत्पश्चात 28 नवंबर को दुबारा मोनिका का कॉल आया और उसने खुद को परेशानी में होना बताते हुए अर्जेंट में 10 हजार रुपए मांगे और अगले दिन वापस लौटाने का वादा किया। तब गुप्ता ने रातानाडा भाटिया चौराहा पर मोनिका को 10 हजार रुपए दिए। इसके बाद वो किसी न किसी बहाने से गुप्ता को ऑडियो मैसेज, वीडियो कॉल करने लगी और अलग-अलग बहाने करके रुपए लेने लग गई, जो अब तक करीब 40 हजार रुपए हो चुके हैं। रिपोर्ट में गुप्ता ने बताया कि पिछले कई दिनों से मोनिका उसे धमकियां दे रही है। इसी बीच उसने गुप्ता के मोबाइल पर एक लिंक भेजकर खोलने को कहा।




### खुद गंदी बातें कर बुजुर्ग को भी उकसाती

रिपोर्ट के अनुसार मोनिका अक्सर फोन पर गंदी बातें करती थी और गुप्ता को भी उसी तरह की बातें करने के लिए उकसाती। गुप्ता ने इस पर आपत्ति जताते हुए आइंदा कॉल नहीं करने को कहा। तब मोनिका ने गुप्ता को एक वीडियो भेजा, जो स्पष्ट रूप से एडिट किया हुआ नजर आ रहा था और उसमें किसी अश्लील वीडियो में पुरुष के चेहरे के स्थान पर गुप्ता का चेहरा

## व्यापार जगत

# देश में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर की बाढ़

**नई दिल्ली।** देश में इस समय रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर तेजी से बढ़ रही है। फिर चाहे सोलर एनर्जी हो या विंड एनर्जी या बायो एनर्जी। सरकार का लक्ष्य साल 2030 तक 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी पैदा करना है। वहीं रिन्यूएबल एनर्जी की बढ़ती मांग के कारण कई कंपनियां इस सेक्टर में रुचि दिखा रहीं हैं। इसमें अडानी ग्रुप से लेकर रिलायंस ग्रुप तक शामिल है। साल 2025 में कई कंपनियां अपने एनर्जी से जुड़े नए प्रोजेक्ट शुरू कर सकती हैं। इनमें रिलायंस, एलएंडटी और जेएसडब्ल्यू ग्रुप शामिल हैं।



### ▶▶ रिन्यूएबल एनर्जी में बना रेकॉर्ड

न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मिनिस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार भारत ने 2024 में लगभग 30 गीगावाट की रेकॉर्ड रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता वृद्धि दर्ज की है। यह साल 2023 में दर्ज 13.75 गीगावाट से 113 फीसदी अधिक है। अब रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता 218 गीगावाट हो गई है। सरकार का लक्ष्य 2030 तक देश में 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता हासिल करना है।

### अंबानी की सोलर गीगा फैक्ट्री?

मुकेश अंबानी ग्रीन एनर्जी में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। पिछले साल उन्होंने अपनी गीगा फैक्ट्री के बारे में बताया था। यह फैक्ट्री गुजरात के जामनगर में है। रिलायंस ग्रुप ने अपने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के 75 हजार करोड़ रुपए निवेश करने की बात कही थी। अंबानी ने अपनी 47वीं एजीएम में कहा था कि धीरूभाई अंबानी ग्रीन गीगा मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स दुनिया का सबसे बड़ा कॉम्प्लेक्स होगा। इसे 5000 एकड़ जमीन पर तैयार किया जा रहा है।

### किस कंपनी का क्या प्लान

इस सेक्टर में रिलायंस, एलएंडटी और जेएसडब्ल्यू ग्रुप के भविष्य में एनर्जी के नए कारोबार को विस्तार देने या शुरू करने की उम्मीद है।

रिलायंसः मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड सोलर एनर्जी प्रोडक्शन में तेजी से बढ़ रही है। यह कंपनी इस साल सोलर गीगा फैक्ट्री शुरू सकती है। अगले 12-15 महीनों में इसकी क्षमता में और वृद्धि होगी।

एलएंडटीः यह ग्रुप ग्रीन एनर्जी उत्पादन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस ग्रुप को कांडला पोर्ट पर अपने पहले ग्रीन हाइड्रोजन डेमोंस्ट्रेशन प्लांट के लिए दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी से इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण सहित ईपीसी ऑर्डर मिला है।

जेएसडब्ल्यूः यह ग्रुप ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी प्रोडक्शन में कदम बढ़ा रहा है। ग्रुप ने पिछले साल कहा था कि उसका ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का निर्माण शुरू हो गया है। यह मार्च 2025 तक चालू हो सकता है। इस प्लांट से 3800 टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा होने की उम्मीद है।

# अंबानी से आगे निकले अडानी

**नई दिल्ली।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 2024 में निवेशकों को निगेटिव रिटर्न दिया। दस साल से भी ज्यादा समय में पहली बार ऐसा हुआ। इसके साथ ही मर्जर एंड एक्विजिशन के मामले में भी रिलायंस इंडस्ट्रीज पर अडानी ग्रुप भारी रहा। बिजनस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक गौतम अडानी की कंपनियों ने पिछले साल 6.32 अरब डॉलर के एग्रीमेंट किए जबकि रिलायंस केवल 3.14 अरब डॉलर की मर्जर एंड एक्विजिशन डील कर पाई। अडानी की डील में 2023 के मुकाबले 265.3% की तेजी आई, वहीं रिलायंस की डील में 64.2% गिरावट रही। रिलायंस देश का दूसरा और अडानी ग्रुप तीसरा सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है। टाटा ग्रुप पहले नंबर पर है। पिछले छह साल से रिलायंस और अडानी ग्रुप के बीच मर्जर एंड एक्विजिशन के जरिए अपना विस्तार करने की होड़ मची है। साल 2024 में देश में कुल 98.7 अरब डॉलर की एमएंडए डील हुईं जिनमें की टॉप 5 लिस्टेड कंपनियों की हिस्सेदारी करीब 15.28% है। रेवेन्यू के हिसाब से टॉप 10 ग्रुप्स की हिस्सेदारी 16 फीसदी है। पिछले पांच साल का आंकड़ा देखें तो रिलायंस ने 2020 में 26.08 अरब डॉलर की एमएंडए डील की थी। तब कंपनी ने अपने रिटेल और टेलिकॉम वेंचर्स में हिस्सेदारी बेची थी। 2022 में अडानी ग्रुप ने 16.56 अरब डॉलर की डील की थी। इसमें सीमेंट सेक्टर में ग्रुप की एंट्री शामिल थी। अडानी को मिलने वाला है 1,71,39,85,00,000 का चेक, कहां खर्च करेंगे इतना पैसा?

छह साल का हाल

साल 2024 में जेएसडब्ल्यू ने 2.32 अरब डॉलर की डील की जबकि टाटा ग्रुप ने 1.66 अरब डॉलर, बिड़ला एवी ने 1.64 अरब डॉलर, लार्सन एंड टुब्रो ने 0.27 अरब डॉलर की एमएंडए डील की। प्राइवेट इक्विटी और सॉवरेन इनवेस्टर्स एमएंडए में अहम प्लेयर्स बनकर उभरे हैं। साल 2023 में भारतीय कंपनियों ने कुल 83.2 अरब डॉलर की डील की थी जबकि साल 2022 में यह आंकड़ा 193.2 अरब डॉलर था। साल 2021 में यह 141.6 अरब डॉलर, साल 2020 में 115.4 अरब डॉलर और साल 2019 में 116.3 अरब डॉलर रहा था।



# आपका राशिफल 14 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को ह): विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाए। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढ़ग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

# सोने के भाव गरम, चांदी के नरम

**मुंबई।** सोमवार 13 जनवरी को 24 कैरेट गोल्ड औसतन 332 रुपए प्रति 10 ग्राम महंगा होकर 78350 रुपए के रेट से खुला। वहीं, चांदी 118 रुपए प्रति किलो सस्ती होकर 90150 रुपए प्रति किलो के औसत रेट पर खुली। सोना अभी भी अपने ऑल टाइम हाई से 1331 रुपए और चांदी 8190 रुपए सस्ती है। 30 अक्टूबर 2024 को सोना 79681 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था और चांदी 98340 रुपए प्रति किलो थी। यह रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किया है, जिसमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपए का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड का औसत भाव 330 रुपए बढ़कर 78036 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। 22 कैरेट गोल्ड में 304 रुपए की तेजी है और यह 71769 रुपए पर है। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 249 रुपए चढ़कर 58763 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। 14 कैरेट गोल्ड की कीमत भी हर दस ग्राम पर 194 रुपए बढ़कर 45835 रुपए पर पहुंच गई है। लाइव मिंट पर दिए गए रेट के मुताबिक दिल्ली में सोने की कीमत 79813 रुपए प्रति 10 ग्राम है। जबकि, जयपुर में सोने का भाव 79806 रुपए है। वहीं, लखनऊ में सोने का भाव 79829 रुपए प्रति 10 ग्राम है तो चंडीगढ़ में 79822 रुपए। दूसरी ओर अमृतसर में सोने का भाव 79840 रुपए प्रति 10 ग्राम है।

**भारत में चांदी के रेट**

दिल्ली में चांदी का भाव 96500 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है।

# 57 पर आ गया एनर्जी शेयर

**मुंबई।** शॉर्ट कवरिंग के बीच बीएसई पर सुजलॉन के शेयर 2.55% बढ़कर 57 प्रति शेयर पर पहुंच गए थे। इसी के साथ पिछले तीन दिनों की गिरावट का सिलसिला भी टूट गया। बता दें कि सुजलॉन एनर्जी प्रमुख ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशन प्रोवाइडर्स में से एक है। यह एक वर्टिकली इंटीग्रेटेड विंड टरबाइन जनरेटर (डब्ल्यूटीजी) निर्माता है। 74,896 करोड़ के मार्केट कैप के साथ सुजलॉन एनर्जी भारत में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर का प्रमुख प्लेयर है।



### दिसंबर तिमाही के नतीजे के रिव्यू

- सुजलॉन एनर्जी को वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में राजस्व में 77% की वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है, जो एक साल पहले की अवधि में 1,560.5 करोड़ से बढ़कर 2,762.9 करोड़ हो जाएगी। कंपनी का शुद्ध लाभ साल-दर-साल 203 करोड़ से 55% बढ़कर 315.4 करोड़ होने का अनुमान है। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अनुमान के अनुसार, परिचालन स्तर पर दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान सालाना आधार पर 247.6 करोड़ से 67% बढ़कर 413.1 करोड़ होने की उम्मीद है।

### सुजलॉन एनर्जी स्टॉक प्राइस

सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में गिरावट का रुख रहा है क्योंकि स्टॉक में एक सप्ताह में 7% और इस महीने अब तक 18% से अधिक की गिरावट आई है इस साल अब तक यह शेयर 14% तक टूट गया है। ग्रीन एनर्जी स्टॉक एक महीने में 17% से अधिक और तीन महीनों में लगभग 27% नीचे आ गया है। हालांकि, लंबी अवधि में, सुजलॉन के शेयरों ने शानदार रिटर्न दिया है। स्टॉक एक साल में 24% से अधिक बढ़ा है और दो सालों में 457% से अधिक का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। पांच साल में यह शेयर दो रुपए से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गया। इस दौरान इसमें 2300% तक की तेजी देखी गई है।

### क्या है डिटेल?

- एनालिस्ट ने कहा कि कंपनी भारत के रिन्यूएबल एनर्जी पर बढ़ते फोकस का फायदा उठा रही है, खासकर विंड एनर्जी सेक्टर में। पिछले महीने, क्रिसिल रेटिंग्स ने सकारात्मक आउटलुक के साथ सुजलॉन एनर्जी पर अपनी क्रेडिट रेटिंग को 'क्रिसिल ए' में अपग्रेड किया, जो कंपनी के मजबूत प्रदर्शन और बेहतर प्रॉफिटेबिलिटी को आउटलाइन करता है। क्रिसिल ने हाई एग्जिक्यूशन वॉल्यूम पर डब्ल्यूटीजी कारोबार के बेहतर प्रदर्शन की संभावना को दर्शाते हुए एक पॉजिटिव आउटलुक भी सौंपा है।

# आज समाप्त होगा मलमास, एक माह बाद अब गूंजेगी शहनाइयां, होंगे मांगलिक कार्य

▪ सूर्यदेव होंगे दक्षिणायन से उत्तरायण

▪ मकर संक्रांति का पुण्यकाल सवेरे 7.31 से सायं 6.03 तक रहेगा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** ग्रहों के राजा सूर्य सवेरे 8.56 बजे सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते ही मलमास समाप्त होगा और मांगलिक कार्य शुरु होंगे। ज्योतिष एवं वास्तुविद आचार्य प्रदीप दवे ने बताया कि मलमास मार्गशीर्ष पूर्णिमा रविवार 15 दिसम्बर 2024 की रात्रि 10.11बजे से प्रारम्भ हुआ था। जो माघ कृष्ण प्रतिपदा 14 जनवरी को 8.55 बजे तक मान्य होने तथा इसी समय सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते ही मलमास समाप्त होगा। इसके बाद देव प्रतिष्ठा, शादी-ब्याह, उपनयन संस्कार, गृह निर्माण, गृह प्रवेश, वास्तु, मुहुर्त, वाहन क्रय, दस्तूर, मुंडन संस्कार आदि मांगलिक कार्य शुरु होंगे।

## इसलिए मनाते है मकर संक्रांति




सूर्यदेव का धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करने को मकर संक्रांति कहते है। सूर्यदेव धनुराशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करते ही मकर संक्रांति शुरु हो जाती है अर्थात् सूर्यदेव दक्षिणायन से उत्तरायण हो जाते हैं और मलमास समाप्त हो जाता है। इसी दिन भीष्म पितामह ने रवि उत्तरायण होते ही अपने प्राण त्यागे थे तथा उनका मोक्ष हो गया था। सूर्यदेव का प्रत्येक बारह राशियों में एक-एक माह का भ्रमण रहता है। इस प्रकार मकर राशि में भी सूर्यदेव का भ्रमण एक मास रहता है अर्थात 14 जनवरी से 12 फरवरी तक मकर संक्रांति काल रहेगा। संक्रांति का पुण्यकाल सवेरे 7.31 से सायं 6.03 तक रहेगा। यह पर्व लगभग संपूर्ण भारत में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। मकर संक्रांति पर्व को गुजरात में उत्तरायण, उत्तर प्रदेश में खिचड़ी, पंजाब व जम्मू.कश्मीर में लोहिडी, सिंधी समाज लाल लोही, आसाम में बिहुका तथा दक्षिण भारत में पोंगल के रुप में मनाते है। संक्रांति के दिन पतंगबाजी व तिल खाने का विशेष महत्व है। क्योंकि इस दिन सूर्य की रोशनी शरीर पर गिरने तथा तिल खाने से रोगों का नाश होता है। इस दिन तिल, तिल के व्यंजन, चावल, दाल, खिचड़ी आदि दान का विशेष महत्व है।

# सर्दी के तेवर तीखे : कोहरे के आगोश में शहर, शीतलहर से बढ़ी गलन

▪ जिले में नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के लिए आज व कल अवकाश घोषित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिलेभर में हफ्तेभर बाद एक बार फिर से रविवार को सर्दी के तेवर तीखे रहे। अल सवेरे कोहरा रहने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पश्चिमी विक्षोभ के कारण अचानक बढ़ी सर्दी के कारण हर कोई धूप, अलाव या ऊनी वस्त्रों का उपयोग करते दिखा। सर्द हवाओं ने जनजीवन को खासा प्रभावित किया। सर्द हवाओं ने गलन बढ़ा दी। हवाएं चलने के कारण लोग घरों में ही दुबके रहे। हालात यह रहे कि आम दिनों की अपेक्षा में सवेरे शाम बाजार खुलने एवं बंद होने का भी समय बदलने लगा है। उधर, जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने सोमवार को एक आदेश जारी कर मंगलवार एवं बुधवार को विद्यालयों में विद्यार्थियों के अवकाश के आदेश जारी किए है। जिले में बादलों के कारण अधिकतम 19 तथा न्यूनतम तापमान बढ़कर 9 डिग्री पर पहुंच गया। सर्द हवा से कंपकपी छूट गई।



**जिला कलक्टर ने घोषित किया अवकाश**

*मौसम विभाग की ओर से शीतलहर चलने एवं ठंड का असर रहने की पूर्वानुमान बताया है। इसको लेकर जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने मंगलवार व बुधवार को नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाओं में अवकाश घोषित कर दिया है। यह अवकाश विद्यार्थियों के लिए घोषित किया है। शेष स्टाफ यथावत कार्य करता रहेगा।*

## देवड़ा एवं मीणा बने प्रदेश प्रतिनिधि

जागरूक टाइम्स संवाददाता





**सिरोही।** जयपुर के गणगौर होटल में रविवार को पंचायतीराज मंत्रालय कर्मचारी संघर्ष समिति की प्रदेशस्तरीय बैठक प्रदेशाध्यक्ष अशोक कुमार वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के मंत्रालिक कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में सिरोही जिले से भटाना के रविन्द्रसिंह देवड़ा एवं शिवगंज से अर्जुन मीणा को प्रदेश कमेटी ने सर्वसम्मति सिरोही जिले के लिए प्रदेश प्रतिनिधि के पद पर मनोनयन कर दोनों का सम्मान किया। इस पर देवड़ा एवं मीणा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस प्रकार संगठन ने हम दोनों पर विश्वास जताकर प्रदेश प्रतिनिधि के पद पर मनोनय किया है। उसपर हम खरा उतरेंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। प्रदेश बैठक में सिरोही जिले से कार्यकारी जिलाध्यक्ष कांतिलाल माली, जिला प्रतिनिधि संदीप अग्रवाल, सिरोही ब्लॉक अध्यक्ष गणेश परमार, ब्लॉक मंत्री बाबूलाल, गजेंद्र सुथार आदि मौजूद रहे ।

## खुदरा उर्वरक विक्रेता प्रमाण पत्र का प्रशिक्षण शुरु

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से जिले के ग्रामीण युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए खुदरा उर्वरक विक्रेता प्रमाण पत्र का प्रशिक्षण शुरु किया गया। 15 दिवसीय खुदरा उर्वरक विक्रय प्राधिकार के लिए प्रमाण पत्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के छः बैच सफलता पूर्वक संपन्न होने के बाद सोमवार से सातवा बैच का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि कृषि महाविद्यालय सुमेरपुर के अधिष्ठाता डॉ. एमके पूनिया एवं जेके लक्ष्मी सीमेंट के डीजीएम छत्रपालसिंह राठौड़ वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. एसके. खींची तथा समन्वयक डॉ. सोनिका शर्मा, विषय वस्तु



विशेषज्ञ सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. पूनिया ने कहा की इस तरह के प्रशिक्षण में उर्वरकों का कृषि में महत्व, उर्वरकों के प्रकार, उर्वरकों की दी जाने वाली मात्रा की जानकारी हासिल कर किसानों तक पहुंचाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। डीजीएम राठौड़ ने कहा की सभी लोग इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद प्राधिकार पत्र हासिल करने के योग्य होगें साथ ही उन्होंने कृषक उत्पादक संगठन बनाने के लिए भी प्रतिभागियों को जगरूक किया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. खींची ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को कृषि मे विज्ञान को समावेश करने का अनुरोध किया। पाठयक्रम समन्वयक डॉ. सोनिका शर्मा ने 15 दिवसीय कार्य म की रूपरेखा प्रस्तुत की। पाठ्यक्रम सह समन्वयक सुशील कुमार ने बताया कि खाद व उर्वरक प्रशिक्षण की इस क्षेत्र में बहुत बड़ी आवश्यकता है। इससे किसानों के बीच ज्ञान का प्रसार होगा एवं किसानों की आमदनी में भी वृद्धि होगी।

## आलू प्याज की बोरियों के बीच मिला 93.600 किलोग्राम डोडा पोस्त, तीन गिरफ्तार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** पालड़ीएम पुलिस की ओर से एक कार्रवाई कर एक लोडिंग टेंपो आलू प्याज की बोरियों की आड़ में परिवहन हो रहे 93.600 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। थानाधिकारी हुकुमसिंह भाटी ने बताया कि डोडा तस्करी के मामले में भिंडर निवासी नितेश आचार्य, खेड़ी सालवा निवासी प्रभुराम विश्नोई और करी निवासी अशोक बिश्नोई शामिल हैं। पकड़े गए आरोपी नितेश आचार्य की 19 जनवरी को शादी होनी थी, लेकिन शादी से 8 दिन पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि टेंपो के आगे एक कार एस्कॉर्ट कर रही थी, जिसे भी जब्त कर लिया गया।

## मानव मेटान्यूमोवायरसः बढ़ते संक्रमण का नया खतरा, सावधानी और जागरूकता आवश्यक

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**पिण्डवाड़ा।** हाल ही में मानव मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) को लेकर चिकित्सा जगत में चिंता बढ़ रही है। माधव विवि के होम्योपैथिक विभाग के अधिष्ठाता डॉ. मनोज कुमार बेहरा ने बताया कि यह वायरस आमतौर पर जुकाम जैसे लक्षण पैदा करता है। लेकिन, छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्तियों के लिए यह गंभीर खतरा बन सकता है। एचएमपीवी श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है और बुखार, खांसी, नाक बहने और सांस फूलने जैसे लक्षण उत्पन्न कर सकता है। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में यह निमोनिया और ब्रोंकाइटिस जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। डॉ. बेहरा ने बताया कि इस सं मण के खिलाफ अभी कोई विशिष्ट एंटीवायरल दवा उपलब्ध नहीं है। हालांकि, होम्योपैथी द्वारा इसके लक्षणों को नियंत्रित करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद मिल सकती है। डॉ. बेहरा ने होम्योपैथिक उपचारों का उल्लेख करते हुए बताया कि सर्दी और थकान के लिए आर्सेनिकम एल्बम, सूखी खांसी और सिरदर्द के लिए ब्रायोनिया अल्बा व बच्चों के हल्के लक्षणों के लिए पल्सेटिला का उपयोग किया जा सकता है। सं मण से बचाव के लिए डॉ. बेहरा ने व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित हाथ धोने और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनने की सलाह दी।

## माधव विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 28 फरवरी से

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सम्मेलन में होंगी समावेशी ज्ञान प्रणाली पर वैश्विक चर्चा**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय 28 फरवरी से दो दिवसीय बहु-अनुशासनात्मक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य विषय समावेशी ज्ञान प्रणाली है। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विष्णु चौधरी ने बताया कि यह सम्मेलन विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को एक वैश्विक मंच प्रदान करेगा, जहां वे समावेशी शिक्षा और ज्ञान प्रणाली के क्षेत्र में अपने विचारों और शोध को साझा करेंगे। शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डॉ. भरत चौधरी ने बताया कि इस सम्मेलन में देश-विदेश से प्रतिष्ठित शिक्षाविद, शोधकर्ता और छात्र हिस्सा लेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारीगण मौजूद रहेंगे।

## विद्यालय में वॉलिंटियर्स प्रशिक्षण संपन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वेलांगरी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को वॉलिंटियर्स प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के उप प्रधानाचार्य भरतसिंह आढा द्वारा वॉलिंटियर्स की भूमिका से अवगत कराया गया। प्रशिक्षक आनंदसिंह देवड़ा द्वारा वॉलिंटियर्स को उनके कार्य की महत्व व शिक्षा कार्यक्रमों में भूमिका एवं विद्यालय




की विभिन्न गतिविधियों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने संबंधित जानकारी दी गई। भंवरलाल माली, वीणाराम, नरपतसिंह, रमेश कुमार, मानाराम देवासी, ईश्वरलाल पुरोहित, पुष्पेंद्रसिंह देवड़ा, युसुफ भाई, किशोर भाई वैष्णव, भीमसिंह देवड़ा आदि वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।

## प्रशासन की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित मांझे व चाइनीज मांझे की जांच की



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी के निर्देशानुसार मकर संक्रांति पर्व को लेकर सोमवार को उपखंड अधिकारी नरेंद्र कुमार, पुलिस उप अधीक्षक मुकेश चौधरी, तहसीलदार जगदीश बिश्नोई एवं नगर परिषद की टीम ने बाजार में चाइनिज मांझे एवं प्रतिबंधित मांझेकी दुकानों की सघन जांच की। उन्होंने इस दौरान दुकानदारों को प्रतिबंधित मांझे व चाइनीज मांझे की बिक्री ना करने की हिदायत भी दी।

## सिरोही की दो छात्राएं ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामिंट में लेंगी भाग

जागरूक टाइम्स संवाददाता





**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय सिरोही में अध्ययनत तान्या सेन और स्नेहा राठौड़ ने विवि वेस्ट जोन क्रिकेट टूर्नामिंट में अपनी टीम में बेहतरीन खेल खेलते हुए तथा अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए अपनी टीम को ऑल इंडिया लेवल के लिए अपनी टीम को क्वालिफाई करवाया है। दोनों ऑल इंडिया लेवल पर विश्वविद्यालय की टीम में अपनी प्रतिभा दिखाएगी। इकाई अध्यक्ष रोहित कुमार मीणा ने बताया कि इस वर्ष राजकीय महाविद्यालय सिरोही के छात्रों ने सभी खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया है तथा अब इन दोनों छात्राओं का सलेक्शन होना महाविद्यालय के लिए बड़ा गर्व का विषय है। पूरी एबीवीपी टीम ने दोनों छात्राओं को बधाई दी। एबीवीपी भाग संयोजक प्रथम खत्री ने बताया कि दोनों पहले से क्रिकेट खेल में माहिर है। पिछले वर्ष भी विश्वविद्यालय की टीम को आगे अच्छा प्रदर्शन करने में दोनों बहनों भागीदारी भी रही है। जिले में आयोजित होने वाले गर्ल्स टूर्नामेंट में भी टीमों में दोनों छात्राओं की भागीदारी रहती है।

## मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर करवाया भोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**दांतराई।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवती पूर्णिमा पर भामाशाह हितेश कुमार पुत्र राधेश्याम अग्रवाल ने विद्यालय की समस्त बालिकाओं मयस्टाफ कृष्ण भोग के भोजन करवाया। भामाशाह हितेश कुमार पिछले 3 वर्षों से लगातार विद्यालय की बालिकाओं को कृष्ण भोग के तहत भोजन करवाते हैं। विद्यालय के संस्था प्रधान भगवतसिंह सोलंकी ने भामाशाह हितेश कुमार का आभार अभिव्यक्त किया। बलवंत कुमार, बबली मीना, संतोष मिस्त्री, रामराम गुर्जर, तेजसिंह, अगराराम, सुमेरसिंह, कमलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## शिविर में 154 मरीजों की जांच




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** खंदरा में ब्रह्मलीन पोमजी महाराज की स्मृति में बाबा रामदेव मठ खंद्रा के गादीपति रामनाथ महाराज के मुख्य अतिथ्य में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद लुंबाराम चौधरी का भी सान्निध्य रहा। शिविर में 154 मरीजों की जांच की गई। इनमें से 33जनों का ऑपरेशन के लिए चयन कर आबूरोड लेकर गए।

## पोमजी महाराज की स्मृति में बालिकाओं को वितरित किए तुलसी के पौधे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खंदरा में ब्रह्मलीन पोमजी महाराज की स्मृति में गादीपति रामनाथ महाराज के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में एक व्यक्ति एक पौधा मिशन द्वारा पौधा-रस्म कार्य म आयोजित किया गया। पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत, खंदरा गादीपति रामनाथ एवं सांसद लुंबाराम चौधरी ने बालिकाओं को तुलसी के पौधों का वितरण कर



पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। सासंद चौधरी ने कहा कि मानव सेवा सर्वोपरी है। पन्नालाल, शिक्षक गोविंद मीणा, समाज सेवी शिक्षाविद् हम्मीरसिंह राव व कुमावत ने बालिकाओं को यूज वेस्ट -पर्यावरण बेस्ट प्रोजेक्ट की जानकारी दी। रामनाथ ने भामाशाह व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। हनुमानदास महाराज, मांगीलाल मारु, सरपंच तेजाराम, उप सरपंच श्रवणसिंह देवड़ा, विजयसिंह देवड़ा, नरपतसिंह राडबर, ताराराम माली, उपप्रधान नारायणसिंह, गोविंदसिंह, समाज सेवी मोहनलाल कुमावत, एसीबीओ हरिशंकर, किरण मीना, चुनाराम परिहार, प्रधानाचार्य वागालाल मीणा आदि मौजूद थे।

# इंडिया ओपन में भारत उतारेगा सबसे बड़ा दल

## सभी की नजरें सात्विक और चिराग पर



**नई दिल्ली।** भारत में मंगलवार से नई दिल्ली में शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में अपना सबसे बड़ा दल उतारा है और नजरें लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर लगी होंगी। दुनिया की पूर्व नंबर एक पुरूष युगल टीम ने 2022 इंडिया ओपन जीता था और 2025 सत्र में पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर अच्छी शुरूआत की। पेरिस ओलंपिक की निराशा के बावजूद दोनों पिछले दो साल में भारत के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी रहे हैं। चाइना मास्टर्स 2024 सेमीफाइनल खेल चुके सात्विक और चिराग का सामना पहले दौर में मलेशिया के वेइ चोंग मैन और केइ वुन ती से होगा। उन्हें चीन के ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेइकेंग और वांग चांग, पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक, डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स रासमुसेन और इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्डियांटो से कड़ी चुनौती मिलेगी।

### पीवी सिंधू की वापसी

इस साल भारत से 21 प्रविष्टियां मिली है जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू शामिल है। सिंधू अपने विवाह के कारण मलेशिया मास्टर्स से बाहर रहने के बाद वापसी कर रही हैं। हैदराबाद की 29 वर्ष की सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीता था लेकिन उसमे अधिकांश भारतीय खिलाड़ी ही खेले थे। सिंधू का सामना पहले दौर में अनुपमा उपाध्याय से होगा। वह आगे जापान की तोमोका मियाजाकी से खेल सकती है जिसने उन्हें पिछले साल स्विस ओपन में हराया था। सैयद मोदी खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेन मलेशिया में शुरूआती दौर में ही बाहर हो गए थे।

यहां तीन साल पहले खिताब जीत चुके लक्ष्य का सामना पहले दौर में चीन के होंग यांग वेंग से होगा। पेरिस ओलंपिक प्री क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद पांच महीने का ब्रेक लेने वाले एच एस प्रणय मलेशिया में दूसरे दौर में बाहर हो गए थे। यहां पहले दौर में उनका सामना चीनी ताइपै के लि यांग सू से होगा। इसमें जीतने पर उनकी टक्कर इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से हो सकती है। इंदिरा गांधी स्टेडियम में केडी जाधव इंडोर हॉल में होने वाले टूर्नामेंट में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन, अन सी यंग और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी शि युकी जैसे धुरंधर दौड़ में हैं।

## विराट-रोहित को अपना भविष्य खुद तय करने दीजिए : कपिल



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में लचर प्रदर्शन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं लेकिन भारत के पूर्व महान हरफनमौला कपिल देव ने कहा कि ये दोनों इतने बड़े खिलाड़ी हैं कि अपने भविष्य को लेकर फैसला खुद कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली नौ पारियों में एक शतक के साथ 190 रन ही बना सके और बार-बार ऑफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर कैच देकर आउट हुए। कप्तान रोहित शर्मा के आंकड़े यहां और खराब रहे और वह तीन मैचों की पांच पारियों में महज 31 रन ही बना सके। वह खराब फॉर्म के कारण पांचवें टेस्ट मैच से बाहर थे। भारतीय टीम को अपना अगला टेस्ट इस साल जून में इंग्लैंड दौरे पर खेलना है लेकिन भारतीय क्रिकेट जगत में 'सुपटस्टार' संस्कृति को पीछे छोड़ने की बात उठ रही है।

## 23 से होगा आईपीएल का आगाज

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने पुष्टि की कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का 18वां सीजन 23 मार्च से शुरू होगा। जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को आयोजित मेगा नीलामी के दौरान सभी 10 फ्रेंचाइजी ने अपनी पसंद की टीम चुन ली है।

नीलामी खत्म होने के बाद इस संभावित तारीख को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं कि कैश-रिच लीग कब शुरू होगी। मुंबई में विशेष आम बैठक (एसजीएम) में शामिल हुए राजीव शुक्ला ने पत्रकारों से बात करते हुए आईपीएल 2025 की तारीख का खुलासा किया और कहा, 'आईपीएल 23 मार्च से शुरू होने जा रहा है।'

पिछले सीजन में आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च को हुई थी, जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स का सामना किया था और फाइनल 26 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में हुआ था। कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2024 सीजन में जोरदार जीत हासिल की।

## पंजाब किंग्स की कप्तानी करेंगे श्रेयस



**चंडीगढ़।** भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को रविवार को मार्च में शुरू होने वाले नए सत्र से पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम पंजाब किंग्स का कप्तान घोषित किया गया। कोलकाता नाइट राइडर्स को अपनी कप्तानी में 2024 में खिताब दिलाने वाले दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपए की भारी भरकम कीमत पर खरीदा था जिससे वह पिछले साल नवंबर में हुई आईपीएल नीलामी के दौरान दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे।

अय्यर मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ फिर से जुड़ेंगे जिनके साथ वह दिल्ली कैपिटल्स में थे और तब टीम 2020 आईपीएल के फाइनल तक पहुंची थी। अय्यर ने एक बयान में कहा, 'मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि टीम ने मुझ पर भरोसा जताया है। मैं कोच पोंटिंग के साथ फिर से काम करने के लिए उत्सुक हूं। टीम मजबूत दिख रही है, जिसमें खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण है। मुझे उम्मीद है कि टीम प्रबंधन द्वारा दिखाए गए भरोसे को हम अपना पहला खिताब दिलाकर सही साबित करेंगे।'

2024 सत्र अय्यर के लिए यादगार रहा है जिसमें उन्होंने केकेआर के साथ आईपीएल खिताब जीतने के अलावा मुंबई को दूसरी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी भी दिलाई। वह रणजी और ईरानी ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई टीम का भी हिस्सा थे।

## गोवा इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट शुरू

### 66 वर्षीय रासेत जियादिनोव ने किया उलटफेर



**गोवा।** देश के पूर्व रक्षामंत्री और गोवा के पू र्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मनोहर परिंकर की याद में आयोजित हो रहे गोवा इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट का शुभारंभ हो गया। 10 राउंड के इस टूर्नामेंट में 19 देशो के 191 खिलाड़ी भाग ले रहे है और इसमें कुल 17 ग्रांड मास्टर 35 इंटरनेशनल मास्टर समेत कुल 93 टाइटल खिलाड़ी भाग ले रहे है। पहले राउंड में अधिकतर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जीत दर्ज करने में सफल रहे। पहले बोर्ड पर भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त ग्रांड मास्टर दीप्तयान घोष ने जीत के साथ अपना खाता खोला है । उन्होंने हमवतन श्रीजा पोटलीरि को पराजित करते हुए अपना खाता खोला है, पहले राउंड मे पूर्व एशियन चैंपियन भारत के एसपी सेथुरमन, अरोण्यक घोष, सिंगापूर के सिद्धार्थ जगदीश, भारत के मित्रभा गुहा और आयुष शर्मा ने जीत दर्ज की है। वहीं सबसे बड़ा उलटफेर किया है। यूएसए के 66 वर्षीय ग्रांड मास्टर 103 वरीय रासेत जियादिनोव नें जिन्होंने छठे वरीय ग्रांड मास्टर अनुराग महम्मल को पराजित कर दिया। कभी 2500 के उपर रेटिंग वाले रासेत की वर्तमान रेटिंग 2031 रह गई है पर उन्होंने दिखाया की उनका अनुभव अब भी उनके साथ है ।

## अभिषेक शर्मा से इंडिगो एयरलाइंस ने की बदसलूकी

**नई दिल्ली।** भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इंडिगो एयरलाइंस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर स्टाफ के व्यवहार के कारण उनकी फ्लाइट छूट गई। 24 वर्षीय अभिषेक ने कहा कि वह सही चेक-इन काउंटर पर समय पर पहुंचे थे, लेकिन उन्हें दूसरे काउंटर पर भेज दिया गया, जहां उन्हें बताया गया कि चेक-इन बंद हो चुका है। अभिषेक ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कड़े शब्दों में कहा कि उन्हें केवल एक दिन की छुट्टी मिली थी, जो अब पूरी तरह बर्बाद हो गई है। अभिषेक ने कहा, 'मुझे दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो के साथ सबसे खराब अनुभव हुआ और स्टाफ, खासकर काउंटर मैनेजर सुश्री सुष्मिता मित्तल का व्यवहार बिल्कुल अस्वीकार्य था। मैं समय पर सही काउंटर पर पहुंचा, लेकिन उन्होंने मुझे अनावश्यक रूप से दूसरे काउंटर पर भेज दिया। बाद में मुझे बताया गया कि चेक-इन बंद हो चुका है, जिससे मेरी फ्लाइट छूट गई। मुझे केवल एक दिन की छुट्टी मिली थी, जो अब पूरी तरह बर्बाद हो गई है।

## चैंपियंस ट्रॉफी को टीम ऑस्ट्रेलिया का ऐलान

### कमिंस-हेजलवुड को चोट के बावजूद मिली जगह



**सिडनी।** पैट कमिंस को अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान चुना गया जबकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी चोट के बावजूद टीम में जगह मिली है। कमिंस भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में टखने की चोट से जूझते रहे थे। वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म और इस चोट के कारण आगामी श्रीलंका दौरे पर भी नहीं जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'जब हमने कुछ दिन पहले श्रीलंका दौरे के लिए टेस्ट टीम का ऐलान किया था तब मुझे जितनी जानकारी थी, उतनी ही आज है।'

उन्होंने कहा, 'उसने स्कैन कराया है लेकिन मुझे उसकी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है। हम उसे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद आराम भी देना चाहते थे।'

वहीं चोट के कारण मेलबर्न और सिडनी टेस्ट से बाहर रहे हेजलवुड श्रीलंका दौरे की टीम में नहीं है लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम का हिस्सा हैं।

**ऑस्ट्रेलिया टीम**

पैट कमिंस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल मार्श, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

ऑस्ट्रेलिया ओपन

## एलेक्स मिशेलसन ने सितसिपास को हराया



**मलबर्न।** अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी स्टेफोनोस सितसिपास को हराकर टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर करते हुए अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यहां मिशेलसन ने दो घंटे और 43 मिनट तक चले मुकाबले में जर्मनी के स्टेफोनोस सितसिपास को 7-5, 6-3, 2-6, 6-4 से हराया। ग्रैंड स्लैम में शीर्ष-20 प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मिशेलसन की यह पहली जीत है। उन्होंने मैच के दौरान निंभिक रणनीति के तहत शक्तिशाली सर्विस और आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक लगाए।

मैच के बाद मिशेलसन ने कहा, मैंने स्वयं को शांत रखने का प्रयास किया।

# म नो रं ज न

## शातिर चोर बनेंगे रणबीर कपूर



बॉलीवुड की पॉपुलर फ्रेंचाइजी फिल्मों का जिक्र होता है, तो 'धूम' का नाम नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। 'धूम' मूवी के तीन पार्ट पहले ही आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों से बेशुमार प्यार मिला है। इन दिनों 'धूम 4' को लेकर चर्चा हो रही है। धूम के अपकमिंग सीक्वल से कई पॉपुलर सितारों का नाम जोड़कर देखा जा रहा है। इस बीच फिल्म की रिलीज और एक दिग्गज एक्टर की एंट्री पर बड़ा अपडेट आया है। धूम फ्रेंचाइजी में वीलेन का रोल अक्सर बदलता रहता है। अब 'धूम 4' की कास्ट से एक पॉपुलर बॉलीवुड एक्टर का नाम जुड़ गया है। बॉक्स ऑफिस पर एनिमल फिल्म से रणबीर कपूर ने धमाल मचा दिया था। अब रणबीर कपूर की एंट्री आदित्य चोपड़ा की फिल्म में हो गई है। जी हां, रणबीर कपूर 'धूम 4' में नजर आएंगे और फिल्म की शूटिंग से लेकर कई अन्य जरूरी अपडेट भी सामने आ चुके हैं। 'धूम 4' की राह सिनेमा लवर्स लंबे समय से देख रहे हैं, लेकिन अब प्रशंसकों को ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'धूम 4' की शूटिंग अप्रैल, 2026 से शुरू होगी। पिक्चर की स्टोरी पर काम पहले ही शुरू हो चुका है। बताया जा रहा है कि फिल्म में रणबीर के साथ दो एक्ट्रेस भी लीड रोल की भूमिका अदा करेंगी। रणबीर कपूर के पास 'रामायण' और 'लव एंड वॉर' जैसी फिल्में हैं। इन दोनों फिल्मों की रिलीज के बाद एक्टर 'धूम 4' पर काम शुरू करेंगे। आदित्य चोपड़ा की धूम फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त कई मायनों में खास होने वाली है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि फिल्म की कास्टिंग पर काम भी बेहद जल्द शुरू हो जाएगा। बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर आने वाले दिनों में कई मोस्ट अवेटेड फिल्मों का हिस्सा बनेंगे। इन दिनों अभिनेता नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'रामायण' की शूटिंग पर काम कर रहे हैं। बता दें कि इसे दो पार्ट में रिलीज किया जाएगा और पहला पार्ट साल 2026 में रिलीज किया जाएगा। वहीं, इसका दूसरा पार्ट अगले साल यानी 2027 में आएगा। फैंस इसका बेसब्री से इंतजार भी कर रहे हैं। इसके अलावा, रणबीर के पास 'लव एंड वॉर' फिल्म भी है।

## साउथ की फिल्म 'नागबंधम' की पहली झलक रिलीज



2025 की शुरूआत में ही एक और पैन इंडिया फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है। युवा नायक विराट कर्ण का मचअवेटेड फिल्म 'नागबंधम' से रुद्र के रूप में पहला लुक राणा दग्गुबाती द्वारा जारी किया गया है। फिल्म निर्माता अभिषेक नामा द्वारा निर्देशित इस भव्य परियोजना ने अपनी घोषणा के बाद से ही काफी चर्चा बटोरी है। वहीं पोस्टर की झलक देखते ही फैंस ने कहा- एक और ब्लॉकबस्टर तैयार है। पहले पोस्टर में विराट कर्ण को एक आकर्षक और दमदार अवतार में दिखाया गया है, जिसमें घुंघराले बाल, दाढ़ी और सुडौल शरीर है। एक साहसी मुद्रा में दिखाए गए कर्ण एक एक्शन से भरपूर दृश्य में शर्टलेस दिखाई देते हैं। जहां वह समुद्र में एक खतरनाक मगरमच्छ से लड़ते हैं। अपने हाथों और रस्सी से मगरमच्छ का मुंह पकड़े हुए, रुद्र का निडर व्यवहार और अथक शक्ति केंद्र में है। जो एक स्थायी छाप छोड़ती है।

नागबंधम

## 100 करोड़ के क्लब में एंट्री से चूकी 'गेम चेंजर'



तेलुगु सुपरस्टार राम चरण इन दिनों फिल्म 'गेम चेंजर' की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने इससे दो साल के बाद पर्दे पर वापसी की है। वहीं, इसके जरिए वो पहली बार बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आए। फिल्म ने रिलीज के बाद ही बवाल मचा दिया था। 10 जनवरी, को ओपनिंग डे पर मूवी ने कमाल का कलेक्शन किया था। इसने इंडिया में 51 करोड़ का कलेक्शन कर धमाल दिया था। लेकिन, इसके बाद इसकी कमाई में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, इसके साथ सोनू सूद की फिल्म 'फतेह' आई, जिसका बॉक्स ऑफिस पर डब्बा गुल हो गया है। ऐसे में चलिए बताते हैं दोनों ही फिल्मों ने फर्स्ट वीकेंड पर कितना कलेक्शन किया है।

दरअसल, राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें थीं। 450 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म की शुरुआत तो शानदार रही लेकिन, इसके बाद इसकी कमाई में लगातार गिरावट आई। माना जा रहा था कि फिल्म पहले वीकेंड पर 100 करोड़ के क्लब में एंट्री मार सकती है लेकिन, ऐसा नहीं हो पाया। रविवार को कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें देखने के लिए मिल रहा है कि फिल्म 100 करोड़ के क्लब में एंट्री मारने से चूक गई है। रिपोर्ट की मानें तो 'गेम चेंजर' तीसरे दिन यानी कि रविवार को बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी है और दूसरे दिन से 21.30 प्रतिशत की गिरावट देखने के लिए मिली है। 'गेम चेंजर' ने तीसरे दिन भारत में 17 करोड़ का कलेक्शन किया है। वहीं, दूसरे दिन यानी कि पहले शनिवार को इसकी कमाई का आंकड़ा 21.6 करोड़ था। लेकिन, पहले दिन के मुकाबले इसमें 57.65 प्रतिशत की गिरावट देखने के लिए मिली है।

## ऋतिक ने दिया फिल्म 'वॉर 2' पर बड़ा अपडेट



ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे है। ये फिल्म इसी साल 14 अगस्त को रिलीज होगी। अब फैंस को ऋतिक रोशन ने एक और बड़ी अपडेट दे दी है। जिसके बाद फैंस फिल्म को लेकर और ज्यादा एक्साइटेड हो गए हैं। 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन के साथ कियारा आडवाणी लीड रोल में नजर आएंगी। वहीं, ऋतिक के साथ पहली बार जूनियर एनटीआर भी स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे। इससे पहले 'वॉर' जो साल 2019 में आई थी उसमें टाइगर श्रॉफ थे। ये फिल्म बॉक्स पर सुपरहिट साबित हुई थी। अब लगभग पांच साल बाद 'वॉर 2' आ रही है। इसी पर ऋतिक रोशन ने अपडेट दिया है। ऋतिक रोशन ने हाल ही में एक मीटअप के 'वॉर 2' के बारे में बात की। ऋतिक से 'वॉर 2' को लेकर ही सवाल किया गया था तो उन्होंने बताया कि वह फिल्म के लिए अब बस एक चीज बाकी रह गई है जो है उनका और जूनियर एनटीआर का डांस ऑफ जो काफी खास होने वाला है जिसके लिए वो काफी उत्सुक हैं। उन्होंने कहा "आशा करता हूं मेरे पैर मजबूत रहेंगे।" अब फैंस फिल्म में दोनों स्टार्स का डांस देखने का इंतजार कर रहे हैं। बेशक से डांस ऑफ बहुत मुश्किल होने वाला है क्योंकि दोनों ही एक्टर दमदार डान्सर है। 'वॉर' फिल्म में ऋतिक रोशन ने टाइगर श्रॉफ के साथ दमदार ट्रैक 'जय-जय शिव शंकर' पर डांस किया था , जिसके बाद 'वॉर 2' से फैंस की उम्मीदें बढ़ गई है। इसी के साथ फिल्म इंडस्ट्री के दो बड़े स्टार जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन को एक साथ थिरकते हुए देखना फैंस के लिए उत्साह भरा होने वाला है। 'वॉर 2' को अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म 'वॉर 2', यशराज फिल्म्स के 'स्पाई यूनिवर्स' की छटवीं फिल्म है। फिल्म की शूटिंग होते हुए लगभग एक साल बीत चुका है। इसकी कहानी आखिर क्या होगी इसकी जानकारी भी किसी को नहीं लग पाई है।

## शहनाज से रवीना तक सेलेब्स ने फैंस को दी लोहड़ी की लख-लख बधाई

खुशियों और नई फसल से जुड़े त्योहार लोहड़ी को सोमवार को देशभर में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। फिल्म इंडस्ट्री के तमाम सितारों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर प्रशंसकों को लोहड़ी की ढेरों बधाई दी। बधाई देने वाले सितारों की लिस्ट में रवीना टंडन, भाग्यश्री, शहनाज गिल समेत अन्य का नाम शामिल है। शहनाज गिल, रकुल प्रीत सिंह, जैकी भगनानी के साथ ही रवीना टंडन, भाग्यश्री, सुनील शेट्टी समेत अन्य सितारों ने प्रशंसकों को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और उन्हें लख-लख बधाइयां दी। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम पर जश्न की वीडियो और तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "लोहड़ी दी लख-लख बधाइयां।" शेयर की गई तस्वीरों में रवीना अलाव जलाती और भांगड़े की थाप पर थिरकती नजर आईं। तस्वीरों में अभिनेत्री के साथ भाग्यश्री भी नजर आईं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करते हुए अभिनेत्री भाग्यश्री ने कैप्शन में लिखा, "लोहड़ी दी लख-लख बधाइयां! कितना नाचे, कितनी पानीपुरी खाई, कितनी खुशियां बटोरी। ढोल ताशे, गुड़ बताशे। सरसों दा साग और मक्की दी रोटी, आपका साथ हमेशा मजेदार।"

## नीना गुप्ता की नातिन का नाम रखा 'मतारा'



नीना गुप्ता हाल में ही नानी बनी थी। उन्होंने इसकी खुशी भी जाहिर की और बताया कि उनकी बेटी मसाबा मां बन गई हैं। अब नातिन के जन्म के तीन महीने बाद नीना गुप्ता की बेटी की बेटी और फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता और उनके पति-अभिनेता सत्यदीप मिश्रा ने अपनी बेटी का नामकरण किया और नाम का ऐलान सोशल मीडिया पर कर दिया है। उन्होंने अपनी प्यारी बेटी का नाम चाहनेवालों को इंस्टाग्राम पर बताया है। सोमवार को इंस्टाग्राम पर मसाबा ने लोहड़ी के मौके को बेटी का नाम बताने के लिए चुना। इस पोस्ट में उन्होंने एक प्यारी सी तस्वीर भी शेयर की जिसमें बेटी के हाथ की झलक दिख रही है। नीना गुप्ता की नातिन का नाम 'मतारा' रखा गया है। नाम के ऐलान के साथ ही मसाबा ने यह भी बताया कि इसका क्या मतलब है और बच्ची की एक अनदेखी तस्वीर भी पोस्ट की। जैसे ही उनकी बेटी तीन महीने की हुई, मसाबा ने उसे एक झलक दिखाई। उन्होंने बिस्तर पर लेटे हुए बच्चे के हाथ की क्लोज-अप तस्वीर पोस्ट की। मसाबा ने अपना हाथ बच्चे के बगल में रखा हुआ था। उन्होंने एक चूड़ी पहनी हुई थी जिस पर 'मतारा' शब्द लिखा हुआ था। तस्वीर शेयर करते हुए मसाबा ने लिखा, 'मेरी मातारा के साथ तीन महीने (ट्यूलिप इमोजी)। यह नाम नौ हिंदू देवियों की दिव्य स्त्री ऊर्जा का प्रतीक है, जो उनकी शक्ति और ज्ञान का जश्न मनाता है। साथ ही हमारी आंखों का तारा।' बता दें, मसाबा और सत्यदीप ने पिछले साल अक्टूबर में एक बेबी गर्ल का स्वागत किया था।

जागरूक टाइम्स
जयपुर, मंगलवार, 14 जनवरी, 2025



# बजट घोषणाओं की क्रियान्विति समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें : गावंड़े

**जिला कलक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करें। वे सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बजट घोषणाओं के कार्यों की विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्हें समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बजट घोषणा 2024-25 के तहत जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल कनेक्शन, जालोर शहर में सीवरेज कार्य, जालोर में स्टोन मण्डी, पीडब्ल्यूडी के निर्माण कार्य, शिक्षा विभाग के तहत टीएडी छात्रावास निर्माण आदि के संबंध में प्रगति को लेकर बिन्दुवार चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल में बन रहे क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करने तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का प्रचार करने की बात कही। मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, डिस्कॉ के एसइ पीएस राठौड़, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंगारिया, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता जितेंद्र त्रिवेदी आदि मौजूद थे।



## पास्ट चैंपियन एथलीट के चयन साक्षात्कार 17 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** केन्द्र सरकार की 'खेलो इंडिया' योजना के तहत राज्य में नवीन 16 खेलो इंडिया सेंटर के अंदर स्थापित करने के लिए एजेंसी के माध्यम से पास्ट चैंपियन एथलीट लगाई जा रही है। जिसके तहत जालोर जिले के सांचौर में सॉफ्टबॉल खेल को स्थापित किया जाना है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि पास्ट चैंपियन एथलीट के लिए 17 को राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद मुख्यालय में साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा।

## यह साल तीव्र क्रिया व परिवर्तन का वर्ष : शास्त्री

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** वर्ष 2025 मंगल द्वारा शासित अंक 9 (2+0+2+5=9) का वर्ष है। जो तीव्र क्रिया, परिवर्तन का वर्ष है। श्रीदर्शन पंचांगकर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि हमारी पृथ्वी जैसे-जैसे सूर्य के चारों ओर मंगल ग्रह के साथ आगे बढ़ रही है। मंगल ग्रह की ऊर्जा का पृथ्वी पर प्रभाव और अधिक बढ़ता जा रहा है। मंगल ग्रह के प्रभाव से धरती पर आगजनी दुर्घटनाएं आदि का विशाल स्तर पर प्रभाव देखने को मिलता है। जैसा कि लॉस एंजिल्स के जंगलों में 7 जनवरी 2025 मंगलवार की शाम को अब तक की सबसे भयानक आग भड़क उठी। यह आग अब तक लगभग 11 हजार 700 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र में तेजी से फैल रही है। जिससे अभी तक 10 हजार से अधिक घर जल चुके हैं। श्रीमती कमला हैरिस का घर भी इस आग से जल चुका है। इसके अतिरिक्त तीन लाख से अधिक लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है। इसी रात को सैन फर्नांडो में एक और बड़ी आग भड़क उठी। वर्तमान में मंगल ग्रह पृथ्वी के सबसे नजदीक से गोचर कर रहा है। मंगल ग्रह के इस नाटकीय परिवर्तन के कारण ही खगोल वैज्ञानिकों ने इसका नाम युद्ध के देवता के नाम पर मंगल रखा था। क्योंकि कभी-कभी युद्ध का देवता पृथ्वी से नजदीक गोचर करते हुए भयंकर प्रभाव डालता है। मंगल ग्रह का व्यास केवल 6 हजार 790 किमी है। जो इसे पृथ्वी के आकार के आधे से थोड़ा ही ज्यादा बनाता है। त्रिवेदी ने बताया कि सौरमंडल में सूर्य 14 जनवरी 2025 दिन मंगलवार को प्रातः मकर राशि में प्रवेश करेगा। जिसे हम मकर संक्रांति के पर्व के रूप में मनाते हैं। इस दिन मंगल ग्रह कर्क राशि में नीच की स्थिति में वक्री होकर गोचर कर रहे होंगे। इसी के साथ 15-16 जनवरी 2025 को पृथ्वी मंगल ग्रह और सूर्य के बीच से गुजरेगी। मंगल ग्रह की कक्षा की ज्यामिति ऐसी है कि यह पृथ्वी के करीब रहने की तुलना में पृथ्वी से अधिक दूरी पर अधिक समय बिताता हैं।



## वाराह नगर में 116वें यज्ञ का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** सनातन संस्कृति जागरण संघ द्वारा घर घर यज्ञ अभियान के माध्यम से समरस, समरूप, एकरूप व व्यसन मुक्त संगठित हिंदू समाज की स्थापना के लिए लेदरमेर रोड स्थित वाराह नगर में 116वें यज्ञ का आयोजन किया गया। सनातन संस्कृति जागरण संघ के सदस्य ओटाराम मेघवाल ने बताया कि यज्ञ में अयोध्या कार सेवक दीपाराम माली सपत्नीक मुख्य यजमान बने। कुंड पर अन्य परिवारजनों एवं बस्ती के बंधुजनों ने बैठ यज्ञ में भाग लिया। रामाराम गहलोत, शंकरलाल सोलंकी, श्रवणलाल जीनगर, लक्ष्मणसिंह, सुरेश वोरा, वालाराम मौर्य, तारचंद फुलवरिया, नरपतसिंह आर्य, पूनमाराम बंजारा, शंकरलाल राणा, राजूसिंह माली, दीपाराम माली, छगनाराम माली, आर्य मोहनलाल सेन, अशोक माली, राजेश सोनी, अक्षय माली, दूदाराम मेघवाल, आर्य मोहनलाल आंजना, राहुल जीनगर, राहुल बंजारा, आर्य अक्षय बंजारा, मांगीलाल मेघवाल, आर्य रोहित मेघवाल, भानुप्रतापसिंह सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे। यज्ञ का सम्पादन राव विक्रमसिंह आर्य ने वैदिक रीति से करवाया।

## विद्यार्थियों को कोई एक लक्ष्य लेकर चलना चाहिए : देवासी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** देवासी समाज छात्रावास में भाजपा प्रदेश मंत्री सांवलाराम व आसूराम देवासी बोरटा की मौजूदगी में जेतेश्वर संकल्प ज्योति प्रतिभा परीक्षा 2025 का आयोजन किया गया। भामाशाह संदीप देसाई ने भोजन की व्यवस्था की। सावलाराम ने कहा कि छात्र को किसी एक लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ना चाहिए। मोबाइल का सार्थक उपयोग करने की सलाह दी। डॉ रमेश देवासी, वरदाराम देवासी, ठाकराराम देवासी, पाबूराम देवासी, ब्लॉक संयोजक किशोर देवासी, केंद्र अधीक्षक ठाकराराम देवासी, अतिरिक्त संयोजक पाबूराम देवासी, पारसाराम देवासी, पत्रकार अशोक भोंगरा, दीपक देवासी, कृष्ण अध्यापक, लीलाराम फागोतरा सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद थे।



# बालिकाओं को निःशुल्क वितरित की साइकिल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** राउमावि खाण्डादेवल में सोमवार को मुख्यमंत्री निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल वितरण समारोह का आयोजन सरपंच चेतनाराम मेघवाल एवं प्रधानाचार्य धन्नाराम की मौजूदगी में हुआ। सरपंच मेघवाल ने कहा कि साइकिल मिलने से बेटियों को स्कूल आने-जाने में अब सहुलियत होगी। साइकिलें पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठें। प्रधानाचार्य धन्नाराम ने राज्य सरकार द्वारा सरकारी विद्यालय में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वरिष्ठ अध्यापक श्रवणकुमार विश्नोई, पारसकुमारी, अर्जुनकुमार जीनगर, जगदीशकुमार, शारीरिक शिक्षक राधाकृष्ण, अध्यापक लोकेशकुमार व रमेशकुमार आदि मौजूद थे।



**जसवंतपुरा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। प्रवक्ता सुश्री कंचन ने बताया कि विद्यालय की 79 बालिकाओं को साइकिलों को वितरण समाजसेवी मोडाराम प्रजापत एवं पंचगणों व अभिभावकों की उपस्थिति में किया गया। मोडाराम ने बालिकाओं को साइकिल के सद्पयोग के लिए प्रेरित किया। ब्लॉक नोडल प्रभारी वि' मसिंह ने बताया कि इस सत्र में ब्लॉक में 779 साइकिलें राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई है।

## आविम में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशानुसार सोमवार को आदर्श विद्या मंदिर बालिका विद्यालय में थानाधिकारी रामेश्वरलाल भाटी व वरिष्ठ अधिवक्ता बालूराम चौधरी की मौजूदगी में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। थानाधिकारी भाटी ने यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए वाहन चलाते समय नियमों की पालना करने, हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने और मोबाइल का उपयोग नहीं करने की बात कही। अधिवक्ता बालूराम चौधरी ने बालिकाओं को यातायात के नियमों की पालना करने,परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और आमजन को जागरूक करने की बात कही।





# आधुनिक जीवन जीने के सही तरीकों को अपनाकर करें लक्ष्य की प्राप्ति : तत्वज्ञलता

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर भारतीय जैन संघठन (बीजेएस) चैप्टर सांचौर एवं बीजेएस लेडीज विंग द्वारा पहला कार्यक्रम यू-वाह का नवकार महामंत्र के साथ सफलता पूर्वक आगाज किया गया। चैप्टर अध्यक्ष दिनेश बोहरा ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। उन्होंने बताया कि भारतीय जैन संघठन पिछले 40 वर्षों से जैन समुदाय के साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे परिवार-रिश्ते, समाज कल्याण, आपदा राहत, मूल्य शिक्षा और जल निकायों के पुनर्जीवन जैसे कार्यों में अपनी अनवरत सेवाएं दे रहा है। चैप्टर महासचिव श्रीपाल लूणिया ने बताया कि युवाओं के लिए कई प्रेरणादायक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। साध्वी तत्वज्ञलता ने युवाओं को आधुनिक युग में जीवन जीने के सही तरीकों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि युवा आधुनिक जीवन जीने के सही तरीकों को अपनाकर लक्ष्य की प्राप्ति करें। समाजसेवी केवलचंद बोहरा, पुखराज बोकडिया, दिनेशकुमार और मोहनलाल मालू ने भी सम्बोधित किया। आयोजन में पर्यवेक्षक और जज की भूमिका अशोक बोहरा व कपिल बोहरा ने निभाई। मंच संचालन मूलचंद छाजेड़ और प्रकाश मालू ने किया। इस आयोजन में कुल 44 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लेडीज विंग अध्यक्ष मीना बोहरा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्पतराज लूणिया, विजय नाहटा, संजय मालू, हितेश संखलेचा, जसवंत जैन, सिद्धार्थ भंसाली, राज बोहरा, सुनील बोथरा, रमेश सिंघवी, नरेश मालू, महेंद्र मालू, ईशा जैन, उषा मालू, पिंकी जैन, उषा छाजेड़, कविता संखलेचा, मीना श्रीमाल, तरुणा जैन, मीना तातेड़ आदि मौजूद थे।



**भीनमाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भीनमाल द्वारा स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में जारी युवा सप्ताह के तीसरे दिन कार्यकर्ताओं ने राजकीय महाविद्यालय भीनमाल और बगस्थली माता मंदिर में सघन पौधरोपण किया। नगर मंत्री उत्सव दवे ने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं। हर व्यक्ति को कम से कम एक पौध अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। प्रांत कार्यसमिति सदस्य मोनिका चौधरी, भाग संयोजक मयंक दवे, अश्विनसिंह, मुकेश सुंदेशा, गोविंद जाट, रणवीर चौधरी, प्रवीण भादू सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद थे।



## न्यायाधीश ने किया उप कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** एडीजे राजेंद्र साहू ने सोमवार को उप कारागृह का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जेल प्रभारी से विचाराधीन कैदियों की संख्या, भोजन, पानी, सर्दी से बचाव, सफाई, चिकित्सा सुविधा ओर सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। न्यायधीश ने एक-एक बंदी से सरकार द्वारा उपलब्ध कानूनी सुविधा व समस्याओं सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली। अतिरिक्त जिला कलेक्टर दौलतराम चौधरी, थानाधिकारी रामेश्वरलाल भाटी व ब्लॉक सीएमएचओ डॉ दिनेश कुमार विश्नोई भी मौजूद थे।



## जिला कलक्टर भाद्राजून में आज करेंगे रात्रि चौपाल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे मंगलवार को भाद्राजून में रात्रि चौपाल करेंगे। जहां जिला कलक्टर डॉ. गावंडे ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करेंगे।

## संक्रांति को लेकर युवाओं में उत्साह, परिषद ने चलाया अभियान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** मकर संक्रांति को लेकर शहर में युवाओ में पंतग उड़ाने को लेकर क्रेज देखते ही बन रहा है। इसको लेकर शहर में भी जगह जगह पर पतंगों की दुकानें सज गई है। जहां तरह तरह की पतंगें लोगों को लुभा रही है।

दुकानों पर दिनभर पतंग खरीदने युवाओं की भीड़ लगी रहती है। उधर प्रतिबंधित चाइना मांझा का उपयोग नहीं करने को लेकर नगर परिषद के सफाई निरीक्षक विजय पुरोहित की ओर से विशेष अभियान चलाकर बाजार में चाइना मांझा को लेकर जांच की गई।



## नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का किया स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** शहर के एक प्रतिष्ठान में सोमवार को भाजपा के नवनियुक्त सायला मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा एवं पोषाणा मंडल अध्यक्ष रघुनाथसिंह राजपुरोहित का स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्षों ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, वरिष्ठ नेता दीपसिंह, जिला प्रतिनिधि उदयसिंह परमार, केवदाराम चौधरी, सुरेश राजपुरोहित, एडवोकेट भीष्मनारायण राजपुरोहित, नरपतदान, विपिन सुंदेशा, हाजाराम देवासी, बगदाराम राजपुरोहित, हुकमसिंह दहिया, शिवदानसिंह भाटी सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में विजिटर्स बोर्ड ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय सुकन्या शांता बनाम भारत संघ की पालना में राज्य प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बोर्ड ऑफ विजिटर्स के साथ सोमवार को जिला न्यायाधीश हारून के नेतृत्व में जिला कारागृह का निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बताया कि कारागृह के निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कारागृहों में बंदियों के साथ जाति, धर्म सहित अन्य प्रकार के भेदभाव के बारे में जानकारी प्राप्त कर उस पर आवश्यक कदम उठाना है। कारागृह में बंदियों से वार्तालाप के दौरान बंदियों ने बताया कि कारागृह में किसी भी बंदी के साथ जातिगत, धर्म, आर्थिक स्थिति या अन्य आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है। मानवाधिकार हनन के संबंध में भी किसी बंदी ने शिकायत नहीं की। इस दौरान बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रसोई घर, बैरक आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। बंदियों से उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला कलक्टर प्रदीप के गावंडे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम, जिला शिक्षा अधिकारी भैराराम चौधरी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, पीडब्ल्यूडी के एसइ रमेश सिंघारिया, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक जितेंद्रसिंह व जिला कारागृह की उपाधीक्षक संपति बामणिया उपस्थित थे।

## बैठक में की गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों पर चर्चा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों को लेकर सोमवार को पंचायत समिति सभागार में उपखण्ड अधिकारी सूरजभान विश्नोई की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय ढंग से आयोजित करने के लिए विचार विमर्श कर अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। मुख्य समारोह में उपखण्ड अधिकारी ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। समारोह की पूर्व तैयारियों को लेकर खेल मैदान में 20 जनवरी से सरकारी व निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से मार्च पास्ट व शारीरिक व्यायाम का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। जबकि पंचायत समिति सभागार में देशभक्ति व राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्य' मों का पूर्वाभ्यास होगा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में ग्रामीण व प्रशासन के बीच वॉलीबॉल का मैत्री मैच दोपहर तीन बजे होगा। इस दौरान तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, विकास अधिकारी गौरव विश्नोई, सीबीइओ भंवरलाल परमार, थानाधिकारी महेन्द्रसिंह, नोडल प्रधानाचार्य लहरीराम माली, आरआइ गलबाराम, सहायक अभियंता रूपेन्द्रसिंह, डॉ. मितुल मिण्डा, जेइएन आशाराम, सुपरवाइजर किरण गुर्जर, विजय नागर, मुकेशकुमार, भाजपा जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, शंभूसिंह दहिया समेत कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ 23 जनवरी तक मनाएगा कर्त्तव्य बोध दिवस

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा रानीवाड़ा के तत्वावधान में 23 जनवरी तक मनाए जाने वाले कर्तव्य बोध दिवस आयोजन के तहत आदर्श विद्या मंदिर में दिवस मनाया गया। जिला मंत्री धर्मदान चारण ने बताया कि इस दौरान शिक्षकों को स्वयं, शिक्षार्थी, समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य को पालन करने का संदेश दिया जाता है। मुख्य वक्ता प्रदेश सह संगठन मंत्री मुकेशकुमार जोशी ने कहा की शिक्षक अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित होकर के कार्य करें तो भारत को पुनः विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता है। भारत की गुरुकुल परंपरा से वर्तमान में भी ऐसे उदाहरण हमारे सामने आते हैं। उन्होंनें चाणक्य, स्वामी विवेकानंद, सुभाषचंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र के लिए समर्पित रहने की जानकारी साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपशाखा अध्यक्ष अरविंद जोशी ने की। कार्यक्रम का संचालन उपशाखा कोषाध्यक्ष कृष्णकुमार गर्ग ने किया। जिला मीडिया प्रभारी आसूराम सेन, जिला महिला संगठन मंत्री सीतादेवी शर्मा, भभूतराम चौधरी, उपशाखा मंत्री मोहब्बतसिंह देवड़ा, शैतानसिंह चौहान, भलाराम चौधरी, हनुमान चौधरी, मंजू यादव, ओमप्रकाश राजपुरोहित, पांचाराम चौधरी, हिमराजाराम, भंवरसिंह चारण, सावरमल, दारासिंह आदि मौजूद थे।



## पटवारियों ने किया राजस्व कार्यों का बहिष्कार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** उपखंड मुख्यालय पर सोमवार को राजस्थान पटवार संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर 9 सूत्री मांग पत्र के निस्तारण की मांग को लेकर पटवारियों द्वारा राजस्व कार्यों का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया गया। पटवार संघ जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह चंपावत ने बताया कि गिरदावरी एप में अपेक्षित आवश्यक संशोधन करवाने, 1035 पटवार मंडल एवं भानोत कमेटी में वित्तीय स्वीकृति से शेष पटवार मंडल एवं भू-अभिलेख निरीक्षक वृत की वित्तीय स्वीकृति जारी करवाने समेत 9 सूत्री मांग पत्र का निस्तारण नहीं होने से समस्त पटवारियों में भारी रोष है। मांगों पर सहमति नहीं बनने तक राजस्व कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा। उपशाखा अध्यक्ष जसाराम, दिनेश सोलंकी, उमाराम, ज्ञानसिंह, सुरेशकुमार, रविन्द्रसिंह, देवीसिंह, आसकरणसिंह, परमेश्वरी, रिंकी राव, भीमराज, भीमाराम समेत पटवारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री का कृषक हित में महत्वपूर्ण निर्णय

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 6 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों को दी मंजूरी





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार कृषकों की आय में वृद्धि कर उनके जीवन को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने गत एक वर्ष में कृषक हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इन फैसलों में किसान सम्मान निधि में वृद्धि, गेंहू के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी, बड़ी संख्या में नए कृषि कनेक्शन तथा किसानों को बिजली के बिलों में अनुदान सहित कई फैसले शामिल हैं। साथ ही, कृषि उत्पादों के प्रभावी विपणन हेतु मंडियों का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण भी किया जा रहा है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य की विभिन्न कृषि उपज मंडियों में 6 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी दी है। इनमें कृषि उपज मंडी समिति सीकर की विशिष्ट प्याज गौण मंडी यार्ड रसीदपुरा में 74 लाख रुपये के नवीन निर्माण कार्य, कृषि उपज मंडी समिति (विशिष्ट श्रेणी) बूंदी के अंतर्गत नवीन मंडी प्रांगण कुंवारती में 2.58 करोड़ रुपये से अधिक के विद्युत व निर्माण कार्य, कृषि उपज मंडी समिति पीपाड़ शहर, जोधपुर के गौण मंडी यार्ड आसोप में 90.86 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण एवं सोलर स्ट्रीट लाइट के कार्य तथा कृषि उपज मंडी समिति नगर, डीग के अंतर्गत मुख्य मंडी यार्ड में 1.76 करोड़ से अधिक की लागत से डोम निर्माण कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से राज्य में कृषि के आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 16 को कर्मचारी संगठनों के साथ करेंगे बजट पूर्व संवाद

## राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य की डबल इंजन सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास और जनकल्याण की भावना के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व तथा दूरगामी सोच के साथ समाज के हर वर्ग के हित में निरंतर निर्णय लिए जा रहे हैं। विकसित राजस्थान 2047 के ध्येय के साथ सरकार आगामी राज्य बजट वर्ष 2025-26 की रूपरेखा तैयार कर रही है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विभिन्न वर्गों के साथ 16 जनवरी से 22 जनवरी तक बजट पूर्व संवाद कर उनके अमूल्य सुझाव लेंगे। इस क्रम में 16 जनवरी (गुरूवार) को शर्मा राज्य के कर्मचारी संगठनों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे।

आमजन को पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने में कर्मचारियों की एक कर्मयोगी के रूप में अहम भूमिका होती है। राज्य सरकार की नीतियों और विजन को कर्मचारी ही धरातल पर मूर्त रूप देते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं को रोजगार देने तथा राजकार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुशल कार्मिकों की आवश्यकता देखते हुए हेतु राज्य सरकार ने 5 वर्षों में 4 लाख पदों पर सरकारी नियुक्तियां देने का लक्ष्य रखा है। अब तक 59 हजार से अधिक नियुक्तियां दी जा चुकी हैं तथा लगभग 15 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। इसके साथ ही लगभग 81 हजार पदों पर भर्ती परीक्षाओं का कैलेण्डर भी जारी किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने अंतरिम राज्य बजट एवं परिवर्तित राज्य बजट में कर्मचारियों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। इनमें पदोन्नति के लिए डीपीसी हेतु 2 वर्ष की छूट, आरजीएचएस के अन्तर्गत चिकित्सा सुविधा का लाभ लेने हेतु महिला एवं पुरूष कार्मिकों को अपने माता-पिता अथवा सास-ससुर में से किसी एक को चुनने का विकल्प देना, प्रतिवर्ष 30 जून को सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों को 1 जुलाई से एक काल्पनिक वेतन वृद्धि का लाभ देना, ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने, पेंशनर्स को देय आउटडोर चिकित्सा सेवा की व्यय सीमा को 30 हजार रूपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये करने तथा 1 अप्रेल, 2024 के बाद कार्मिक की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर 10 वर्षों तक बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन देने जैसी घोषणाएं शामिल हैं।

# 30 दिन, तीन परिवार, 12 मौतें

## राजौरी के बड्डाल गांव में बीमारी का कहर

### डॉक्टर भी नहीं लगा पा रहे बीमारी का पता

**राजौरी।** राजौरी जिले के बड्डाल इलाके में एक बार फिर संदिग्ध बीमारी ने अपना कहर बरपाया है। इस बार छह बच्चे बीमार हुए, जिनमें से तीन बच्चों की मौत हो गई। ये बच्चे उसी घर में खाना खाने के बाद बीमार हुए, जहां एक महीने पहले चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी। शनिवार को बड्डाल निवासी मोहम्मद असलम अपने परिवार के साथ फजल हुसैन के घर गया था। खाना खाने के बाद लौटने पर उसके तीन बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। बच्चों को पहले बुखार हुआ, फिर उल्टियां और पसीना आने लगा। गंभीर हालत में बच्चों को राजोरी के जीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डाक्टरों के मुताबिक, रात करीब एक बजे जहूर अहमद (14), नबीना (8) और यास्मीन अख्तर (15) को अस्पताल लाया गया। रविवार को तीन और बच्चे - मो. मारूफ (10), सफीना (6) और जबीना कौसर (10) बीमार हो गए। इनमें से मारूफ को जम्मू रेफर कर दिया गया है। इन छह में से तीन बच्चों की मौत हो गई है। बड्डाल में संदिग्ध बीमारी के चलते अब तक 12 लोगों की मौत हो चुकी है। इस घटना ने स्थानीय निवासियों को गहरी चिंता में डाल दिया है। स्वास्थ्य विभाग बीमारी के कारणों का पता लगाने में जुटा हुआ है आखिर किस वजह से यह मौतें हो रही हैं।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दिए संकेत

# धार्मिक शहरों में बंद होंगी शराब की दुकानें

## साधु संतों के सुझाव के बाद सरकार कर रही तैयारी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव राज्य के धार्मिक नगरों में शराब की बंदी पर विचार कर रही है। काफी समय से राज्य की धार्मिक नगरियों में शराब को बैन किए जाने की मांग की जा रही थी। अब साधु संतों के सुझाव के बाद मध्य प्रदेश की सरकार धार्मिक शहरों में शराब बंदी की तैयारी कर रही है।

सीएम मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार विचार कर रही है कि हम धार्मिक नगरों में नीति में संशोधन करे और धार्मिक नगरों से शराब की बंदी की तरफ बढ़े। कई साधु संतों और लोगों ने सुझाव दिए हैं और इस पर हमारी सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। ताकि धार्मिक वातावरण को लेकर जो सब लोगों की शिकायत आती हैं उस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। हम इस मुद्दे पर गंभीर है और हम बहुत जल्दी इस बारे में निर्णय करेंगे।

### बदले जाएंगे 11 गांवों के नाम

दूसरी ओर नए साल की शुरुआत से ही सीएम मोहन यादव राज्य में गांव और पंचायतों के नाम बदल रहे हैं। बीते पांच जनवरी को एमपी में तीन पंचायतों के नाम बदल दिए गए थे। वहीं, अब मुख्यमंत्री ने राज्य के 11 गांवों के नाम बदलने का ऐलान किया है। सीएम मोहन यादव ने शाजापुर के कालापीपल क्षेत्र में एक कार्यक्रम के दौरान, मोहम्मद पुर मछनाई का नाम बदलते हुए मोहनपुर तो ढाबला हुसैनपुर का नाम बदलजर ढाबला राम कर दिया है।

जेडीए की मकर संक्राति के पावन पर्व पर आमजन को सौगात

# पटेल नगर आवासीय योजना के ऑनलाईन आवेदन आज से प्रारम्भ

## 270 भूखण्डों का लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा आवंटन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मकर संक्राति के पावन पर्व पर आमजन को जोन-10 में पटेल नगर आवासीय योजना (खोरी रोपाडा) में 270 भूखण्डों के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। योजना का (रेरा रजिस्ट्रेशन नं. RAJ/P/2023/2588) है। आवासीय योजना के आवेदन की प्रारम्भ तिथि 14 जनवरी, 2025 से 13 फरवरी, 2025 तक निर्धारित की गई है। उक्त योजना की लॉटरी 24 फरवरी, 2025 को निर्धारित की गई है।

जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में एम.आई.जी. वर्ग को आवास का सपना साकार करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर की प्रमुख लोकेशन पर पटेल नगर आवासीय योजना में श्रेणियों के 270 भूखण्डो का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।

जेडीसी ने बताया कि जोन-10 में खोरी-रोपाडा, हैरिटेज सिटी (दक्षिणी रिंग रोड एवं खातीपुरा रेल्वे स्टेशन के समीप) में पटेल नगर आवासीय योजना विकसित की गई है। योजना में आवेदन 14 जनवरी से प्रारम्भ है एवं अन्तिम तिथि 13 फरवरी है। योजना में 270 भूखण्ड हैं। पटेल नगर आवासीय योजना की लॉटरी 24 फरवरी को निकाली जायेगी। उक्त योजना में 76-120 व. मी. तक के भूखण्डों की संख्या 138 एवं 121-220 वर्ग मीटर तक के भूखण्डों की संख्या 132 है। योजना की आरक्षित दर रूपये 18,000 है।




# जेडीए में ई-पास सेवा सोमवार से हुई प्रारम्भ, 300 ई-पास हुए जनरेट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने आगंतुकों और आमजन की सुविधा के लिए ऑफलाइन पास के साथ-साथ ऑनलाइन विजिटिंग पास की सुविधा सोमवार से प्रारम्भ कर दी गई है। जिससे आमजन जेडीए में आसानी से प्रवेश ले रहे हैं। सोमवार को ई-पास सेवा का लाभ लेते हुए जेडीए आने वाले आगन्तुकों/आमजन द्वारा 300 ई-पास बनवाये गये। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि इस नई ई-पास व्यवस्था से आगंतुक बिना जेडीए कार्यालय आए, अपने घर या कार्यालय से ही ऑनलाइन पास बनवा सकते हैं। पास बनवाने के लिए जविप्रा की वेबसाइट www.jda.rajasthan.gov.in पर दिए गए विकल्प 'online ePass' का उपयोग किया जा सकता है। आवेदकों को केवल कुछ साधारण जानकारियां (नाम एवं मोबाईल नं.) उपलब्ध करवानी होंगी। इसके बाद वैरिफिकेशन हेतु ओटीपी प्राप्त होगा और सफल वैरिफिकेशन के बाद पास बनने संबंधी संदेश आवेदक के मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा, जिसमें एक लिंक भी होगा, जिस पर सिंगल क्लिक करके पास डाउनलोड किया जा सकेगा। यदि कोई व्यक्ति ऑनलाइन पास बनवाने में असमर्थ है या बिना ऑनलाइन पास बनाए जेडीए कार्यालय पहुंच चुका है, तो वह नागरिक सेवा केंद्र और पार्किंग बिल्डिंग में स्थित जन सुनवाई पंजीकरण केंद्र में भी पास बनवा सकता है। पास बनाने का समय प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक रहेगा। इस नई व्यवस्था से जेडीए में आमजन के लिए प्रवेश सुगम हो गया है। जिससे जेडीए में आमजन से जुड़े कार्य त्वरित गति से निस्तारित हो रहे है।

गणतंत्र दिवस की तैयारियां तेज

# उदयपुर में ध्वजारोहण करेंगे सीएम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** पूरे देश में 26 जनवरी को 76वां गणतंत्र दिवस मनाया जाने वाला है। इसकी तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। राजस्थान में भी इसके लिए विशेष तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार राजस्थान में राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन झीलों की नगर उदयपुर में आयोजित होने वाला है। जिसमें सीएम भजनलाल शर्मा हिस्सा लेने वाले हैं। उदयपुर में राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस के लिए सीएम भजनलाल शर्मा ने खुद अधिकारियों को निर्देश देकर इसके भव्य आयोजन करने को कहा है। वहीं अलग-अलग जिलों में ध्वजारोहण के लिए मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है।

### 24 जिलों की सूची जारी

दिया कुमारी-जयपुर, प्रेमचंद बैरवा-भरतपुर, किरोड़ी लाल मीणा-सवाई माधोपुर, गजेंद्र सिंह-फलौदी, राज्यवर्धन राठौड़-दौसा, मदन दिलावर-कोटा, कन्हैया लाल-टोंक, जोगाराम पटेल-जोधपुर, सुरेश सिंह रावत-अजमेर, अविनाश सिंह रावत-ब्यावर, सुमित गोदारा-बीकानेर, जोराराम कुमावत-पाली, बाबूलाल खराड़ी-डूंगरपुर, हेमंत मीणा-प्रतापगढ़, संजय शर्मा-अलवर, गौतम कुमार-चित्तौड़गढ़, झाबर सिंह खर्रा-सीकर, हीरालाल नागर-बूंदी, ओटाराम देवासी-सिरोही, मंजू बाघमार-नागौर, विजय सिंह-भीलवाड़ा, कृष्ण कुमार केके विश्नोई-बाड़मेर, जवाहर सिंह बेढ़म-डीग, जागेश्वर गर्ग-जालोर।

'सर्जिकल साइट इंफेक्शन' की रिपोर्ट में खुलासा

# हर साल 15 लाख लोग होते इंफेक्टेड

## दिल्ली एम्स और अन्य मशहूर हॉस्पिटल के तीन हजार 90 मरीजों की सर्जरी के बाद की गई स्टडी



**नई दिल्ली।** 'सर्जिकल साइट इंफेक्शन' की रिपोर्ट के मुताबिक सर्जरी के बाद होने वाले इंफेक्शन के कारण हर साल करीब 15 लाख लोग इंफेक्शन का शिकार हो जाते हैं। आईसीएमआर की स्टडी के मुताबिक दिल्ली के एम्स और मशहूर हॉस्पिटल ने तीन हजार 90 मरीजों की सर्जरी के बाद हुई स्टडी में खुलासा हुआ है। इस स्टडी के मुताबिक आर्थोपेडिक सर्जरी के इंफेक्शन के करीब 54 फीसदी मामले सामने आए हैं। सर्जरी के बाद होने वाले इंफेक्शन को सर्जिकल साइट इंफेक्शन कहा जाता है। इस पर कंट्रोल करने के लिए एक खास नेटवर्क लॉन्च किया गया है। हॉस्पिटल में इस तरह के इंफेक्शन को रोकने में मदद की जा सकती है। स्टडी में पता चला कि दो घंटे से ज्यादा चलने वाली सर्जरी के बाद एसएसआई का रिस्क काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इस इंफेक्शन के कारण शरीर में कई सारी बीमारियों का रिस्क बढ़ जाता है।

### » कब होता सर्जिकल साइट्स इंफेक्शन

सर्जरी के दौरान लगाए गए कट के कारण बैक्टीरिया का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इसके कारण 'सर्जिकल साइट्स इंफेक्शन' का रिस्क काफी ज्यादा बढ़ जाता है। सर्जरी के बाद इंफेक्शन का खतरा भी उन लोगों को काफी ज्यादा होता है जिनकी इम्युनिटी कमजोर होती है। साथ ही जिन लोगों की सर्जरी के बाद ठीक से देखभाल नहीं होती है उन्हें इंफेक्शन का खतरा काफी ज्यादा होता है।

### » सर्जिकल साइट इंफेक्शन के लक्षण

जिस जगह सर्जरी हुआ है अगर वहां सूजन हो जाए तो इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इंफेक्शन के कारण सर्जरी वाली जगह पर दर्द हो सकता है। इंफेक्शन के कारण सर्जरी से पस निकल सकता है। सर्जरी वाले हिस्से में दर्द के साथ बुखार रहता है

### » कैसे किया जाता इलाज

इस तरह के इंफेक्शन में एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर पस निकल रहा है तो इसे पूरी तरह निकालना जरूरी है नहीं तो इंफेक्शन काफी बढ़ सकता है। अगर आपने हाल की में सर्जरी कराई है और सर्जरी वाले स्थान पर दर्द बना हुआ है और सूजन आ रही है तो इस मामले में लापरवाही न करें और तुरंत डॉक्टरों से सलाह लें।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65, फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com